माघ शुक्ल पक्ष, दशमी
विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 19 फरवरी 2024
वर्ष - 2, अंक -194 , पृष्ठ -16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य - 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

अयोध्या

एक सम्पूर्ण अखबार



पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा 16

यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज 15

- उद्योगपति, राजदूत, उच्चायुक्त समेत दुनिया की करीब 4000 हस्तियां होंगी शामिल
- आज से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा, धरा पर उतरेंगे निवेश
- लखनऊ सज-धज कर तैयार, मुख्य सड़कों और चौराहों का कोना-कोना दमक रहा

# सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में राजधानी

अजय दयाल, लखनऊ

**अमृत विचार** : बस कुछ घंटों का इंतजार और लखनऊ सजधज कर तैयार है। राजधानी की धरा मानों दोनों हाथ फैलाकर सितारों के जमीं पर उतरने के इंतजार में हो। शहर की मुख्य सड़कों का कोना-कोना दमक रहा है। उत्सव मनाने से पहले पसरी सुखद शांति का एहसास हो रहा है। देशी-विदेशी हस्तियों के बीच सोमवार से शुरु हो रहा राज्य सरकार का ग्रैंड-शो तीन दिन चलेगा।

मुख्य सड़कों पर स्ट्रीट लाइट के खंभों को फूलों की माला व झालरों की लड़ियों से सजाया गया है। सड़कों के दोनों तरफ लगी डिजायनर ग्रिल्स का रंग-रोगन किया गया है। फुटपाथ गमलों और महंगे व दुर्लभ प्लांट्स से शोभायमान हैं। सड़क पर सरपट दौड़ते वाहन और लोग इस कदर चकाचौंध को देखकर ठिठक जा रहे हैं। व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने को एक दर्जन महकमों के आला अफसर व अधीनस्थकर्मी दिन-रात एक किए हुए हैं।

हजरतगंज, गोमती नगर जैसे पॉश इलाके हों या पुराना शहर हर जगह ग्राऊंड ब्रेकिंग सेरेमनी का संदेश देतीं होर्डिंग्स राहगीरों का ध्यान खींच रही हैं।

मोदी-योगी की तस्वीरों के साथ इन होर्डिंग्स पर आयोजन के कार्यक्रम दर्ज हैं। पीएम मोदी के बड़े-बड़े जीवंत सरीखे कटआऊट्स, मानों हर आते-जाते का अभिवादन कर रहे हों।

मुख्य बाजारों, चौराहों, स्थलों की सुरक्षा भी चाक-चौबंद है। हर जगह पुलिस की टुकड़ियां तैनात हैं। गश्त भी तेज है। इस सुरक्षा में गौर करने वाली बात यह है कि पुलिस संवेदनशील गतिविधियों पर नजर रखने के साथ मेहमानवाजी की भूमिका में भी कुछ अलग व्यवहार के साथ दिख रही है। रात का तो नजारा ही और है। मानों रामलला प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक और दीवाली मनाई जा रही हो। बड़े भवनों पर झालरों की चकाचौंध है।

### ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी-4



विद्युत झालरों से सजा राजधानी का चौराहा।

### प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य

उप्र. को वन ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में पूरे राज्य के लिए निवेश परियोजनाओं की शुरुआत होगी। सर्वाधिक 52 प्रतिशत परियोजनाओं की शुरुआत पश्चिमांचल में होगी। पूर्वांचल में 19 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाएं शामिल होंगी। सरकार अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये की निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारने जा रही है।

### प्रधानमंत्री आज संभल में करेंगे कल्कि धाम का शिलान्यास

**संभल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज संभल जनपद के ऐंचोडा कम्बोह में कल्कि धाम का शिलान्यास कर जनसभा को भी संबोधित करेंगे। कार्यक्रम के मद्देनजर कड़े सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। प्रधानमंत्री का स्वागत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। प्रधानमंत्री सुबह 10.25 बजे ऐंचोडा कम्बोह पहुंचेंगे। 10.30 बजे शिलान्यास के बाद 10.45 बजे सभा मंच पर पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री व आचार्य प्रमोद कृष्णम के बाद प्रधानमंत्री सभा को संबोधित करेंगे। संभल से 11.40 बजे हेलीकॉप्टर से बरेली के लिए उड़ान भरेंगे।

### प्रधानमंत्री सवा घंटे लखनऊ में, रक्षामंत्री रहेंगे साथ

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को लगभग सवा घंटे लखनऊ में रहेंगे। वे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में 19 से 21 फरवरी तक चलने वाली तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी की शुरुआत करेंगे। वह दोपहर 1.45 से 3 बजे तक कार्यक्रम में रहेंगे। औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी प्रधानमंत्री का स्वागत करेंगे। हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी यहां उप्र. में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों पर विचार रखेंगे। रक्षामंत्री और लखनऊ से सांसद व रक्षामंत्री राजनाथ सिंह भी विचार रखेंगे। मोदी को राज्य सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

### उद्योग जगत के महारथियों का होगा जमावड़ा

तीन दिवसीय ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन, रिलायंस के अध्यक्ष मुकेश अंबानी, अदानी ग्रुप के अध्यक्ष गौतम अडानी, आदित्य बिरला ग्रुप के अध्यक्ष कुमार मंगलम बिड़ला, आईटीसी के अध्यक्ष संजीव पुरी, भारती एंटरप्राइजेज के अध्यक्ष सुनील भारती मित्तल, महिंद्रा एंड महिंद्रा के अध्यक्ष आनंद महिंद्रा शामिल होंगे। अपोलो हॉस्पिटल के वाइस चेयरपर्सन शोभना, गोदरेज ग्रुप के निदेशक फिरोज शाह गोदरेज, हिंदुजा ग्रुप सैमसंग इंडिया के एमडी अशोक लीलैंड जैसे तमाम बड़े उद्योगपति भी यहां रहेंगे।

# जैन मुनि विद्यासागर ने सल्लेखना कर देह त्यागा

राजनांदगांव, एजेंसी



- चंद्रगिरि तीर्थ में छह माह से रह रहे थे, कुछ दिनों से थे बीमार

जाने-माने जैनमुनि आचार्य विद्यासागर महाराज ने छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले के डोंगरगढ़ स्थित 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके रविवार को देह त्याग दी। चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी एक बयान के अनुसार सल्लेखना जैन धर्म में एक प्रथा है, जिसमें देह त्यागने के लिए स्वेच्छा से अन्न-जल का त्याग किया जाता है। छत्तीसगढ़ सरकार ने रविवार को आधे दिन के राजकीय शोक की घोषणा की है। मुख्यमंत्री कार्यालय ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व प्रसिद्ध दिगंबर जैन संत परंपरा के आचार्य विद्यासागर महाराज जी का आज निधन हो गया उन्हें वर्तमान समय का वर्धमान कहा जाता है। राजकीय शोक के दौरान राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा और कोई भी सरकारी समारोह या कार्यक्रम आयोजित नहीं किए जाएंगे। जैनमुनि के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सहित अन्य हस्तियों ने शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की है।

चंद्रगिरि तीर्थ की ओर से जारी बयान के अनुसार, आचार्य विद्यासागर ने देर रात 2:35 बजे 'चंद्रगिरि तीर्थ' में 'सल्लेखना' करके देह त्याग दी। महाराज जी डोंगरगढ़ में 'चंद्रगिरि तीर्थ' में छह माह से रह रहे थे और पिछले कुछ दिनों से बीमार थे। तीन दिन से वह सल्लेखना का पालन कर रहे थे और उन्होंने अन्न-जल का त्याग किया हुआ था। उनका अंतिम संस्कार 'चंद्रगिरि तीर्थ' में किया गया। पिछले वर्ष छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पांच नवंबर को डोंगरगढ़ गए थे और आचार्य से मुलाकात की थी।




# टाल-मटोल की नीति न अपनाए केंद्र

चंडीगढ़, एजेंसी

किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल ने केंद्रीय मंत्रियों के साथ रविवार को यहां बातचीत से पहले कहा कि केन्द्र सरकार को टाल-मटोल की नीति नहीं अपनानी चाहिए और आचार संहिता लागू होने से पहले किसानों की मांगें माननी चाहिए।

लोकसभा चुनाव की घोषणा अगले माह की जा सकती है। फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की कानूनी गारंटी और कृषि ऋण माफी सहित विभिन्न मांगों को लेकर हजारों किसान पंजाब और हरियाणा की सीमा पर शंभू और खनौरी में डटे हुए हैं तथा उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में प्रवेश से रोकने के लिए बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। डल्लेवाल ने शंभू सीमा पर संवावदाताओं से कहा कि हम सरकार से कहना चाहते हैं कि वह टाल-मटोल की नीति न अपनाए। अगर सरकार को लगता है कि वह आचार संहिता लागू होने तक बैठकें जारी रखेगी और फिर कहेगी कि आचार संहिता लागू हो गई है और हम कुछ नहीं कर सकते ....(फिर भी) किसान वापस नहीं लौटेंगे। एक अन्य किसान नेता सुरजीत सिंह फूल ने केंद्र पर हिरासत में लिए गए किसानों को रिहा करने और पंजाब के कुछ क्षेत्रों में इंटरनेट सेवाओं को बहाल करने के आश्वासन को पूरा नहीं करने का आरोप लगाया।

### केंद्रीय मंत्रियों-किसानों के बीच चौथे दौर की वार्ता शुरू

केंद्रीय मंत्रियों और किसान नेताओं के बीच रविवार शाम को चंडीगढ़ में चौथे दौर की बातचीत शुरू हो गई। केंद्रीय कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय किसान नेताओं के साथ बैठक के लिए सेक्टर-26 स्थित महात्मा गांधी राज्य लोक प्रशासन संस्थान पहुंचे। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी बैठक में शामिल हुए हैं। इससे पहले आठ, 12 और 15 फरवरी को बातचीत बेनतीजा रही थी।

- किसान नेताओं की सरकार से अपील-किसानों की मांगें माने

## झारखंड में भी होगा जाति आधारित सर्वेक्षण

**रांची।** झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने पड़ोसी राज्य बिहार की तर्ज पर राज्य में जाति-आधारित सर्वेक्षण को हरी झंडी दे दी है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने रविवार को कहा कि मुख्यमंत्री ने कार्मिक विभाग को एक मसौदा तैयार करने और इसे मंजूरी के लिए मंत्रिमंडल के समक्ष रखने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि अगर सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो लोकसभा चुनाव के बाद कवायद शुरू हो जाएगी। सर्वेक्षण का संकेत देते हुए मुख्यमंत्री ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी।

# कांग्रेस से देश को बचाना, हर भाजपा कार्यकर्ता का कर्तव्य

नई दिल्ली, एजेंसी

- भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में बोले प्रधानमंत्री मोदी
- भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए पांच वर्ष अहम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के करोड़ों कार्यकर्ताओं को अगले सौ दिनों में हर नए मतदाता तक पहुंचने और उन्हें विकसित भारत के संकल्प से अवगत कराने का आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस में विकास का सामर्थ्य नहीं है और वह देश को अस्थिर करने की नई-नई साजिश रच रही है इसलिए प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता का यह कर्तव्य है कि देश और देश के हर नागरिक को कांग्रेस से बचाना है। मोदी ने राजधानी के प्रगति मैदान स्थित भारत मंडपम में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन-2024 को संबोधित करते हुए यह आह्वान किया और कहा कि कांग्रेस अस्थिरता, परिवारवाद, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण की जननी है और इसीलिए वह देश में अस्थिरता पैदा करने की साजिश रचने में लगी है।

प्रधानमंत्री ने दो दिन तक चले इस अधिवेशन के समापन अवसर पर देश भर से आए करीब 12 हजार प्रतिनिधियों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि आज 18 फरवरी है और इस दौर में जो युवा 18 साल के हो गए हैं, वे देश के 18वें लोकसभा चुनाव में वोट करेंगे. अगले 100 दिनों में आपको हर नए मतदाता से जुड़ना है, हर लाभार्थी, हर वर्ग, हर समुदाय और हर धर्म को मानने वाले हर व्यक्ति तक पहुंचना है।

लोकसभा चुनाव जीतने के बाद अगले पांच वर्षों में भारत के विकसित भारत की ओर एक बड़ी छलांग लगाने की विवेचना करते हुए मोदी ने दोहराया कि पिछले 10 वर्षों में भारत ने अभूतपूर्व गति हासिल की है।

कहा कि हमें भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है और इसमें अगले 5 साल अहम भूमिका निभाएंगे। इसके लिए पहले से अधिक तेज गति से काम करना होगा। प्रधानमंत्री ने भाजपा की सत्ता में वापसी पर जोर देते हुए कहा कि आज विपक्षी भी राजग सरकार के 400 का आंकड़ा पार करने के नारे लगा रहे हैं और राजग को 400 पार करने के लिए, भाजपा को 370 के मील के पत्थर को पार करना होगा।



भाजपा राष्ट्रीय परिषद की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व अन्य नेता।

### दूसरे देश भी जानते हैं...आएगा तो मोदी ही

प्रधानमंत्री ने दोहराया कि कई देश हमारी सरकार से चर्चा के लिए जुलाई, अगस्त और सितंबर की तारीखें मांग रहे हैं। इसका मतलब क्या है? इसका मतलब है कि दुनिया भर के विभिन्न देश भाजपा सरकार की वापसी को लेकर पूरी तरह आश्वस्त हैं। वे यह भी जानते हैं कि... आएगा तो मोदी ही। मोदी ने कहा कि अस्थिरता, वंशवाद की राजनीति, भ्रष्टाचार और तुष्टीकरण का स्रोत होने का कांग्रेस का पुराना 'ट्रैक रिकॉर्ड' है। प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कांग्रेस के पास विकास के एजेंडे और भविष्य के लिए रोडमैप का अभाव है। कांग्रेस इतनी हतोत्साहित हो गई है कि वह वैचारिक और बौद्धिक विरोध का साहस खो चुकी है।

### एक नजर

### सलीम शेरवानी का सपा महासचिव पद से इस्तीफा

**लखनऊ।** स्वामी प्रसाद मौर्य के बाद सपा के एक और राष्ट्रीय महासचिव सलीम शेरवानी ने भी रविवार को पद से इस्तीफा दे दिया। बदायूं से पांच बार सांसद रहे पूर्व केंद्रीय मंत्री सलीम इकबाल शेरवानी राज्यसभा टिकट न मिलने से नाराज बताए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार किसी और दल में वह अपना भविष्य तलाश रहे हैं। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को लिखे गए पत्र में उन्होंने कहा है कि मुसलमानों की उपेक्षा से परेशान होकर पद से इस्तीफा दे रहा हूं।

### प्रधानमंत्री के दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बढ़ाई

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मंगलवार को जम्मू दौरे से पहले कश्मीर में सुरक्षा बलों को सतर्क कर दिया गया है। अधिकारियों ने रविवार को यहां बताया कि पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बल शहर और उसके आसपास दर्जनों स्थानों पर वाहनों की जांच कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि भले ही प्रधानमंत्री जम्मू क्षेत्र का दौरा करेंगे, लेकिन घाटी में सुरक्षा एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है, ताकि आतंकवादी किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम न दे सकें।

# टाइमर बोतल बम बनवाने वाली इमराना गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मुजफ्फरनगर से चार बम के साथ पकड़े गए जावेद ने पूछताछ में दी थी जानकारी
- एटीएस और अन्य सुरक्षा एजेंसियां कर रहीं पूछताछ, झाड़-फूंक का करती है काम


**अमृत विचार** : टाइमर बम तैयार कराने वाली इमराना को मुजफ्फरनगर से शनिवार को एसटीएफ ने गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर से ही चार टाइमर बोतल बम (आईईडी) के साथ जावेद नाम के युवक को पकड़ा गया था। उसने कबूला था कि इमराना नाम की महिला के कहने पर टाइमर बम बनाया था। एटीएस और दूसरी खुफिया एजेंसियां इमराना से पूछताछ कर रही हैं।

केंद्रीय खुफिया एजेंसी की सूचना पर एसटीएफ ने इमराना को कोतवाली नगर थाना क्षेत्र के प्रेमपुरी स्थित घर से दबोचा। उसने बताया कि वह निरमाना, थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है। उसकी शादी करीब 30 वर्ष पहले आजाद निवासी बन्तीखेड़ा, थाना बावरी, जनपद शामली से हुई थी। लगभग 20-22 वर्षों से पति के साथ मोहल्ला प्रेमपुरी काली नदी के पुल के पास मुजफ्फनगर में रह रही है। बन्तीखेड़ा स्थित ससुराल में आती-जाती रहती है। वहां झाड़-फूंक व दवाई देने का काम करती है।

### झगड़े व दंगे में काम आने को बनवाया था टाइमर बम



इमराना के मुताबिक, वर्ष 2013 में मुजफ्फरनगर में दो समुदायों के बीच झगड़ा हो गया था। दूसरे समुदाय के लोगों ने उसका घर जला दिया था। इसके बाद उसने जावेद से कुछ बम बनवाए थे। ताकि आगे कोई मामला हो तो उसमें काम आए। बम उसने काफी समय पहले अपने मिलने वाले कुछ लोगों को दे दिए थे। करीब 15 दिन पहले उसने जावेद से 10 बम बनाने के लिए कहा था। सोचा था कि कोई झगड़ा व दंगा होगा तो काम आएगा।



### 12-13 वर्ष पहले भी जावेद से बनवाए थे दो बम

इमराना ने बताया कि करीब 20 वर्ष पहले से वह जावेद को जानती है। उसके पिता जरीफ अहमद हकीम थे, वह दवाई लेने उनके घर आती-जाती थी। जावेद उसे वहीं पर मिला था। जावेद के चाचा अर्शी लाइसेंस पर पटाखे बनाते थे। जावेद भी उनके साथ काम करता था। 12-13 वर्ष पहले उसने जावेद से दो बम बनवाए थे।

# 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज गिरफ्तार

### सिपाही भर्ती परीक्षा

- परीक्षा से पहले प्रश्न पत्र दिलाने को ले रहे थे 10-12 लाख रुपये

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार** : उप्र पुलिस में सिपाही के 60,244 पदों के लिए होने वाली परीक्षा को बेदाग संपन्न कराने में जुटी एसटीएफ और पुलिस ने रविवार को भी सॉल्वर गैंग और जालसाजों को दबोचा। परीक्षा में शाम 6 बजे तक 15 जिलों में 54 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। वहीं, डीजीपी कार्यालय की ओर से दी गई सूचना के मुताबिक, 15 से 18 फरवरी शाम 6 बजे तक परीक्षा में सेंधमारी की कोशिश में 244 सदस्यों की गिरफ्तारी की गई है।



लखनऊ में एक केंद्र पर सूची में अपना नाम देखते अभ्यर्थी।

### बायोमेट्रिक में नहीं मैच हुए अंगूठे के निशान

रामपुर में परीक्षा के दौरान बायोमेट्रिक में अंगूठे के निशान मैच नहीं होने पर एक सॉल्वर को गिरफ्तार किया गया। वह अभ्यर्थी राजीव की जगह परीक्षा दे रहा था। सॉल्वर दिलीप बिहार के जिला जमोई थाना झाझा ग्राम खुरिप्रासा का है। इसके अलावा अलीगढ़ से एक, कानपुर से एक, अमरोहा से एक, बुलंदशहर से दो, गोरखपुर से दो, हाथरस से चार, मैनपुरी से तीन, वाराणसी से दो, फतेहगढ़ से एक पकड़ा गया है। एसटीएफ ने कुल छह को गिरफ्तार किया है।

### शिकोहाबाद में 14 सॉल्वर समेत दो पुलिसकर्मी भी दबोचे गए

रविवार को सबसे ज्यादा फिरोजाबाद में गिरफ्तारियां हुईं। यहां 14 सॉल्वर और जालसाज पकड़े गए। अकेले शिकोहाबाद थाना क्षेत्र में पकड़े गए नौ लोगों में दो पुलिसकर्मी भी बताए जा रहे हैं। इसमें एक 28 बटालियन पीएसी इटावा में नियुक्त बताया जा रहा है। दूसरे के फतेहपुर जिले में सिपाही के रूप में तैनाती की बात कही जा रही है।

### बलिया में 11 पकड़े गए, पेपर आउट कराने का झांसा देकर करते थे अभ्यर्थियों से सौदा

बलिया जिले में 11 लोग पकड़े गए हैं। इसमें तीन को एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इसमें उपेन्द्र यादव और मार्कन्डेय यादव बलिया व स्वतंत्र यादव मऊ जिले का निवासी है। तीनों प्रतियोगी परीक्षाओं में पेपर आउट का झांसा देकर अभ्यर्थियों से पैसा वसूलते थे। प्रयागराज से अभ्यर्थियों को ठगने वाले तीन जालसाजों को गिरफ्तार किया गया। ये अभ्यर्थियों को प्रश्न पत्र दिलाने के नाम पर 10-2 लाख रुपये लेते थे।

अनदेखी | पिछले वर्ष निर्माण के लिए ग्राम पंचायतों को मिली थी पहली किस्त

# किस्त लेने के बाद गुम हो गए अन्त्येष्टि स्थल

विशेष

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- न कार्यों का पता न ही खर्च का हिसाब, फंसी दूसरी किस्त

**अमृत विचार** : प्रदेश की ग्राम पंचायतों में पिछले वर्ष आवंटित अन्त्येष्टि स्थल धनराशि की पहली किस्त लेने के बाद से गुम हैं। गांवों में निर्माण हुआ या नहीं यह पता लगाना पंचायती राज निदेशालय के लिए मुश्किल है। आवंटित अन्त्येष्टि स्थलों के कार्यों की प्रगति पोर्टल पर नहीं है। इन्हीं कारणों से जिलों ने निर्माण की दूसरी किस्त निदेशालय से नहीं मांगी है। आशंका है कि कहीं धनराशि लेने के बाद पंचायतों ने निर्माण नहीं कराया या धनराशि मनमाने ढंग से खर्च की है। इसलिए पहली किस्त के उपभोग प्रमाण पत्र यानी खर्च धनराशि का हिसाब नहीं दे रहे हैं और बिना इसके निदेशालय दूसरी किस्त नहीं भेज पा रहा है। जो आगे लोकसभा चुनाव की आचार संहिता में मिलनी मुश्किल होगी और लापरवाही के कारण अन्त्येष्टि स्थल इस वर्ष अधूरे रह जाएंगे। जो पिछले वर्ष आवंटित हुए थे।

### बरेली ने 18 अन्त्येष्टि स्थलों की मांगी किस्त

प्रदेश में पिछले वर्ष एक हजार अन्त्येष्टि स्थलों का लक्ष्य मिला था। निर्माण की कुल लागत 24.36 लाख रुपये हैं। इसमें पहली किस्त में 75 प्रतिशत व दूसरी में 25 प्रतिशत धनराशि उपभोग प्रमाण पत्र के आधार पर मिलती है। इस योजना में बरेली की प्रगति ठीक है। जहां, 18 अन्त्येष्टि स्थलों का निर्माण कर दूसरी किस्त मांगी गई है। इसी तरह चंदौली ने एक, अमरोहा ने चार व सिद्धार्थ नगर ने दो व गौतमबुद्ध नगर ने किस्त मांगी है। जबकि शेष जिले के कार्यों का पता नहीं है।

अन्त्येष्टि स्थलों की दूसरी किस्त आवंटित होनी है। लेकिन, जिलों से मांग नहीं की गई है। कार्यों की प्रगति का पता नहीं है। सभी डीपीआरओ को चेतावनी देकर उपभोग प्रमाण पत्र मांगे हैं। मिलते ही जल्द दूसरी किस्त भेजी जाएगी।

– **राज कुमार**, निदेशक, पंचायती राज विभाग

### हिसाब देने का आज अंतिम दिन, डीपीआरओ होंगे जिम्मेदार

निदेशक पंचायती राज विभाग राज कुमार ने सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को पत्र लिखकर चेतावनी दी कि 19 फरवरी तक खर्च का हिसाब न देकर दूसरी किस्त नहीं मांगी तो अपूर्ण कार्यों की जिम्मेदारी संबंधित की होगी। साथ ही प्रगति विभागीय पोर्टल एमपीआर पर अपडेट करना होगा। इससे समीक्षा करने के साथ शासन को अवगत कराया जाएगा।

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —



# निवेश का महाकुंभ

**उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 19 फरवरी को होने जा रही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 प्रदेश और देश के आर्थिक प्रक्षेप पथ के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर होगा। ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0, भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था की ओर ले जाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी दृष्टि और उत्तर प्रदेश को 1 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की दृढ़ प्रतिबद्धता को प्रदर्शित करती है। जीबीसी 4.0 के जरिये 10 लाख करोड़ रुपए से अधिक के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतार कर प्रदेश सरकार राज्य के विकास में नई जान फूंकने, रोजगार के अवसर पैदा करने और भविष्य के विकास को प्रशस्त कर रही है।**

सूबे को विकास की नयी बुलंदियों की ओर ले जा रही योगी सरकार ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) 4.0 के जरिये नया इतिहास रचने जा रही है। यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 में प्राप्त निवेश प्रस्तावों को क्रियान्वित करने के लिए ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी) का आयोजन किया जा रहा है। जीबीसी 4.0 का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। लखनऊ के साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में निवेश परियोजनाओं के लिए जीबीसी 4.0 का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

इस बड़ी उपलब्धि को हासिल करने की ओर बढ़ रही योगी सरकार प्रदेश की विकास गाथा, वर्तमान उन्नति और भविष्य की संभावनाओं को प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों तक पहुंचायेगी। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित होने वाली इस तीन दिवसीय प्रदर्शनी में प्रदेश में एक्सप्रेसवे के विकास व संचालन और इनसे जुड़े टेक्नोलॉजिकल एडवांसमेंट्स, डिफेंस कॉरिडोर के अंतर्गत जारी विकास कार्यों तथा ईवी चार्जिंग स्टेशन की स्थापना व संचालन से जुड़े तमाम तथ्यों की जानकारी देने के उद्देश्य से यूपीडा द्वारा 75 स्क्वायर मीटर के वर्ग क्षेत्र में भव्य एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जायेगा। इसके माध्यम से प्रदेश की वर्तमान प्रगति के साथ ही भविष्य की संभावनाओं को दर्शाया जाएगा।

## उत्तर प्रदेश की विकासगाथा का प्रस्तुतीकरण

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन के अनुसार तैयार की गई कार्ययोजना को क्रियान्वित करते हुए यूपीडा द्वारा जीबीसी 4.0 के अंतर्गत एग्जिबिशन स्टॉल लगाया जा रहा है। यह कई मायनों में विशिष्ट होगा। प्रदर्शनी स्टॉल में एलईडी टेलीविजन, पी2 उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी वॉल, ब्रोशर व लीफलेट् जैसे विभिन्न माध्यमों के जरिये एक्सप्रेसवे, डिफेंस कॉरिडोर और ईवी चार्जिंग स्टेशनों के नवीनतम अपडेट के साथ राज्य में उपलब्ध विभिन्न अवसरों को प्रदर्शित किया जाएगा। यहां ऑडियो-विजुअल माध्यम से शॉर्ट फिल्मों (जो प्रदेश में एक्सप्रेसवे, डिफेंस निर्माण व ईवी चार्जिंग स्टेशंस के विकास व बदलते परिदृश्यों को शोकेस करेंगे) की स्क्रीनिंग, पॉलिसीज को हाइलाइट करने के लिए शॉर्ट क्लिपिंग्स को शोकेस किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त, यहां आकर्षक फ्लेक्स, बैनर तथा डिस्प्ले स्टैंडीज समेत विभिन्न माध्यमों के जरिये आने वाले लोगों को सभी संबंधित विषयों की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी। साथ ही, यहां आने वाले इन्वेस्टर्स को डायरी, स्मृति चिह्न और 8 जीबी का अच्छी गुणवत्ता वाला ड्राइव कार्ड भी प्रदान किया जाएगा।

## ओडीओपी प्रदर्शनी

जनपदों में होने वाले जीबीसी 4.0 आयोजन के दौरान वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। जीबीसी 4.0 के आयोजन के वक्त होने वाले नये निवेश के लिए भी लैंड फैसिलिटेशन की सुविधा होगी। जनपदों में होने वाले आयोजन के दौरान निवेशकों और स्थानीय उद्यमियों के सामने 'उद्यम प्रदेश' के रूप में तब्दील होते नए यूपी की झलकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। इतना ही नहीं राजधानी लखनऊ में आयोजित हो रहे ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के मुख्य कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी सभी जिलों में आयोजित समारोह के दौरान किया जाएगा।










## पश्चिमांचल बना प्रदेश में निवेश का हॉट स्पॉट

- जीबीसी 4.0 के माध्यम से पश्चिमांचल में कुल लक्ष्य के 50 प्रतिशत से ज्यादा परियोजनाओं का शुभारंभ
- गाजियाबाद में 6000 करोड़ रुपये से स्वदेशी इंडस्ट्रियल पार्क प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 5 हजार रोजगार सृजन
- मुरादाबाद में हिंद टर्मिनल (शराफग्रुप) द्वारा लॉजिस्टिक एवं वेयरहाउसिंग में 1250 करोड़ रुपये का निवेश, 1250 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- अमेठी में वरुण बेवरेजेस द्वारा 780 करोड़ रुपये से फूड प्रॉसेसिंग में निवेश
- मून बेवरेजेस लि. द्वारा हापुड़ में 756 करोड़ रुपये से कोक, फैंटा, लिमका, स्पाइस, थम्सअप, किनले सोडा, माजा और रिमझिम जैसे प्रोडक्ट्स का उत्पादन
- मेरठ में विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल स्टेट द्वारा 626 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 6570 लोगों के लिए रोजगार के अवसर
- एटा में श्री सीमेंट नॉर्थ इंडिया द्वारा 600 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- बुलंदशहर में कनोडिया सीमेंट लि. द्वारा 452 करोड़ रुपये से नॉन मेटेलिक मिनरल प्रोडक्ट्स की मैन्युफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना
- मेरठ में मानसरोवर इंफ्राबिल्ड द्वारा 265 करोड़ रुपये से प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की स्थापना, 10 हजार से अधिक लोगों को मिलेगा रोजगार
- आरके लक्ष्मी लॉजिस्टिक द्वारा संत कबीरनगर में लॉजिस्टिक एंड वेयरहाउसिंग में 250 करोड़ रुपए का निवेश

## पूर्वांचल का विकास

- पूर्वांचल के चंदौली में 7 हजार करोड़ रुपए से सॉलिड प्लाई प्रा. लि. द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप का निर्माण
- 333 एकड़ में बनने वाली यह इंटीग्रेटेड टाउनशिप टूरिज्म पॉलिसी 2022, लॉजिस्टिक पॉलिसी 2022, इंडस्ट्रियल पॉलिसी 2022, (नॉन पॉल्यूटिंग इंडस्ट्री) एजुकेशन, हेल्थ, हाउसिंग, पीएम आवास और ईओडब्ल्यू आदि से कवर
- चंदौली जिले में 6 हजार लोगों को रोजगार का सृजन
- जिले में वर्ल्ड ट्रेड सेंटर नोएडा डेवलपमेंट कंपनी द्वारा इंटीग्रेटेड टाउनशिप और मॉल्स का विकास, 12 हजार लोगों को रोजगार
- वाराणसी में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के तहत भारत हैवी इलेक्ट्रिकल्स 1325 करोड़ की लागत से इंडस्ट्रियल प्रोडक्ट्स का निर्माण
- एपेक्स वेलकेयर ट्रस्ट द्वारा 325 करोड़ रुपए से हॉस्पिटल और कॉलेज की स्थापना
- अनीता डिस्टलरी द्वारा बस्ती में 300 करोड़ से बायो फ्यूल सेक्टर के तहत एथेनॉल, ईएनए और बॉटलिंग डीडीजीएस का उत्पादन

## जीबीसी-4.0 एक नजर में

**10 लाख 23 हजार 531 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाएं धरातल पर उतरने को तैयार**

**500 करोड़ की 300 परियोजनाएं, 100 से 500 करोड़ की 895 परियोजनाएं, 10 से 100 करोड़ की 4,577 परियोजनाओं का शुभारंभ**

**निवेश परियोजनाओं में से 52% पश्चिमांचल में होंगी शुरू**

**आयोजन के दौरान पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड में क्रमशः 29%, 4% और 5% निवेश परियोजनाओं को समायोजित करने की तैयारी**

**10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश से राज्य भर में 34 लाख से अधिक मिलेंगी नौकरी**

**राज्य में 14,000 से अधिक परियोजनाएं क्रियान्वयन के लिए तैयार**

**ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए यूपीएसआईडीए ने 1.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई**

**कुल 79 हजार करोड़ रुपये की 43 निवेश परियोजनाओं के साथ सोनभद्र का विकास**

## बुंदेलखंड की बदली तस्वीर

- झांसी में रेल विकास निगम लि. द्वारा 2840 करोड़ रुपये की लागत से एलबीएस कोच और ट्रैक वर्क्स वर्कशॉप की स्थापना, 1500 से अधिक लोगों को रोजगार
- चित्रकूट के बारगढ़ में वरुण बेवरेजेस लि. द्वारा 1252 करोड़ रुपए से फूड प्रॉसेसिंग सेक्टर में निवेश, 1500 स्थानीय लोगों को रोजगार
- ललितपुर में एफएसकेफॉइल इंडिया प्रा. लि. द्वारा 250 करोड़ रुपए की लागत से मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में निवेश

ADVERTORIAL

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 6th to 12th (CBSE PATTERN NEW DELHI)
Add.: Near Police Booth No-4 Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

## एक नजर

### सिंचाई करने निकले युवक की नहर में डूब कर मौत

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** कोतवाली रुदौली के कूड़ा सादात गांव में खेत की सिंचाई करने निकले युवक की शारदा सहायक नहर में डूब कर मौत हो गई। रविवार की सुबह ग्राम कूढा सादात निवासी समुराज पुत्र राम प्रसाद शारदा सहायक नहर से खेत में सिंचाई करने के लिए नहर की पटरी पर जा रहा था। पैर फिसलने से भर कर चल रही नहर में डूब गया। भेलसर चौकी प्रभारी मनीष चतुर्वेदी ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। कोतवाल देवेंद्र सिंह ने बताया शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### वाहन की टक्कर से साइकिल सवार किशोरी घायल

**अयोध्या, अमृत विचार :** लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर रौनाही थाना क्षेत्र में साइकिल सवार एक किशोरी चार पहिया वाहन की टक्कर से घायल हो गई। घायल किशोरी 15 वर्षीय मंजू पुत्री राम महेश निवासी सुवरी थाना रौनाही को गंभीर हाल में एनएचआई एंबुलेंस के ईएमटी हुकुम सिंह ने जिला अस्पताल पहुंचाया है। हादसा सत्ती चौरा क्षेत्र में हुआ। घटना के समय किशोरी अपने बहनोई शंकर के घर मोहम्मदपुर से आ रही थी।

# अस्पताल में बिजली गुल, गहराया पानी का संकट, परेशान हुए मरीज


अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में रविवार को बिजली गुल होने के बाद वार्डों में अंधेरा छा गया। बिजली न होने के कारण पेयजल संकट गहरा गया। टॉयलेट्स व बॉथरूम की टोटियां सूखी नजर आईं, जिससे मरीज व तीमारदारों में घंटों हायतौबा मची रही। इमरजेंसी में इन्वर्टर के सहारे चल रहे सीएफएल में जुगनू जैसी लाइट चमक रही थी। आलम यह रहा कि दुर्घटना में घायल मरीज के परिजनों ने मोबाइल टॉर्च की मदद से इलाज करवाया।

जिला अस्पताल में इलेक्ट्रिक पैनल बदलने का कार्य चल रहा था। वार्डों में भर्ती मरीज व तीमारदारों ने बताया कि सुबह 11 बजे ही लाइट कट गई थी। इमरजेंसी से लेकर सर्जरी व मेडिकल वार्ड अंधेरे में गुप नजर आया। सबसे अधिक संकट पेयजल का रहा। शौच जाने के लिए भी मरीजों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। सर्जरी वार्ड में रामपुरभगन से आई राधिका ने बताया कि उनके मरीज का ऑपरेशन हुआ है। अंधेरा तो किसी तरह से कट गया, लेकिन पानी की कमी काफी खल रही है। तीमारदार अर्जुन ने बताया कि बाथरूम और टॉयलेट्स में पानी नहीं आ रहा। बिजली काटनी ही थी तो पानी पहले स्टोर कर लेना चाहिए था। अस्पताल में तीन बजे तक पैनल का कार्य जारी था, जिस कारण बत्ती नहीं आ सकी थी।

**जिला अस्पताल में पैनल बदलने के कारण काटी गई थी बिजली**


जिला अस्पताल के वार्ड में छाया अंधेरा।


सर्जरी वॉर्ड के समीप बने शौचालय के बाहर वाश बेसिन की टोंटी सूखी रही।


इमरजेंसी वार्ड के पास लगा आरओ में भी पानी नहीं आ रहा था।

### सीटी स्कैन मशीन का सर्वर ठप, जांच प्रभावित

जिला अस्पताल में बिजली कटने से ही पहले सीटी स्कैन मशीन का सर्वर ठप हो गया। कक्ष में मौजूद अटेंडेंट ने बताया कि सुबह से सिर्फ चार जांच ही हो सकी थी। उसके बाद सर्वर ठप हो गया। तकरीबन 11 बजे बिजली गुल हो गई, जिस कारण 15 मरीजों का अभी सीटी स्कैन नहीं हो सका है।

> इलेक्ट्रिक पैनल बदलने के लिए बिजली काटी गई थी। पैनल के लग जाने से व्यवस्था और मजबूत हो जाएगी। पानी की दिक्कतों की मुझे जानकारी नहीं है। अगर आप कह रहे हैं तो मैं दिखवा लेता हूं, लेकिन दो घंटे ही बिजली कटी थी। उससे पानी का कोई संबंध नहीं है। लेकिन कोई शिकायत नहीं आई। - डॉ. एनपी गुप्ता, सीएमएस, जिला अस्पताल

# अयोध्या में होगा सद्भावना सदन का निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला के दर्शन पूजन के लिए रामनगरी पहुंच रहे श्रद्धालुओं को विश्व स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध हों, इसके लिए यहां पर सद्भावना सदन का निर्माण कराया जाएगा। ये बातें जैन धर्मगुरु लोकेश मुनि ने कही।

वे रविवार को यहां अमेरिकी डेलीगेशन के साथ रामलला का दर्शन-पूजन करने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि प्रभु श्रीराम का जितना महत्व हिंदू परंपरा में है, उतना ही जैन परंपरा में भी है। बुद्ध और सिख परंपरा में भी रामलला का विशेष महत्व है। जैन धर्म में प्रभु राम का वही सम्मान है जो आदिनाथ ऋषभ और महावीर का है। उन्होंने कहा कि राम भारत की अस्मिता के प्रतीक हैं। अयोध्या जैन धर्म के चार तीर्थंकरों की भी जन्मभूमि है। इस दौरान उन्होंने कहा कि लोकेश सेवा सद्भावना ट्रस्ट अयोध्या में एक सद्भावना सदन का निर्माण करेगा। जिससे श्रद्धालुओं को विश्व स्तरीय सुविधाएं मिले। लोकेश मुनि ने कहा कि विलेज मोमेंट के प्रमुख डॉ. अनिल शाह के साथ में अयोध्या पहुंचा हूं। अयोध्या उसके आसपास के गांव में बुनियादी सुविधाएं कैसे बेहतर हों, इस पर विचार विमर्श किया जाएगा। अमेरिका से रामनगरी पहुंचे डॉ. अनिल शाह ने कहा कि मैं अयोध्या आया हूं, बहुत खुश हूं। उन्होंने कहा कि अयोध्या में पिछले चार महीने में जो प्रोग्रेस हुआ है उसे देखकर लगता है कि यहां के गांव को भी बढ़ावा मिलना चाहिए। 50 गांव में स्मार्ट विलेज के मॉडल पर बिजनेस लाइन और गांव को बढ़ाया जाएगा।


राम मंदिर में दर्शन-पूजन के बाद बाहर आते जैन धर्मगुरु।

**अमेरिकी डेलीगेशन के साथ जैन धर्मगुरु ने किया रामलला का दर्शन**

### अच्छे उद्देश्य के साथ की गई यात्रा उपयोगी होती है : लोकेश मुनि

राहुल गांधी की यात्रा पर जैन धर्मगुरु लोकेश मुनीम ने कहा कि अगर यात्रा अच्छे उद्देश्य के साथ देश को जोड़ने और उसकी अखंडता के लिए की जा रही है तो ऐसी यात्राएं उपयोगी होती है। उन्होंने कहा कि यदि यात्राएं अलगाव पैदा करने के लिए हो समाज को बांटने और विखंडित पैदा करने के लिए हो तो धार्मिक क्षेत्र में हिंसा और घृणा का कोई स्थान नहीं है। राहुल गांधी के साथ ही देशवासियों से जैन धर्म गुरु ने अपील की भारत को कैसे वैभवशाली-गौरवशाली बनाया पूरी दुनिया में वसुदेव कुटुंबकम का हो संदेश।

# जिला और विधानसभा क्षेत्र स्तर पर आयोजित होगा जीबीसी

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** जिला प्रशासन ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के आयोजन को लेकर तैयारियां पूरी कर ली है। सोमवार को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित मुख्य कार्यक्रम के अलावा जिला स्तर पर आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार तथा विधानसभा स्तर पर कार्यक्रम आयोजित होना है, जिसमें लखनऊ में आयोजित समारोह का सजीव प्रसारण देखा जाएगा।

जिला प्रशासन की ओर से रविवार को बताया गया कि कार्यक्रम सुबह लगभग 10:30 बजे आयोजित होगा। जिलाधिकारी नितीश कुमार ने ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी 4.0 के सफल आयोजन के लिए नगर आयुक्त, मुख्य विकास अधिकारी, समस्त उपजिलाधिकारी गण, समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, समस्त अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत आदि विभाग के लोगों को जिम्मा दिया है। साथ ही आयुक्त कार्यालय के गांधी सभागार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत सदस्य एवं नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत अध्यक्ष तथा सदस्य गण व ब्लाक प्रमुख/ब्लाक विकास समिति के सदस्य और उद्यमियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं डीएम ने विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम के लिए रुदौली में तहसीलदार राजेश, मिल्कीपुर में प्रदीप कुमार, बीकापुर में तहसीलदार सोहावल विनोद, सदर में रामेश्वर प्रसाद और गोसाईगंज में तहसीलदार बीकापुर धर्मेंद्र को जिम्मा सौंपा है।

**कार्यक्रम का होगा सजीव प्रसारण**

### कमरे में फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** रौनाही थाना के सत्ती चौरा चौकी क्षेत्र अंतर्गत डेरामूसी गांव में रविवार को एक युवक का शव कमरे में फंदे से लटकता पाया गया है। मृतक की शिनाख्त वीर चंद्र उर्फ वीरू पुत्र मंशाराम रावत के रूप में हुई है। प्रधान प्रतिनिधि राजेश सिंह की सूचना पर फारेसिंक टीम के साथ पहुंचे चौकी प्रभारी अनुराग पाठक ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया। चौकी प्रभारी ने बताया कि शव लगभग चार व पांच दिन पुराना लग रहा है। मृतक के पिता और परिवार वालों से जानकारी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तमिलनाडु के बुजुर्ग श्रद्धालु की हुई मौत, एमपी की घायल महिला भर्ती

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामलला का दर्शन-पूजन करने आये एक तमिलनाडु प्रान्त निवासी बुजुर्ग श्रद्धालु की उपचार के दौरान मेडिकल कालेज में मौत हो गई, जबकि हादसे का शिकार एक महिला श्रद्धालु को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बताया गया कि तमिलनाडु प्रांत निवासी 70 वर्षीय रामासुरूपमनि अपने प्रांत के अन्य श्रद्धालुओं के साथ दर्शन पूजन के लिए अयोध्या आया था। शनिवार को सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद उसको दर्शननगर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान रविवार सुबह उसकी मौत हो गई। मेडिकल कालेज के चिकित्सक का कहना है कि एक साल पहले उसकी एंजियोग्राफी हुई थी। शव को मोर्चरी में रखवा पोस्टमार्टम के लिए मेमो पुलिस को भेजवाया गया है। उधर देर शाम अयोध्या कोतवाली क्षेत्र में ग्रीन फील्ड आवास योजना स्थित टेंट सिटी के पास एक महिला श्रद्धालु उधर से गुजर रही रोडवेज बस की चपेट में आकर घायल हो गई। घायल महिला श्रद्धालु 40 वर्षीय अनीता शर्मा पत्नी शिवकुमार शर्मा निवासी पास माल थाना पासमाल जिला बड़वानी मध्य प्रदेश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। श्रीरामदर्शन यात्रा के तहत वह एक दल के साथ आस्था ट्रेन से आज ही इंदौर से अयोध्या आई थी। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर आशीष पाठक ने बताया कि रोडवेज बस का पहिया चढ़ने से महिला का दाहिने पैर घायल हुआ है। उसे भर्ती किया गया है।

**सीने में तेज दर्द और अचानक तबियत बिगड़ने के बाद कराया गया था भर्ती**

## सार-संक्षेप


सम्मेलन में मौजूद पदाधिकारियों का हुआ स्वागत।

### पीडीए सम्मेलन में सपा ने भाजपा पर साधा निशाना

**बीकापुर, अयोध्या। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी द्वारा पीडीए सम्मेलन रविवार को गुंधौर गांव में समरजीत कोरी के नेतृत्व हुआ। अध्यक्षता जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव तथा संचालन नागेश्वर नाथ कोरी ने किया। मुख्य अतिथि समाजवादी बाबा साहब वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने की। इस मौके पर लोकसभा प्रत्याशी बनाए गए अवधेश प्रसाद भी उपस्थित रहे हैं। पूर्व जयशंकर पांडे, हाजी फिरोज खान उर्फ गब्बर, छोटे लाल यादव, संजय यादव, छेदी सिंह, महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष सरोज यादव ने सम्बोधित दिया। सभी ने भाजपा पर निशाना साधा।

### दुर्घटना सुरक्षा डाक बीमा का पोस्टर हुआ लॉन्च


दुर्घटना बीमा का पोस्टर लांच करते प्रवर डाक अधीक्षक।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डाक विभाग के इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक ने विशेष सामूहिक दुर्घटना सुरक्षा बीमा लॉन्च किया है। जिसमे महज 549 रुपए वार्षिक में पालिसी धारक को 10 लाख तक का दुर्घटना सुरक्षा लाभ मिल सकेगा। प्रवर डाक अधीक्षक एचके यादव ने इस योजना का पोस्टर लांच करते हुए कहा कि आईपीपीबी और आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस कम्पनी के मध्य हुए एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इस मौके पर आईपीपीबी मैनेजर चेतन जायसवाल, सहायक डाक अधीक्षक ओमेश्वर सिंह, डाक निरीक्षक राजेश्वर सिंह, अमित कुमार, अभिनव, गौरव, अभिषेक तिवारी, सत्येन्द्र प्रताप सिंह मौजूद रहे।

### तीन माह पूर्व हादसे में हुई थी भाई की मौत, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के महोबरा बाईपास के निकट तीन माह पूर्व हुए हादसे में भाई की मौत मामले में अब रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। पुलिस ने अज्ञात वाहन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तहकीकात शुरू कर दी है। पूराकलन्दर थाना क्षेत्र के गाँव सिडहिर नरसिंहपुर निवासी राम पाल यादव का कहना है कि 17 नवंबर 2023 को समय करीब शाम 7.30 के लगभग मेरे बड़े भाई धर्मपाल यादव दर्शन नगर से दवा लेकर वापस घर जा रहे थे। इसी दौरान जैसे ही महोबरा बाईपास के थोड़ा आगे पहुँचे थे कि किसी वाहन ने उनको टक्कर मार दी और मौके से भाग निकला। अज्ञात वाहन की टक्कर से भाई के सिर में चोट आई गंभीर रूप से घायल हो गए। जिला अस्पताल से रेफर किये जाने के बाद उनको लखनऊ मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। अंतिम संस्कार और किर्या कर्म से खाली होने के बाद शिकायत पुलिस को दी है। अयोध्या कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि शिकायत पर अज्ञात वाहन के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाते हुए दुर्घटना कर मौत कारित करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

### राजस्व निरीक्षक संघ की जिला कार्यकारिणी गठित


राजस्व निरीक्षक संघ की नवगठित कार्यकारिणी।

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** तहसील परिसर के सभागार में रविवार को उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसका नेतृत्व उत्तर प्रदेश राजस्व निरीक्षक संघ के मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार शुक्ला ने किया। कार्यकारिणी में प्रमुख रूप से जिला अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध अमरनाथ पांडे को चुना गया। इसके साथ-साथ बृजनाथ द्विवेदी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शोभाराम यादव कनिष्ठ उपाध्यक्ष, जयनारायण तिवारी जिला मंत्री, राजाराम संगठन मंत्री, राजेंद्र प्रताप सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया। सुरेश श्रीवास्तव को ऑडिटर नियुक्त किया गया। नवनिर्वाचित जिलाध्यक्ष ने कहा कि संगठन को मजबूत बनाने और संगठन को बढ़ाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।



रामकथा पार्क में शनिवार शाम भजन प्रस्तुत करतीं गायिका

# भजन की प्रस्तुतियों से महक रहा रामकथा पार्क

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामोत्सव में रामकथा पार्क में आयोजित भजन संध्या श्रध्दालुओं को विभोर कर रही है। शनिवार शाम प्रथम प्रस्तुति में गोरखपुर से विजय शंकर विश्व कर्मा ने अपनी प्रस्तुति कइला कइला हरि भजनवा, कइला प्रभु की सुमिरनवा बोला जयसियाराम से मंत्रमुग्ध किया। दूसरी प्रस्तुति कलाकार सुनिशा श्रीवास्तव की रही। सुनिशा ने भजन व लोकगायन द्वारा राम जी को अपनी प्रस्तुति समर्पित की। प्यारी राजधानी लागे, ये चमक ये दमक, आये रघुनंदन सजवा दो द्वार द्वार व मैं कहां बिठाऊं राम कुटिया छोटी सी ने श्रोताओं की खूब तालियां बटोरी। तीसरी प्रस्तुति शिवा उपाख्य शिवांग बाल्हेकर ने दी। बाल्हेकर ने एसी लागी लगन मीरा हो गई मगन, जहां जहां प्रभु का स्थल वहां वहां मैं जाऊं से छाप छोड़ी। संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के संयोजन में सुनिशा श्रीवास्तव, शिवांग बाल्हेकर व विजय शंकर को श्रीराम दरबार उकेरित स्मृति चिन्ह सामाजिक कार्यकर्ता विश्व प्रकाश रूपन ने सम्मानित किया। व्यवस्थापक वैभव मिश्र, अमित कुमार ने संगतकारों को सम्मानित किया।

# भक्ति पथ पर बाउंड्री के साथ गिरी फैंसी लाइट, एक घायल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** अयोध्या धाम में रविवार को भक्ति पथ पर बनी दुकानों के छज्जों पर बने भारी भरकम लोहे के एंगल से लगी फैंसी लाइट के गिरने से एक ठेले वाला घायल हो गया। कुछ श्रद्धालुओं को भी हल्की-फुल्की चोटें आईं हैं। घायल ठेले वाले को श्रीराम चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

रविवार सुबह करीब 8 बजे बंदरों के झुंड में आपसी लड़ाई के चलते छतों के छज्जों पर लोहे के एंगल में लोहे के तार पर लगी फैंसी लाइट अचानक टूट गई। जिससे भक्ति पथ पर ही पपीता बेच रहा ठेलावाला चपेट में आ गया। कुछ दर्शनार्थी भी आ गए। गनीमत रही कोई श्रद्धालु गंभीर रूप से चोटहिल नही हुआ। आनन फानन में स्थानीय दुकानदारों ने गंभीर हालत में घायल ठेले वाले सुशील सोनकर निवासी चकर्तीर्थ को श्रीराम हॉस्पिटल भेजा। इसके बाद दुकानदारों द्वारा फोन करने पर आई पुलिस ने जल्दी - जल्दी रास्ते के मलबे को हटवाया। कोतवाल मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि घायल का इलाज करा दिया गया है। मलबा हटा कर व्यवस्था सुचारू है। कोई समस्या नहीं है।


भक्तिपथ पर रविवार सुबह गिरी फैंसी लाइट (इनसेट में) एवं मलबा हटाते पुलिस कर्मी।

**रविवार सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ के दौरान हुआ हादसा, लापरवाही में का आरोप**

### निर्माण कार्य में हुई भारी गड़बड़ी के चलते हुआ हादसा

स्थानीय दुकानदार रामजी मिश्रा ने निर्माण करने वाले ठेकेदारों पर आरोप लगाया कि छज्जे के निर्माण में लगे मसालों में मिलावट की गई। किसी भी छज्जे में बिना सरिया के ही एंगल खड़ा कर दिया गया। उन्होंने कहा कि इसकी शिकायत पूर्व में कर दी गई थी।

**रामोत्सव** | **शास्त्रीय नृत्यों और लोक भजनों से सराबोर हुआ रामकथा पार्क**

# कोई आया सखी, फुलवरिया में...

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** रामोत्सव के तहत रामकथा पार्क में हो रहे सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से श्रद्धालु भक्तिमय माहौल में सराबोर हो रहे हैं। रविवार को कलाकारों ने भक्ति गीतों के साथ नृत्य की प्रस्तुतियों से लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपराह्न सत्र में उज्ज्वल शांडिल्य द्वारा रामकथा के बाद के सत्र में पहले अवधी लोकगायक अंकित उपाध्याय ने 'सांवरिया जय राम रघुबर की' गाकर शुरुआत की। अंबरीस चंद्र पांडेय ने 'कोई आया सखी, फुलवरिया में' भजन प्रस्तुत किया तो महिलाएं सहज भाव से उठकर नृत्य करने लगी। मिथिला में भी रामजी के सुदर्शन रूप पर न्योछावर स्त्रियों के भावों को 'पहुना के गरियाइया जिन' गाकर व्यक्त किया।

लखनऊ से आए कथक के प्रख्यात कलाकार राघवेंद्र प्रताप सिंह ने नृत्य नाटिका द्वारा मंच पर पुत्रेष्टि यज्ञ, चारों राजकुमारों के जन्म से लेकर सीता स्वयंवर तक का प्रसंग का मंचन कर लोगों का मन मोह लिया। ठुमक चलत राम चंद्र पर कलाकारों का ममत्व और धनुष भंग के पूर्व जनक जी की पीड़ा का सभी को भावुक कर गया। प्रतिमा यादव के दल ने पारंपरिक पचरा बाजन बजत बधाइयां गाया। इशिका त्रिपाठी के दल की नृत्य नाटिका ने त्रेता युग का अहसास कराया। पं.जितेंद्र पराशर के दल ने राधा कृष्ण के उदात्त प्रेम को मयूर कुटी में राधारानी के कृष्ण दर्शन को मयूर नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया। उर्मिला पांडे के दल ने रामजी के जीवन प्रसंगों को नृत्य नाटिका के माध्यम से प्रस्तुत किया। डा. जया राय के दल ने नृत्य नाटिका के माध्यम से 'हनुमान चालीसा' प्रस्तुत कर वाहवाही बटोरी। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक अतुल कुमार सिंह, दीपशिखा, सत्यप्रकाश समेत संतजन सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।


सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुत देते कलाकार।



### उच्चतर शिक्षा के तहत अवध विश्वविद्यालय को मिला 100 करोड़ का अनुदान

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय को प्रधानमंत्री उच्चतर शिक्षा अभियान के अन्तर्गत भारत सरकार उच्च शिक्षा विभाग की ओर से 100 करोड़ का अनुदान मिला है। उत्तर प्रदेश के छह विश्वविद्यालयों को मिलने वाले अनुदान में अवध विश्वविद्यालय का क्रम में पहला स्थान है। धनराशि मल्टी डिसप्लेनरी एजुकेशन रिचर्स यूनिवर्सिटी योजना के तहत प्रदान की गई है। इस उपलब्धि पर विवि की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल ने हर्ष व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 100 करोड़ की धनराशि विवि के इंफ्रास्टक्चर, डेवलपमेंट, रिनोवेशन, रिसर्च व विभिन्न प्रकार के प्रोग्राम सहित अन्य अकादमिक कार्यों के लिए इस्तेमाल की जायेगी। कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र ने बताया कि कुलपति के नेतृत्व में यह अनुदान विश्वविद्यालय को प्राप्त हुआ। इस अनुदान को प्राप्त करने के लिए आईक्यूएसी प्रकोष्ठ की ओर से प्रस्ताव तैयार किए गए और उसे सबमिट किया गया। आईक्यूएसी के समन्वयक डॉ. पीके द्विवेदी ने बताया कि कुलपति के सार्थक प्रयास से विवि को यह अनुदान प्राप्त हुआ।

## एक नजर

### संदिग्ध परिस्थितियों में कोयला गोदाम में लगी आग

**रुदौली, अयोध्या। अमृत विचार :** शहर के नयागंज मोहल्ले में घर में बने कोयला गोदाम में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। नयागंज मोहल्ला निवासी गिरजा शंकर कौशल के दो मकान हैं। उन्होंने एक मकान को एक मकान में कोयला गोदाम बना रखा है। रविवार सुबह जब कोयला गोदाम का ताला खोला तो गोदाम का कोयला जलता मिला। फायर ब्रिगेड ने स्थानीय लोगों की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गिरजाशंकर ने बताया कि आग से काफी नुकसान हुआ है। उन्होंने बताया कि तहरीर पुलिस को दी गई है। नयागंज पुलिस चौकी प्रभारी अश्वनी प्रताप सिंह ने बताया कि जांच की जा रही है।

### विवाहिता ने खाया सल्फास हालत गंभीर, रेफर

**अयोध्या, अमृत विचार :** जनपद के खंडासा थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर अमानीगंज निवासी एक विवाहिता ने घर में रखी सल्फास की दो गोली खा ली। हालत बिगड़ने के बाद उसे उसका पति शाम को जिला अस्पताल लेकर आया। हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने विवाहिता 51 वर्षीय देव कुमार पत्नी आलोक कुमार सिंह को दर्शन नगर मेडिकल कॉलेज रेफर किया है।

### चिकित्सा शिविर 21 को

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. प्रतिभा गोयल के निर्देश पर 21 फरवरी को नया घाट के महिला वृद्धाश्रम में महिलाओं का हेल्थ चेकअप कैंप लगाया जाएगा। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों की देखरेख में वृद्ध महिलाओं के हेल्थ का परीक्षण कर उन्हें दवा वितरित की जाएगी। अनुभूति एक प्रयास के तहत परिसर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य के विद्यार्थियों द्वारा अयोध्या के इस वृद्धाश्रम को गोद लिया गया है।

# पुलिस आरक्षी भर्ती : जिले में कुल 94 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

## दूसरे दिन 93 फीसदी ही हुए हाजिर, पहले दिन की अपेक्षा गैर हाजिर रहे ज्यादा

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** दो दिवसीय पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा 2024 जनपद में सकुशल निपट गई। इस परीक्षा में कुल आवेदन करने वाले 75648 अभ्यर्थियों में से कुल 94 फीसदी ने शिरकत की है। दूसरे दिन की परीक्षा में 93 फीसदी अभ्यर्थी ही शामिल हुए जबकि गैर हाजिर रहने वालों की तादात पहले दिन से ज्यादा रही। रविवार को साल फीसदी अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं आए। दो दिवसीय पुलिस भर्ती परीक्षा के सकुशल संपन्न होने पर अधिकारियों ने राहत की सांस ली है।

पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए जनपद से 75 हजार 648 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। शनिवार और रविवार को दो-दो पालियों में आयोजित इस परीक्षा के लिए जनपद में जिला मुख्यालय और आसपास कुल 38 परीक्षा केंद्र बनाये गए थे और प्रत्येक पाली में जिले के 18912-18912 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था। सभी परीक्षा केंद्रों पर एक-एक स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ केंद्र व्यवस्थापक, सहायक और कक्ष निरीक्षक की ड्यूटी लगाई गई थी। साथ ही प्रशासन ने नकल विहीन परीक्षा के लिए 15 मजिस्ट्रेट और 5 उड़न दस्ता गठित किया गया था। रविवार को दोनों पाली में परीक्षा केंद्रों पर उपनिरीक्षक के साथ पुलिस बल मुस्तैद रहा वहीं अधिकारी व एजेंसियों निगरानी में जुटी रहीं। जिलाधिकारी नितीश कुमार और एसएसपी राजकरन नय्यर ने परीक्षा केंद्रों पर पहुंच व्यवस्था का जायजा लिया।


पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा देकर केंद्र से निकलते अभ्यर्थी। अमृत विचार


शहर के एसएसवी परीक्षा केंद्र पर सुरक्षा और व्यवस्था में मुस्तैद पुलिस।

**प्रथम पाली**
- उपस्थित 17813 (94.18 प्रतिशत)
- अनुपस्थित 1099 (5.82 प्रतिशत)
- **सबसे अधिक अनुपस्थित :** माधव सर्वोदय इंटर कालेज रानी बाजार अमौना-65

**द्वितीय पाली**
- उपस्थित परीक्षार्थी 17362 (91.80 प्रतिशत)
- अनुपस्थित परीक्षार्थी 1550 (8.20 प्रतिशत)
- **सबसे अधिक अनुपस्थित :** माधव सर्वोदय महाविद्यालय मोकलपुर रानी बाजार-95

"पहली पाली में 18912 में 17813 (94.18 फीसदी ) उपस्थित और 1099 (5.81 फीसदी) गैरहाजिर रहे, जबकि दूसरी पाली में 18912 में से 17362 (91.80 फीसदी) अभ्यर्थी उपस्थित व 1550 (8.20 फीसदी) गैर हाजिर रहे। दूसरे दिन कुल 35175 (92.99 फीसदी) ने परीक्षा दी है। परीक्षा शांतिपूर्ण और सकुशल संपन्न हो गई, कहीं से कोई अप्रिय सूचना नहीं है। - **महेंद्र सिंह, परीक्षा के प्रशासनिक नोडल अधिकारी/एडीएम वित्त एवं राजस्व**"

### बढ़ता गया गैरहाजिरी का आंकड़ा

दो दिवसीय पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा में गैरहाजिरी का आंकड़ा पाली दर पाली बढ़ता गया। प्रत्येक पाली के लिए 18912 अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र निर्गत किया गया था। शनिवार को प्रथम पाली में गैरहाजिर रहने वाले अभ्यर्थियों की तादात 799 (4.22 फीसदी) रही तो दूसरी पाली में अनुपस्थित रहने वालों की तादात 837 (4.42 फीसदी) पहुँच गई। दूसरे दिन की पहली पाली की परीक्षा में भी गैरहाजिर रहने वालों का आंकड़ा बढ़ता हुआ ही रिकार्ड किया गया। पहली पाली में अनुपस्थित अभ्यर्थियों की तादात 1099 (5.81फीसदी) रही तो अंतिम पाली में 1550 (8.20 फीसदी) अभ्यर्थी गैर हाजिर रहे।

## भारत जोड़ो यात्रा को लेकर हुई बैठक

**रुदौली, अयोध्या।** राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही भारत जोड़ो न्याय यात्रा में रुदौली विधानसभा क्षेत्र से कई लोग शामिल होंगे। यात्रा को लेकर रविवार को रानीमऊ के निर्मल कुटिया स्थित कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। एआईसीसी सदस्य दयानंद शुक्ला ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के जरिये किसानों युवाओं,महिलाओं तथा मजदूरों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुन रहे हैं। कांग्रेस नेता मुनीर अहमद खां ने कार्यकर्ताओं से सोमवार को अमेठी में होने वाली कांग्रेस नेता राहुल गांधी की सभा में पहुंचने की अपील की। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष परमानन्द शुक्ला, कदीर खां, पूर्व प्रधान हरिकेश, राम कृष्ण शुक्ला, सुहैल, शिवकुमार सहित कई मौजूद रहे।

## 2047 तक बदल जाएगा अयोध्या का परिदृश्य : नगर आयुक्त

कुमारगंज, अयोध्या

» आठ परिकल्पनाओं के आधार पर हो रहा अयोध्या का विकास

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में पशुपालन महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में उद्यम उन्मुखी कार्यक्रम हुआ।

शुरुआत कृषि कुलपति डॉ. बिजेंद्र सिंह व अन्य अतिथियों ने जल भरो कार्यक्रम से की। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने अयोध्या के अंदर 2047 तक होने वाले विकास परियोजना की पृष्ठभूमि को प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी के सामने रखा। बताया परियोजनाओं का कार्यान्वयन आठ परिकल्पनाओं के आधार पर किया जा रहा है। 2047 तक अयोध्या की तस्वीर पूरी तरह से बदली-बदली नजर आएगी। शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विवि के पूर्व अर्थशास्त्र विभागाध्यक्ष व मुख्यमंत्री के प्रतिनिधि प्रो. एपी तिवारी ने कहा कि अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने में प्रदेश महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। डॉ. डी नियोगी ने स्वागत एवं कुलपति के सचिव डॉ. जसवंत सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन डॉ. सीताराम मिश्रा ने किया। टेक्निकल टीम डॉ. उमेश चंद्रा, डॉ. समीर, डॉ. शशांक सिंह व डॉ. देवनारायण मौजूद रहे।

# जूनियर परिषदीय विद्यालय की छात्राएं अब बनेंगी पावर एंजल

तारुन, अयोध्या

» कक्षा छह से लेकर आठ की छात्राएं चुनी जाएंगी, मिलेगा विशेष प्रशिक्षण

**अमृत विचार :** जूनियर परिषदीय विद्यालय की छात्राओं को अब पावर एंजल के रूप में निखारा जाएगा। प्रत्येक जूनियर विद्यालयों में पावर एंजल का गठन किया जा रहा है। इसे लेकर पहला प्रशिक्षण भी हो गया है।

स्पेशल प्रोजेक्ट फॉर इक्विटी के अंतर्गत पावर एंजिल सशक्तिकरण एवं नेतृत्व क्षमता प्रदान करने के लिए सुगमकर्ता की तीन दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कार्यशाला का आयोजन कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में हुआ। मास्टर ट्रेनर डॉ अनामिका मिश्रा, अपर्णा दिवेदी और रेनू सिंह रही। बताया कि प्रशिक्षण में यूपीएस और कंपोजिट स्कूल के विकासखंड तारुन के 48 सुगमकर्ताओं ने प्रशिक्षण लिया। प्रशिक्षण का मुख्य बिंदु बेसिक के जूनियर विद्यालय में 6, 7, 8 कक्षा से एक -एक पावर एंजल का चुनाव करना है उनके कार्य, दायित्व निर्धारण के लिए प्रगति के पंख नामक पत्रिका से सुगमकर्ताओं द्वारा मार्ग दर्शन रहा। राज्य परियोजना से मेंटर नदीम सिद्दीकी ने स्टीरियो जेंडर पर चर्चा की। जिसमें प्रज्ञा गौतम, आनंद कौशल, रिचा, श्यामकुमारी, वंदना द्वारा प्रस्तुति दी गई। अर्चना शर्मा द्वारा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। केजीबीवी की विज्ञान शिक्षिका ने चार्ट व कविता प्रस्तुत की।

**भविष्य के लिए उड़ान भरेगीं पावर एंजल**

मीना मंच की नोडल शिक्षिका विभा साव ने बताया कि इस प्रशिक्षण से जितनी भी पावर एंजल बनेगी वे सभी भविष्य में अपनी उड़ान को प्राप्त करेंगी। जल्द से जल्द पावर एंजल का गठन कक्षवार करके, केस हिस्ट्री पर भी काम शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। वार्डन संध्या वर्मा, शिक्षक देव नारायण पाण्डेय, अम्बिका वर्मा, संजीव तिवारी, जय यादव, चंद्रावती गोस्वामी, रूपवती मौर्य, संगीता वर्मा, सुषमा सिंह मौजूद रहीं।

# नामी चिकित्सकों ने सुलझाई पेट की बीमारियों से जुड़ी गुत्थियां

» **अयोध्या गैस्ट्रो अपडेट 2024 : रिसर्च व तथ्यों के आधार पर अपनी भावनाओं को चिकित्सकों के सामने रखा**

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस इंडोस्कोपी (आईओएई) ने रविवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में अयोध्या गैस्ट्रो अपडेट-2024 कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया। इसमें देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों से नामचीन चिकित्सक पहुंचे थे, जिन्होंने पेट से संबंधित बीमारियों की गुत्थियों को किए गए रिसर्च व तथ्यों के आधार पर सुलझाया। कार्यक्रम में मौजूद अन्य चिकित्सकों ने वक्ताओं को बखूबी सुना। इसके बाद सभी चिकित्सक रामलला का दर्शन करने भी गए।

कार्यक्रम की शुरुआत सुबह नौ बजे दीप प्रज्जवलन के साथ हुई। इसके बाद कॉन्फ्रेंस में एक-एक कर चिकित्सकों ने अपनी राय रखनी शुरू की। चिकित्सकों ने बताया कि हम जो भी खाते-पीते हैं, उसका पाचन और अवशोषण प्रमुख रूप से छोटी और बड़ी आंत में ही होता है। यहीं सबसे अधिक पोषक तत्व अवशोषित होते हैं। बड़ी आंत में पानी अवशोषित होता है और छोटी आंत में मिनरल, विटामिन और दूसरे तत्व। आंतों के बीमार होने से न केवल भोजन का पाचन, बल्कि पोषक तत्वों का अवशोषण भी प्रभावित होता है। आंतों को बीमार बनाने की कुछ प्रमुख वजह हैं, जिसमें शरीर की जरूरत से अधिक खाना, रात में भारी और गरिष्ठ भोजन करना, सुबह का नाश्ता न करना, भोजन में लंबा अंतराल रखना, खाने के बाद ज्यादा तरल पदार्थ लेना, अधिक तला-भुना और मसालेदार खाना व शारीरिक रूप से सक्रिय न रहना शामिल है। आंतों में गड़बड़ी का असर आंतों की सामान्य कार्यप्रणाली गड़बड़ाने का प्रभाव हमारे हृदय, मस्तिष्क, इम्यून सिस्टम, त्वचा, वजन, शरीर में हार्मोन के स्तर आदि पर भी पड़ता है। इससे पोषक तत्वों का अवशोषण प्रभावित होने से लेकर कैंसर विकसित होने की आशंका भी बढ़ जाती है। इसके बाद कई चिकित्सकों ने गाल ब्लैडर व लीवर संबंधित बीमारियों के बारे में किए गए अध्ययन को भी सबके सामने रखा। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. केएस मिश्र ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया।



कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। अमृत विचार

### बताते रहे अनुभव, बजती रहीं तालियां

कॉन्फ्रेंस में मंच से चिकित्सक अपने-अपने अध्ययन को साझा कर रहे थे तो अन्य चिकित्सक उनके अनुभवों को सुन तालियां बजा रहे थे। एआईजी हैदराबाद के डॉ. मनु टंडन, अहमदाबाद के डॉ. संजय राजपूत, प्रयागराज से डॉ. एसपी मिश्र, मेरठ से डॉ. मलय शर्मा, मैसूर के डॉ. राज कुमार, लखनऊ के डॉ. प्रवीर राय, डॉ. समीर मोहिंद्रा, दिल्ली से डॉ. विकास सिंगला, डॉ. श्रीहरि अनिकहिन्दी, अहमदाबाद की डॉ. राधिका, मुंबई के डॉ. एसपी भंडारी, प्रयागराज के डॉ. रोहित, दिल्ली के डॉ. सुविराज जॉन, भोपाल के डॉ. सारांश जैन समेत अन्य आमंत्रित चिकित्सकों ने अपने अनुभवों को साझा किया।

### ये चिकित्सक रहे मौजूद

शहर के भी कई बड़े चिकित्सक कॉन्फ्रेंस में शामिल होने के लिए पहुंचे थे, जिसमें वरिष्ठ फिजिशयन डॉ. एसके पाठक, डॉ. नानक सरन, डॉ. पीयूष गुप्ता, डॉ. वीरेंद्र सिंह, डॉ. वीरेंद्र वर्मा, डॉ. आनंद शुक्ला, गाइनोकोलॉजिस्ट डॉ. शालिनी चौहान, डॉ. सइदा रिजवी, डॉ. दीप्ति वर्मा व डॉ. अतुल आदि शमिल थे।

"कॉन्फ्रेंस में अयोध्या के ही नहीं बल्कि देश के अन्य महानगरों से भी चिकित्सक पहुंचे थे। कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन का भी भरपूर सहयोग मिला था। - **डॉ. रजनीश वर्मा, चेयरमैन, आईओएई**"

"इंडियन मेडिकल एसोसिएशन हमेशा ही चिकित्सकों के लिए कार्यशालाएं लगवाता है, ताकि उन्हें नई-नई तकनीकों के बारे में पता चल सके। गैस्ट्रो अपडेट कॉन्फ्रेंस काफी भव्य रही। - **डॉ. मंजूषा पांडेय, प्रेसीडेंट, आईएमए**"

## रेलवे की भूमि पर बने तीन सौ मकानों पर चलेगा बुलडोजर

» **कई नोटिस के बाद भी अतिक्रमण न हटाने पर रेलवे ने शुरू की तैयारी**

**गोसाईगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** रेलवे की जमीन पर कब्जा जमाए कब्जेदारों के खिलाफ रेल विभाग मंगलवार को बेदखली की कार्यवाही शुरू करने जा रहा है। इसे लेकर कब्जेदारों में हड़कंप मच गया है। गोसाईंगंज रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए विस्तारीकरण किया जा रहा है। अगस्त में रेल विभाग के अधिकारियों ने राजस्व टीम के साथ पैमाइश कर सीमांकन किया था। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कालेज समेत दो इंटर कालेज, मंदिर, मस्जिद, मजार सहित लगभग तीन सौ निर्माणों को अवैध करार दे दिया गया था। स्टेशन अधीक्षक महेंद्रनाथ मिश्र ने बताया कि कब्जे को हटाने के लिए काफी समय से प्रयास किया जाता रहा लेकिन कब्जेदारों ने भूमि नही छोड़ी। डीआरएम सहित रेलवे के उच्चाधिकारियों को मामले से अवगत कराया गया। मंगलवार को सुबह दस बजे से सुरक्षाबलों के साथ अवैध कब्जा हटाया जाएगा।

# व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा का रोडमैप तैयार

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार:** तकनीक की दौड़ में निजी दूर संचार कंपनियों से पिछड़ी भारतीय संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) ने व्यवसायिक प्रतिस्पर्धा के लिए खुद को तैयार करना शुरू कर दिया है। पूर्वी उत्तर प्रदेश सर्किल के महाप्रबंधकों की बैठक में फोर जी के बाद जल्द ही से फाइव जी सेवा की शुरुआत करने और इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का निर्णय लिया गया है।

बीएसएनएल के निदेशक इंटरप्राइजेज वी रमेश और मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार सोनी की मौजूदगी में चली मैराथन बैठक में अभी तक की प्रगति की समीक्षा की गई। साथ ही भावी योजनाओं पर भविष्य के कार्य योजना का खाका खींचा गया। कहा गया कि अयोध्या अंतरराष्ट्रीय स्तर की पर्यटन नगरी बन रही है। यहां तमाम होटल-रेस्टोरेंट और उद्योग तथा भारी तादाद में श्रद्धालु आ रहे हैं। ऐसे में संचार सेवाओं की मांग बढ़ रही है और बीएसएनएल को चुनौती के रूप में इस बाजार को अपने पाले में करना है। अधिकारियों ने कहा कि फोर जी तकनीक पर काम शुरू हो गया है। चंडीगढ़ स्थित मुख्य सर्वर का अपग्रेडेशन हो रहा है वहीं लखनऊ में डिजिटल कांस्ट्रेटर की स्थापना का काम चल रहा है। सर्किल के सभी जनपदों में आवश्यकता के अनुरूप फोर जी उपकरण पहुंच गए हैं। इनको जल्द से जल्द स्थापित करवा हमको फाइव जी सेवा की ओर बढ़ना है। इस दौरान पूर्वी उत्तर प्रदेश सर्किल के गोरखपुर, बस्ती, लखनऊ, सुल्तानपुर समेत अन्य के प्रशासनिक और व्यवसायिक महाप्रबंधक मौजूद रहे। महाप्रबंधक ज्ञानेंद्र द्विवेदी ने बताया कि बदलती तकनीक के साथ विभाग की कदमताल की तैयारी है, जिसकी बैठक में योजना बनाई गई है। उन्होंने बताया कि जल्द ही उपभोक्ताओं को उच्चवर्धित सेवाएं उपलब्ध होंगी।

**अपग्रेडेशन में आएगी तेजी**

» **बीएसएनएल पूर्वी उत्तर प्रदेश के महाप्रबंधकों ने हालात पर किया मंथन**

**निदेशक इंटरप्राइजेज व सीजीएम के साथ अधिकारियों ने किया दर्शन**

पूर्वी उत्तर प्रदेश सर्किल की बैठक में शिरकत करने पहुंचे बीएसएनल के निदेशक इंटरप्राइजेज वी रमेश, मुख्य महाप्रबंधक राजेश कुमार सोनी समेत सर्किल के सभी 18 महाप्रबंधकों और अन्य सर्किल के पांच महाप्रबंधकों ने एक साथ रामलला के दरबार में दर्शन-पूजन किया। अधिकारियों के दल ने अन्य मठ-मंदिरों में मत्था टेका और अयोध्या को देखा।

# मनुष्य को भोगना पड़ता है अपने कर्मों का फल: बृजेश सिंह

मिल्कीपुर, अयोध्या

**अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के ग्राम पिठला स्थित आशा देवी मन्दिर प्रांगण में जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था द्वारा संत्सग किया गया। जिसमें शाकाहार -सदाचार अपनाने, नशीली चीजों के सेवन से दूर रहने और राम, कृष्ण के आदर्शों पर चलने की अपील की गई।

मथुरा के उपदेशक डॉ कुंवर बृजेश सिंह ने ''जब तक गुरु मिले न सांचा तब तक गुरु करो दस पांचा'' पंक्ति को उद्धृत करते हुय बताया कि मानव को अपने जीवन में शब्द भेदी गुरु की खोज करनी चाहिये। बताया कि बाबा जयगुरुदेव महाराज ने 60 वर्षों तक और उत्तराधिकारी पंकज शाकाहार-सदाचार अपनाने, मद्यनिषेध और आध्यात्मिक जागरण के लिये प्रचार का कार्य करते आ रहे हैं। 16 मार्च को जोरियम में संस्थाध्यक्ष पंकज महाराज का कार्यक्रम होगा। उन्होंने बताया कि मनुष्य को अपने कर्मों को भोगना पड़ता है। हरीराम सिंह, कन्हैया बक्स सिंह, अजय सिंह, श्रीकृशष्णधन द्विवेदी, नरेन्द्र सिंह, ब्लाक अध्यक्ष सुक्खी, आयोजक डॉ राज बहादुर चौधरी उपस्थित रहे।


सत्संग में लोगों को सम्बोधित करते कुंवर बृजेश सिंह।

## सार-संक्षेप

### माता-पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है : आचार्य श्याम



**पूराबाजार, अयोध्या। अमृत विचार :** इटौरा गांव में श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य श्याम सारथी महाराज ने कहा कि माता पिता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। कथा व्यास ने कहा कि जो पुत्र माता पिता गुरु आदि बड़ों के चरणों में झुककर प्रणाम करता है उसकी चार चीजें यथा आयु, विद्या, यश और बल बढ़ता है।उन्होंने कहा कि अगर किसी का बेटा संसार में बहुत उन्नति कर रहा हो तो समझ लेना चाहिए कि उसकी माता जी बहुत धार्मिक हैं। कथा व्यास ने कहा कि गृहस्थ जीवन सुख का खजाना है। कहा कि पति और पत्नी परिवार के दो पहिए हैं। मुख्य यजमान बलराम पांडेय, चंद्रप्रकाश, पं.शंकर नाथ पांडेय, पं. मनीष तिवारी, आचार्य चंदन शास्त्री सहित ग्रामीणों ने कथा का रसपान किया।

### जो राष्ट्र से प्रेम नहीं करता वह राम से भी नहीं करता : शांडिल्य

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामकथा पार्क में आयोजित रामकथा के सातवें दिन रविवार को कथावाचक उज्ज्वल शांडिल्य महराज ने कथा कही। उन्होंने कहा कि श्रीराम ही राष्ट्र के पर्याय हैं। जो राष्ट्र से प्रेम नहीं करता , वह राम से प्रेम नहीं कर सकता। राष्ट्र की सेवा रामसेवा मानकर करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि श्रीराम भारत को आतंकवाद से मुक्त करने के लिए वन गए थे। वन में शबरी और जटायु को अपनाकर उन्हें सद्गति प्रदान की। उन्होंने कहा कि आजकल लोग सेवा कम करते हैं और दिखावा अधिक करते हैं। उन्होंने कहा कि श्रीराम ने रावण का वध करके रामराज्य की स्थापना की। संस्कृति विभाग के कार्यक्रम अधिशासी कमलेश कुमार पाठक के नेतृत्व में कथा व्यास का सम्मान वैभव मिश्रा ने किया।

### फील्डकर्मी की बाइक चोरी, केस दर्ज

**अयोध्या, अमृत विचार :** अयोध्या कोतवाली क्षेत्र के अशर्फी भवन चौराहे स्थित अयोध्या फेको सेंटर में फील्ड वर्कर का काम करने वाले प्रभात सिंह की किसी ने अस्पताल के सामने से बाइक पार कर दी। प्रतापगढ़ जिले के गोवरि अंतु निवासी प्रभात सिंह पुत्र देवेंद्र प्रताप सिंह ने बाइक यूपी 72 एक्यू 3501 की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। घटना छह फरवरी दोपहर बाद की बताई है।

### समाजवादी पार्टी के महानगर कोषाध्यक्ष का निधन


नरेश अग्रवाल (फाइल फोटो)

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के महानगर कोषाध्यक्ष नरेश अग्रवाल का रविवार को निधन हो गया। वह काफी समय से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर समाजवादी पार्टी में शोक छा गया है। करीब तीस वर्षों से समाजवादी पार्टी में सक्रिय कार्यकर्ता के रूप में वह विभिन्न पदों पर जिम्मेदारी निभाते रहे। अपने सौम्य व्यवहार और आचरण के कारण पार्टी ही नहीं नगर क्षेत्र में भी उनकी एक अलग पहचान थी। खवासपुरा निवासी नरेश अग्रवाल के निधन पर बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता उनके आवास पर पहुंचे और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा कि नरेश अग्रवाल का निधन पार्टी ही नहीं उनकी भी व्यक्तिगत क्षति है। उन्होंने कहा एक व्यक्ति के रूप में उनकी एक अलग पहचान थी। महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, महासचिव हामिद जाफर मीसम, श्रीचंद यादव, पूर्व प्रमुख राम अचल यादव, विरेंद्र गौतम, जगन्नाथ यादव, राकेश यादव,अंसार अहमद बब्बन, गौरव पांडे, महंत अनिल मिश्रा ने गहरा शोक प्रकट किया है।

**प्रतियोगिता** — अमेठी के गुरदीप ने स्वर्ण, अयोध्या के अभिमान व सुलतानपुर के निखिल ने जीता रजत

# राज्य बॉक्सिंग में अयोध्या मंडल ने जीता एक स्वर्ण व दो रजत

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र बॉक्सिंग एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में गाजियाबाद में हुई प्रदेशीय सब जूनियर बालक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अयोध्या मंडल टीम ने एक स्वर्ण पदक व दो रजत पदक हासिल कर मंडल का परचम लहराया।

आरएसओ चंचल मिश्रा ने विजेता खिलाड़ियों व बॉक्सिंग कोच संजय हेला को बधाई देते हुए उत्साहवर्धन किया। बॉक्सिंग कोच संजय ने बताया कि यहां बॉक्सिंग खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए रिंग भी नहीं है, फिर भी खिलाड़ियों ने अपने दम पर शानदार प्रदर्शन किया है। विजेता टीम में अमेठी के गुरदीप ने 35-37 किलो भार वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। अयोध्या के अभिमान जायसवाल व सुल्तानपुर के निखिल यादव ने 67-70 किलो वर्ग में रजत पदक जीता। शिक्षक विनय कुमार गुप्ता व क्षमा जायसवाल के पुत्र अभिमान जायसवाल ने कोच संजय के नेतृत्व में जिला, मंडल व राज्य स्तर पर पदक हासिल कर जिले को मान बढ़ाया।


अयोध्या के रजत पदक विजेता अभिमान व कोच।

### राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुए चयनित

अयोध्या मंडल टीम के पदक विजेता खिलाड़ी राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में उप्र टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। कोच संजय हेला ने बताया कि मंडल टीम के स्वर्ण पदक विजेता गुरदीप का चयन प्रदेश टीम में राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। मंडल के रजत पदक विजेता अभिमान व निखिल राष्ट्रीय प्रतियोगिता के पूर्व आयोजित होने वाले राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए चयनित हुए हैं। बॉक्सिंग कोच संजय ने कहा कि मंडल के इन खिलाड़ियों से बेहद उम्मीद है और यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी पदक हासिल करेंगे। संजय के नेतृत्व में अयोध्या टीम की इस उपलब्धि से यहां खिलाड़ियों में उत्साह है।

### राज्य सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता 20 से

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र हैंडबॉल संघ के समन्वय से राज्य स्तरीय सब जूनियर बालक हैंडबॉल प्रतियोगिता 20 फरवरी से होगी। आरएसओ चंचल मिश्रा ने बताया कि डाभासेमर स्थित डॉ. अंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में आयोजित राज्य हैंडबाल प्रतियोगिता का उद्घाटन अपराह्न चार बजे मुख्य अतिथि अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी करेंगे। प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के लगभग ढाई सौ खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता का समापन 23 को पुरस्कार वितरण के साथ होगा। इसके मुख्य अतिथि उप्र हैंडबॉल संघ के महासचिव आनंदेश्वर पांडेय होंगे।

## शिक्षक का पुत्र बना चिकित्सक, हुआ सम्मान


अशोगीपुर गांव के निवासी डॉ. सुमित तिवारी को सम्मानित करते लोग।

**बड़ागांव, अयोध्या। अमृत विचार :** सोहावल क्षेत्र के अशोगीपुर गांव निवासी शिक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी के पुत्र सुमित तिवारी को चिकित्सक की उपाधि प्राप्त हुई है। उन्होंने रूस की स्टेट मेडिकल यूनिवर्सिटी से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करते हुए नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन में सफलता अर्जित की। इस उपलब्धि पर ग्राम पंचायत करेरू प्रधान गिरजेश त्रिपाठी ने अंग वस्त्र, राम दरबार भेंट करते हुए कहा लक्ष्य बनाकर कठिन मेहनत किया जाए तो कोई लक्ष्य असंभव नहीं होता है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार पांडेय (खुन्नू), ब्लॉक प्रमुख व प्रधान प्रतिनिधि सर्वेश सिंह चौहान, सपा नेता राघवेंद्र प्रताप सिंह, डायरेक्टर गौतम पांडेय ने डॉ. सुमित तिवारी का स्वागत किया। प्रधान कप्तान तिवारी, डब्लू तिवारी, रंजीत सिंह, अरुण पांडे, राजेश गोस्वामी, अवनीश तिवारी, दुर्गा प्रसाद निषाद, बंटी तिवारी, पिंकू यादव, नितिन तिवारी, उत्कर्ष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के द्वारा इलाज
आयुष्मान योजना के तहत इलाज होता है, मुख्यमंत्री सहायता के तहत भी इलाज होता है।
PET-CT SCAN, RADIOTHERAPY, CANCER ADVANCED BIOPSY
BRACHYTHERAPY, CHEMOTHERAPY
सभी प्रकार की कैंसर सर्जरी
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबह: 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पता: 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112



## एक नजर

### जानलेवा हमले के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

जलालपुर, अंबेडकरनगर। बीते दिवस युवक के ऊपर किए गए जानलेवा हमले में पुलिस ने नामजद आरोपियों में से एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के वाजिदपुर निवासी राहुल चौहान का मोहल्ले के ही युवकों से बीते बुधवार को वाद विवाद हो गया था। जिसमें उन लोगों ने धारदार हथियार से हमला कर नदी के किनारे सुनसान स्थान पर फेंक दिया था। परिजनों की काफी खोजबीन पर घायल अवस्था में युवक मिला था। परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने सिड्डू व मिसबाहुद्दीन के खिलाफ प्राण घातक हमला समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल कर रहे थे। तभी इसी बीच रविवार को जमालपुर चैराहे से सिड्डू उर्फ मोहम्मद मुरसलीन को उप निरीक्षक सचिव कुमार मौर्य व हेड कांस्टेबल रोहित सिंह ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### युवती को भगा ले जाने के मामले में मुकदमा दर्ज

बसखारी, अंबेडकरनगर। युवती को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का मामला प्रकाश में आया है। बताया जाता है कि चौबेपुर थाना क्षेत्र का रहने वाला एक परिवार 20 वर्षीय अपनी पुत्री के साथ दरगाह शरीफ किछौछा में जियारत के लिए आया था। अचानक 12 फरवरी की रात में उसकी 20 वर्षीय लड़की गायब हो गई। परिजनों ने काफी खोजबीन के बाद भिदूण निवासी अनमोल के ऊपर अपनी पुत्री को पहले बहला फुसलाकर कही भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। मामले में बसखारी पुलिस ने संबंधित के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दिया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक जेपी सिंह ने बताया कि मामले में प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

# कड़ी सुरक्षा के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा संपन्न

## अफसरों ने ली राहत की सांस, 39 केंद्रों पर हुई परीक्षा, दोनों पालियों में 41 हजार 472 परीक्षार्थी थे पंजीकृत

## तीन हजार 73 अभ्यर्थियों ने छोड़ी परीक्षा, जिलाधिकारी और एसपी रहे भ्रमणशील

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पुलिस भर्ती परीक्षा रविवार को शांति पूर्ण ढंग से संपन्न हो गई। जिसके बाद अधिकारियों ने राहत की सांस ली। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और एसपी डॉ. कौस्तुभ परीक्षा केंद्रों के निरीक्षण को लेकर भ्रमण शील रहे। जनपद के 39 केंद्रों पर पुलिस भर्ती परीक्षा का आयोजन किया गया था। दोनों पालियों में 41 हजार 472 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। जिनमें से 38 हजार 399 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दिया। वहीं तीन हजार 73 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे।

पहली पाली में पंजीकृत 20,736 परीक्षार्थियों में 19485 अभ्यर्थी उपस्थित रहे और 1251 अनुपस्थित रहे। जबकि दूसरी पाली में पंजीकृत 20,736 परीक्षार्थियों में 18914 अभ्यर्थी उपस्थित और 1822 अनुपस्थित रहे। प्रथम और द्वितीय पाली की लिखित परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी अविनाश सिंह और पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ ने पुलिस भर्ती परीक्षा को नकल विहीन, सुचिता पूर्ण, शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के तहत लगातार जनपद के विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण किया। उत्तर प्रदेश पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती 2023 की लिखित परीक्षा रविवार को जनपद के 39 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। प्रथम और द्वितीय पाली की लिखित परीक्षा सकुशल शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बीएन इण्टर कॉलेज अकबरपुर, सेंट पीटर्स इण्टर कालेज गांधीनगर अकबरपुर और टीएनपीजी कॉलेज टांडा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी और एसपी को सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त मिलीं। कहीं पर किसी प्रकार की कोई समस्या उत्पन्न नहीं हुई। उन्होंने केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरे और कंट्रोल रूम का भी जायजा लिया। सभी केंद्रों पर व्यवस्थाएं चुस्त-दुरुस्त पाई गई।



परीक्षा केंद्र का जायजा लेते डीएम अविनाश सिंह व साथ में एसपी डॉ. कौस्तुभ।



मिश्री लाल आर्य कन्या इंटर कॉलेज के बाहर अभ्यर्थियों की लगी भीड़।

### डीएम और एसपी ने देखी ट्रैफिक व्यवस्था

परीक्षा के दौरान भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने बीएन इण्टर कॉलेज अकबरपुर से रोडवेज तक पैदल मार्च कर ट्रैफिक व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियरों को निर्देश दिया कि परीक्षा छूटने के बाद जाम की स्थित बने इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं।

# ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी को लेकर डीएम ने की बैठक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।
जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन की उपस्थिति कलेक्ट्रेट सभागार में ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 के सफल आयोजन के दृष्टिगत बैठक का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर समिति 2023 के सफल आयोजन के बाद ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 का आयोजन जनपद में जिला मुख्यालय सहित सभी तहसीलों में आयोजित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य जनपद स्तर पर निवेश को बढ़ावा देना है। 19 फरवरी को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0 का लखनऊ में प्रधानमंत्री शुभारंभ करेंगे। जनपद में आयोजित कार्यक्रम में 10 करोड़ रुपए तक निवेशक प्रतिभाग करेंगे। वहीं 10 करोड़ रुपए से अधिक के निवेशकों को लखनऊ में प्रतिभाग कराया जा रहा है। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जनपद के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्रों में, मुख्यालय, अन्य उचित स्थल पर कार्यक्रम के सजीव प्रसारण की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद के प्रत्येक विधान सभा क्षेत्रों में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। जिसमें विधानसभा क्षेत्र कटेहरी में लोकसभा सांसद देवेंद्र सिंह भोले, विधानसभा क्षेत्र टांडा में लोकसभा सांसद कुंवर पुष्पेंद्र सिंह, विधानसभा क्षेत्र आलापुर में लोकसभा सांसद आरके सिंह पटेल, विधानसभा क्षेत्र जलालपुर में लोकसभा सांसद विनोद सोनकर और विधानसभा अकबरपुर में लोकसभा सांसद केशरी देवी पटेल प्रतिभा करेंगे। जनपद मुख्यालय पर शिवाय लान में आयोजित होने वाले कार्यक्रम की जिम्मेदारी उपयुक्त उद्योग और विधानसभा के अंतर्गत अन्य अधिकारियों को जिलाधिकारी द्वारा नोडल के रूप में नामित किया गया है। बैठक के दौरान जिला विकास अधिकारी सुनील कुमार तिवारी, उप जिलाधिकारी पवन जायसवाल, खंड विकास अधिकारी, तहसीलदार और संबंधित विभाग के अधिकारी और कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।



ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के आयोजन को लेकर बैठक करते जिलाधिकारी अविनाश सिंह।

### जर्जर मकान गिरने से भाई-बहन मलबे में दबे, घायल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।
अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा प्रतापपुर चमुर्खा के मजरे प्रतापपुर में जर्जर अवस्था में खड़ा एक मकान अचानक से भर-भरा कर गिर गया। मकान गिरने से मलबे के नीचे दब जाने से उसमें मौजूद भाई और बहन घायल हो गए। मकान गिरने से गांव में हडकंप मच गया। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने मलबे को हटाकर घायलों को बाहर निकाला। घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां पर घायल मोहम्मद अबू हुरैरा और उनकी बहन का इलाज चल रहा है। घटना के समय मां उसी घर के बगल में खाना बना रही थी। परिजनों का आरोप है कि घटना की सूचना के बाद भी न तो पुलिस मौके पर पहुंची और न ही एंबुलेंस पहुंची।

## सार-संक्षेप

### महिलाओं और बालिकाओं को अधिकारों की दी जानकारी

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। पुलिस अधीक्षक डॉ. कौस्तुभ के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं, बालिकाओं और छात्राओं को जागरूक किया गया। अभियान के तहत नारी सुरक्षा, नारी स्वाबलंबन और नारी सम्मान की दिशा में जनपद की महिला बीट पुलिसकर्मियों द्वारा अपने-अपने बीट क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं को महिला सुरक्षा संबंधी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी गई और साइबर अपराध, निराश्रित विधवा पेंशन योजना, जननी सुरक्षा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना आदि विभिन्न योजनाओं के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के तहत थाना महरुआ से महिला कांस्टेबल रूबी मौर्य ने स्थान कस्बा महरुआ में और थाना हंसवर से महिला कांस्टेबल अर्चना सिंह ने स्थान हंसवर बाजार में और थाना जहांगीरगंज से महिला कांस्टेबल अनीता, महिला कांस्टेबल खुशबू यादव ने और थाना बेवाना से महिला कांस्टेबल रुमा ने ग्राम अहेथिया किशुनीपुर में, थाना राजेसुल्तानपुर से महिला कांस्टेबल माला तिवारी ने स्थान कस्बा बलरामपुर में और थाना कटका से एंटीरोमियों टीम द्वारा महिलाओं और बालिकाओं को पंपलेट वितरित कर शासन द्वारा जारी विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया।

### महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने के लिए किया जागरूक



जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल के साथ मौजूद अन्य महिलाएं।

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। जनपद के रुधौली अदाई में जन शिक्षण केंद्र द्वारा संचालित ग्रामीण महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत सावित्री बाई फूले नारी संघ जलालपुर द्वारा सहभोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जन शिक्षण केंद्र की सचिव पुष्पा पाल ने लोगों को जानकारी देते हुए बताया कि सहभोज सामाजिक बंधुत्व को बनाए रखने के लिए सहभोज जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिससे समाज में अमन, शांति, भाईचारा बना रहे, जिससे लोग एक दूसरे के प्रति नफरत ना करके प्रेम भाव, एकजुटता के साथ रह सकें। प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फूले के अथक प्रयास के द्वारा महिलाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया है। महिलाएं कमजोर है, ऐसा कहना छोड़ दो, रूढ़ी वादी परंपरा की जंजीरों को तोड़ दो, महिला सम्मान जिंदाबाद, महिला गरिमा जिंदाबाद आदि नारों के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में परियोजना समन्वयक राम स्वरुप, बीआरसी हेमलता, सामुदायिक कार्यकर्त्ता पुनीता, रामहित, शशी अगुवा लीडर, रेखा, मिथिलेश, बिन्दू, हीरावती, सीमा, निर्मला, त्रिवेणी प्रसाद के साथ-साथ गांव के सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

### बस ने बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। नगर क्षेत्र के मोहल्ला अलीगंज में रविवार को तेज रफ्तार सरकारी बस की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार 21 वर्षीय युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। भीड़-भाड़ वाले क्षेत्र में हुई घटना को देखते हुए आक्रोशित भीड़ ने बस को घेर लिया। सूचना पर पहुंची अलीगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं चालक और बस को हिरासत में ले लिया है। बता दें कि टांडा की तरफ से मोटरसाइकिल से जारहा युवक शमीम अहमद पुत्र मो. यासीन निवासी ग्राम गोकुला थाना अलीगंज जा रहा था। कि अलीगंज चैराहे से थोड़ा आगे टांडा अयोध्या मार्ग पर डॉ. बरकतुल्लाह के घर के सामने पहुंचा था कि विपरीत दिशा से बस्ती से टांडा की तरफ आ रही उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में आजमगढ़ डिपो की अनुबंधित बस ने मोटरसाइकिल सवार को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे मोटर साइकिल सवार युवक के सिर में चोट आई। जिससे मौके पर ही युवक ने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष अलीगंज गजेंद्र विक्रम सिंह ने भीड़ को समझा-बुझा कर हटाया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया गया है और चालक भी पुलिस हिरासत में है, अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।

### एक किलो 200 ग्राम गांजे के साथ युवक गिरफ्तार

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार। थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने एक अभियुक्त को 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जनपद पुलिस द्वारा अपराध और अपराधियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए थाना इब्राहिमपुर पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्ति, वाहन चेकिंग के दौरान एक संदिग्ध युवक को नैपुरा मोड़ के पास रोककर जामा तलाशी ली तो उसके पास से 1 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ है। गिरफ्तार अभियुक्त ने अपना नाम अजय गौड़ उर्फ घंटू पुत्र मनीराम गौड़ निवासी ग्राम अब्दुल्लापुर शहजादपुर थाना कोतवाली अकबरपुर उम्र 45 वर्ष बताया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय भेज दिया गया है।

# डीसीएम में लगी आग, चालक व सहयोगी ने कूदकर बचाई जान



सम्मोपुर के पास आग लगने से जली डीसीएम को देखते लोग।

जिला संवाददाता, अंबेडकरगनर।

अमृत विचार। अकबरपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 232 पर सम्मोपुर के पास चलती डीसीएम में आग लगने से हड़कंप मच गया। चालक और उसके सहयोगी ने कूदकर किसी तरह अपनी जान बचाया। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इंदौर से लहसुन लेकर बिहार जा रही डीसीएम ट्रक अकबरपुर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग 232 पर सम्मोपुर के पास पहुंची थी। तभी अचानक चलती ट्रक में आग लग गई। ड्राइवर ने ट्रक रोका और अपने सहयोगी के साथ ट्रक से कूद कर किसी तरह से अपनी जान बचाई। मामले की सूचना लोगों ने फायर ब्रिगेड को दी। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया है। अकबरपुर कोतवाली प्रभारी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि आग लगने की सूचना पर फायर ब्रिगेड की टीम ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाया।

**फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर पाया काबू, इंदौर से लहसुन लेकर बिहार जा रही थी डीसीएम**

# जनपद के विकास को मुख्य सचिव ने सराहा

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने बीते 10 फरवरी को जनपद का भ्रमण किया था। इसके उपरांत मुख्य सचिव ने अपने सोशल साइटों पर जनपद के विकास संबंधित फोटो और वीडियो डाले और साथ ही लिख कि विगत 10 फरवरी को जनपद बस्ती जाते समय मैं करीब दो-ढाई घंटे के लिए अंबेडकरनगर जनपद मुख्यालय पर ठहरा था। इस दौरान मैंने संक्षिप्त समीक्षा के साथ ही वहां के जिलाधिकारी कार्यालय और विकास भवन का निरीक्षण किया। यहां बड़ी संख्या में नागरिक विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर और सुविधाओं के लिए व न्यायालय कार्य के लिए आते हैं।

मुख्य सचिव ने कहा कि जनपद के विकास भवन का वीडियो यहां शेयर कर रहा हूं। यह देखकर खुशी हुई कि जिलाधिकारी कार्यालय के बाहर आम नागरिकों के बैठने के लिए बहुत अच्छी सुविधा प्रदान की गई है। यहां हेल्थ एटीएम, शुद्ध ठंडा पानी पीने की समुचित व्यवस्था है। कलेक्ट्रेट के अंदर कोर्टयार्ड में देश के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट उपलब्धियों वाली विभूतियों की संक्षिप्त जानकारी दी गई है। अलग-अलग प्रकार की आकर्षक पेंटिंग दीवारों पर की गई है।



कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी अविनाश सिंह से बातचीत करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। (फाइल फोटो)



विकास भवन में गांधी प्रतिमा को नमन करते मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र। (फाइल फोटो)

### डीएम और सीडीओ को दी बधाई

विकास भवन के सामने ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की एक प्रतिमा स्थापित की गई है, जो उनके ग्राम स्वराज व रामराज्य की परिकल्पना को उजागर करती है। इन दोनों कार्यालयों के वीडियों मैं यहां अलग-अलग शेयर कर रहा हूं। इन वीडियो को लोग देखें और उससे प्रेरणा लेकर अपने कार्यालयों को भी साफ-सुथरा व सुंदर बनाएं। जिससे वहां पर कार्य करने वालों और आने वाले लोगों को एक प्रेरक और अच्छा वातावरण मिले। जनपद के जिलाधिकारी अविनाश सिंह और मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन को आपने कार्यालय को इतना बेहतर तरीके से रखने के लिए बहुत-बहुत बधाई!

### प्रभु श्रीराम की मूर्ति है अत्यंत मोहक

मुख्य सचिव ने कहा कि अंबेडकरनगर के मुख्य चैराहे पर प्रभु श्रीराम की एक भव्य मूर्ति लगाई गई है, जो अत्यन्त मोहक है। इसे देखने के बाद मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के चरित्र के विभिन्न पहलुओं का स्वतरू ही स्मरण हो जाता है। उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय व मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय के कर्मियों, वकीलों, अन्य सम्मानित नागरिकों से वार्तालाप किया और अमृतकाल में उनके उत्तरादायित्वों के बारे में बताया। अपनी वार्ता के कुछ अंश यहां शेयर कर रहा हूं। वर्तमान में जनपद जिलाधिकारी अविनाश सिंह के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में सभी क्षेत्रों में एक अपनी अलग पहचान बना रहा है। जो प्रदेश और देश में चर्चा का विषय बना है।

कार्यक्रम | बच्चों ने सरस्वती वंदना, एकांकी नाटक, शिव तांडव नृत्य, लघु नाटिका सहित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मोहा मन

# संस्कार युक्त शिक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर की भूमिका अहम

बसखारी, अंबेडकरनगर।

अमृत विचार। समाज में संस्कार युक्त और रोजगार परक शिक्षा की महती आवश्यकता है। जिसे पूरा करने में शिशु मंदिर सोपान दर सोपान महती भूमिका निभा रही है। उक्त बातें सरस्वती शिशु मंदिर बसखारी के वार्षिकोत्सव और सम्मान समारोह में बतौर मुख्यातिथि जय बजरंग ग्रुप के प्रबंधक अंजनी कुमार वर्मा ने कही।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद प्रदेश निरीक्षक जन शिक्षा अवध प्रांत मिथिलेश अवस्थी ने कहा कि शिशु मंदिर पूरे देश में राष्ट्र निर्माण और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावना के साथ-साथ बच्चों में शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास पर लगातार काम रहा है। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने सरस्वती वंदना, एकांकी नाटक, शिव तांडव, नृत्य लघु नाटिका सहित अनेक कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक रामकुमार गुप्त, कोषाध्यक्ष जयशंकर मिश्रा और प्रधानाचार्य लालजी गुप्त ने मां सरस्वती के चित्र पर दीपक प्रज्वलित और पुष्प अर्चन कर किया।



वार्षिकोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं।



कार्यक्रम में मौजूद अंजनी कुमार वर्मा व साथ में अन्य। अमृत विचार

### मेधावियों को किया गया सम्मानित

विद्यालय के मेधावी सुभद्रा यादव, आरती त्रिपाठी, अरविंद वर्मा, पीयूष कुमार मिश्रा, सलोनी मिश्रा, सूरज त्रिपाठी, अवंतिका वर्मा, अखिलेश त्रिपाठी और कुछ सरकारी सेवा में चयनित बच्चों के नहीं पहुंचने पर उनके अभिभावकों सहित लगभग एक दर्जन से अधिक सरकारी सेवाओं में कार्य कर रहे विद्यालय के पूर्व छात्रों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया।

**ये भी रहे कार्यक्रम में मौजूद** : उक्त अवसर पर प्रमुख रूप से रामजी विश्वकर्मा, विवेकानंद मिश्रा, शिक्षक दयाराम यादव, राम नारायण सोनकर जय बजरंग बाल विद्या मंदिर के प्रधानाचार्य रामबिलास यादव सहित भारी संख्या में क्षेत्र के लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के अन्त में प्रधानाचार्य लालजी गुप्ता ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### अर्पित बने लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष



बसखारी, अंबेडकरनगर। अर्पित वर्मा को समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाए जाने पर पार्टी समर्थकों और अर्पित वर्मा के शुभचिंतकों ने खुशी व्यक्त करते हुए सपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार प्रकट किया है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश और समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के अनुमति से जनपद निवासी एडवोकेट अर्पित वर्मा को समाजवादी लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाकर एक बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। पूर्व एमएलसी विशाल वर्मा, जिला अध्यक्ष जंग बहादुर यादव, पूर्व मंत्री विधायक राम मूर्ति वर्मा, विधायक त्रिभुवन दत्त, पूर्व एमएलसी अतहर खां, हीरालाल यादव, जिला महासचिव मुजीब अहमद सोनू, पूर्व प्रमुख विजय वर्मा, शेषकुमार वर्मा, उत्तम चौधरी आदि ने बधाई देते हुए पार्टी के शीर्ष नेताओं के प्रति आभार और धन्यवाद व्यापित किया है।

बच्चों का चश्मा हटाए
GLYTERVEX- M EYE DROP उपयोग करें
जन कल्याण आँख का अस्पताल
ए- 1040, इन्दिरा नगर लखनऊ
मायोपिया विभाग के रिसर्च यूनिट के सहयोग व मार्गदर्शन में
स्टॉकिस्ट - जे० वी० फार्मा, मो0: 9452245400, के० एस० फार्मा, मो0: 9453028384, अमीनाबाद लखनऊ

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**NOTICE**

I informed that I am Shaad Ahsan, resident- Azad Nagar Near Airport Chauraha Post Manas Nagar Kanpur Road Lucknow, my name Shad Ahsan, my father's name Shamsool Afreen and mother's name Nikhat Afreen have been wrongly written in the school records. Whereas my correct name is Shaad Ashan, father's name is Shamshoul Arfin and mother's correct name is Nikhat Afrin. Therefore, all correct names should be recorded in my school records.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं निधि श्रीवास्तव पत्नी राम गोपाल श्रीवास्तव, निवासी- मुनेश्वर पुरम्, नव ज्योति इण्टर कालेज आलमनगर, जिला-लखनऊ, उत्तर प्रदेश-226017, मेरे पुत्र आयुष का रवैया, व्यवहार व चाल- चलन परिवार के प्रति सही नही है, वह आये दिन लड़ाई-झगड़ा व मनमानी करता रहता है। उसके इस व्यवहार से तंग आकर अपने पुत्र आयुष को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। आज से मेरा व मेरे परिवार का उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा। अपने किये गये कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा ।

**सूचना**

सूचित हो कि पहले मेरा नाम NASIR ALI था अब मैने बदलकर अपना नाम NASIR ALI KHAN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O: AYOOB ALI R/O: FLAT NO-203, GREEN WOOD APARTMENT, B-21,NEAR HYDEL COLONY SECTOR-E ALIGANJ, LUCKNOW

# बिजली और सड़क को तरस रहा रामगढ़ गांव

## सीएम योगी की पहल पर गंभीर नहीं हैं अफसर, बुनियादी सुविधाओं से वंचित वनटांगिया परिवार


रामगढ़ गांव में कच्चे रास्ते से गुजरती महिला। अमृत विचार


ट्रांसफॉर्मर के इंतजार में विद्युत पोल।


रामगढ़ गांव में अधूरी पड़ी सड़क। अमृत विचार

राज शुक्ला, मनकापुर, गोंडा

**अमृत विचार:** "जो उलझकर रह गयी है फाइलों के जाल में, गांव तक वो रोशनी आयेगी कितने साल में।" जनकवि स्व अदम गोंडवी की यह पंक्तियां नवाबगंज ब्लाक के वनटांगिया गांव रामगढ़ पर बिल्कुल सटीक बैठ रही हैं। इस गांव तक बिजली की रोशनी पहुंचाने के लिए बिजली की लाइन तो बना दी गयी लेकिन ट्रांसफॉर्मर नहीं दिया गया। अब बिना ट्रांसफॉर्मर यह लाइन बेकार पड़ी है और गांव को लोग महीनों से रोशनी का इंतजार कर रहे हैं।

टिकरी रेंज के बगल वनटांगिया गांव रामगढ़ के बाशिंदे बदहाली को बीच गुजर बसर कर रहे हैं। यह गांव आज भी गांव आवागमन, पेयजल, विद्युत व स्वास्थ्य जैसी मूलभूत सुविधा से वंचित हैं। गांव की निर्माणाधीन सड़क अधूरी पड़ी है तो बिजली के लिए ट्रांसफॉर्मर न लगने से यह काम भी पूरा नहीं हो सका है। नवाबगंज ब्लाक क्षेत्र के वनग्राम रामगढ़ में करीब 55 परिवार रहते हैं।

वर्ष 2017 में प्रदेश कमान संभालने के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वनटांगियां परिवारों को उनके मूलभूत अधिकार देकर उन्हे समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की पहल की थी।

सीएम की पहल के बाद रामगढ़ गांव में रहने वाले वनटांगिया परिवारों को जमीन, आवास व सौर ऊर्जा का लाभ तो मिल गया लेकिन गांव में पक्का सड़क और बिजली रोशनी नहीं पहुंच सकी। आवागमन, पेयजल व स्वास्थ्य की दृष्टि से भी गांव की दशा अत्यंत खराब है। प्रशासनिक जिम्मेदारों की उदासीनता से वनटांगिया गांव में बुनियादी सुविधा उपलब्ध कराकर उन्हे विकास की मुख्य धारा से जोड़ने की सरकार की पहल खटाई में पड़ गयी है।


विजय राज।


सुनील कुमार।


ब्रजेश कुमार।

### एसडीएम बोले- विकास की जिम्मेदारी खंड विकास अधिकारी की

रामगढ़ गांव में हो रहे विकास कार्यों की शिथिलता पर जवाब एसडीएम तरबगंज भारत भार्गव से जानकारी की गयी तो उन्होने कहा यह उनकी नहीं बीडीओ की जिम्मेदारी है। इस संबंध में बीडीओ ही जानकारी दे सकते हैं। उधर, इस मामले में नवाबगंज के बीडीओ विजयकांत मिश्रा का कहना है कि रामगढ़ गांव में इंटरलॉकिंग के अधूरे कार्य को जल्द पूरा कराया जायेगा। पशु शेड आवंटन में अगर गड़बड़ी हुई है तो इसकी जांच करायी जायेगी। बाकी बिजली व अन्य विकास कार्य दूसरे विभाग से संबंधित हैं। इसकी जानकारी बड़े अफसर ही दे सकते हैं।

### सीएम की सराहना, अफसरों से खफा

रामगढ़ के वनटांगिया परिवार सीएम योगी को मुरीद हैं। उनका कहना है कि मुख्यमंत्री ने हर सुविधा देने का निर्देश दिया था। सीएम के निर्देश पर ही उन्हे आवास, जमीन, राशन कार्ड जैसी सुविधा मिली। उन्हे पहचान मिली और समाज की मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर भी मिला लेकिन सड़क, बिजली, स्वास्थ्य व शिक्षा जैसी बुनियादी सुविधाएं अब भी गांव से दूर हैं। इसके लिए ग्रामीण प्रशासनिक अफसरों की उदासीनता को जिम्मेदार ठहराते हैं। गांव के विजयराज कहते है आवास और जमीन के बाद अन्य सुविधाएं नही मिल पाई। गांव में बिजली के खंभे तो लग गए लेकिन ट्रांसफॉर्मर नहीं लगा। इससे गांव को लोग बिजली की रोशनी के लिए तरस रहे हैं। गांव के रास्ते जस के तस है। सुनील कुमार का कहना है गांव में अभी तक न लाइट की व्यवस्था हुई और अन्य सुविधाएं। गांव में स्कूल, अस्पताल बनाने की बात हुई थी लेकिन वह भी नहीं हो सका। ब्रजेश कुमार कहते है गांव में जल निकासी के लिए न शॉकपिट है और न नाली बनाई गई। गांव के सभी परिवार को आवास के साथ पशुशेड भी मिलना था। 50 परिवारों में से केवल 8 लोगो को मिला है। वह भी आधा अधूरा बनाया गया है। कुबेर ने बताया कि गांव के लोगों के लिए इलाज की व्यवस्था नजदीक में नहीं है। किसी की तबीयत खराब होने पर उन्हें आठ किलोमीटर मनकापुर या फिर जिला अस्पताल जाना पड़ता है।

### डीएम की पहल पर शुरू हुआ काम भी अधूरा

वनटांगिया परिवारों के प्रति सरकार और मुख्यमंत्री को लगाव को देखते हुए जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने इस गांव में वनटांगिया परिवारों के बीच दीपावली मनाई थी। उन्होंने भी गांव में सड़क, बिजली और अस्पताल की सुविधा मुहैया कराने का भरोसा दिलाया था। डीएम के निर्देश के बाद गांव में जाने के लिए सड़क पर इंटरलॉकिंग का कार्य तो शुरू किया गया लेकिन वह पूरा नहीं हो सका। चार महीना बीतने के बाद भी सड़क अधूरी है और बिजली का ट्रांसफॉर्मर नहीं लग सका है।

## 317 छात्र-छात्राओं को बांटे स्मार्टफोन

**मनकापुर:** उत्तर प्रदेश सरकार की विवेकानंद डिजिटल सशक्तिकरण योजना के अंतर्गत रविवार को मनकापुर के बृज लाल पांडेय महाविद्यालय में अध्ययनरत 317 छात्र छात्राओ को स्मार्ट फोन वितरित किया गया। क्षेत्र के बैरीपुर रामनाथ में स्थित बृज लाल पान्डेय महाविद्यालय में आयोजित समारोह में फोन वितरण के पूर्व मां शारदा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वंदना की गयी। इस मौके पर आशुतोष पांडेय प्रधान, जय प्रकाश शुक्ला, दिलीप कुमार पांडेय अमित पांडेय, मंजू पांडेय, पूजा पांडे, अजय दिवेदी, आशीष पांडेय, यमुना प्रसाद, विपुल तिवारी, प्रदीप तिवारी, अवधेश उपाध्याय, बजरंग उपाध्याय, शेषराम वर्मा, नकचेद प्रसाद रहे।

## श्रीकृष्ण के जीवन चरित्र का अनुकरण करने के लिए बच्चों को करें प्रोत्साहित



**नवाबगंज, गोंडा:** नवाबगंज क्षेत्र के महंगूपुर गांव में चल रही आठ दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन कथा व्यास ने श्री कृष्ण जन्म की कथा का रसपान कराते हुए व्यास जी ने कहा कि धरती पर जब कंस ने अत्याचार शुरू किया था।

तत्पश्चात भगवान् श्रीकृष्ण ने समस्त प्राणियों की रक्षा के लिए अवतार लेकर माता देवकी और वासुदेव के आठवें संतान के रूप में अवतरित होकर कंस का वध करके पृथ्वी पर समस्त प्राणियों की रक्षा करते हुए कंस और इंद्र के अभिमान का मर्दन करने के लिए भगवान् श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत धारण किया और गोकुल वासियों को इंद्र के तीव्र वर्षा से बचाया था। कथा व्यास ने कथा के माध्यम से श्रोताओं को रसपान कराते हुए कहा कि अपने बच्चों बच्चों को श्री कृष्ण जीवन चरित्र का अनुसरण कराना चाहिए और धर्म के मार्ग पर चलने के लिए आवाह्न करना चाहिए।

तत्पश्चात भगवान् श्रीकृष्ण की आरती उतारी गई और महिला श्रोताओं ने भक्ति मंगल गीतों से कथा व्यास समेत सभी श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कथा के बाद समस्त श्रोताओं को प्रसाद ग्रहण कराया गया। इस मौके पर उपस्थित रवीन्द्र नाथ पांडेय, कौशिक पांडेय, भाईजी पांडेय, अवनीन्द्र मिश्रा, पप्पू पांडेय, दिलीप, चंदन, तिलकू, ननकून आदि रहे।

## बड़गांव में मंदिर के रास्ते पर कब्जा

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** शहर के बड़गांव क्षेत्र में राम जानकी मंदिर के रास्ते में कब्जा किए जाने का मामला सामने आया है। प्रशासन ने जानकारी होने पर अतिक्रमण करने वालों के विरूद्व कार्रवाई शुरू की है। इसके साथ ही अवैध कब्जा करने वालों को चेतावनी दी। नगर मजिस्ट्रेट चंद्रशेखर ने रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किए जाने का आदेश दिया है।

अतिक्रमण के मामले की शिकायत बड़गांव के सभासद कमलेश कौशल ने नगर मजिस्ट्रेट से की थी। उन्होंने बताया कि श्रीराम जानकारी मंदिर में इस समय लगातार धार्मिक आयोजन हो रहे हैं। श्रद्धालुओं को मंदिर तक जाने के रास्ते को कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। नगर मजिस्ट्रेट के आदेश पर नगर पालिका परिषद के ईओ संजय मिश्र ने कार्रवाई शुरू कर दी है।



उन्होंने अतिक्रमण करने वाले मोहम्मद शकील व रशीद को नोटिस जारी की है। रास्ते पर किए गए अतिक्रमण को तत्काल खाली करने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही एक सप्ताह में अतिक्रमण हटाने के बाद जवाब भी मांगा है। ऐसा न करने पर उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट देकर विधिक कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी है। इसके साथ ही अन्य क्षेत्रों के धार्मिक स्थलों से अवैध अतिक्रमण को चिन्हित करने के निर्देश पालिका कर्मियों को दिया है।

# मनोज तीसरी बार निर्विरोध ब्लॉक अध्यक्ष हुए निर्वाचित

## उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक कार्यकारिणी का चुनाव

इटियाथोक, गोंडा

**अमृत विचार:** रविवार को ब्लाक संसाधन केंद्र पर उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ का ब्लाक कार्यकार्रणी का चुनाव हुआ। चुनाव में संघ के ब्लाक अध्यक्ष मनोज मिश्रा तीसरी बार निर्विरोध ब्लाक अध्यक्ष निर्वाचित हुए। उनके साथ देवेन्द्र पाल दूबे कोषाध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुभाष शुक्ला, मंत्री पद के लिए राकेश यादव को निर्विरोध चुना गया। सभी पदों के लिए एक नामांकन पत्र होने से सभी पदाधिकारियों को निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया। ब्लाक अध्यक्ष मनोज मिश्रा ने चुनाव में आये सभी चुनाव अधिकारियों व शिक्षक साथियों का धन्यवाद दिया और शिक्षकों के हित के लिए हमेशा कंधा से कंधा मिलाकर चलने का विश्वास दिलाया। इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी, इंद्रप्रताप सिंह, प्रमोद मिश्रा, क्रांति शुक्ला, दिलीप गुप्ता, श्रवण कुमार, इरशाद खान, इंद्रप्रताप सिंह, राजमंगल पांडेय, अजय पटेल, करन सिंह, राम अचल, कहकशा व सौरभ मिश्र सहित तमाम शिक्षक उपस्थित रहे।


निर्विरोध निर्वाचन के बाद कार्यकारिणी के सदस्य व संगठन के पदाधिकारी।

# प्रतिभा खोज परीक्षा के 606 सफल बच्चों को मिला सम्मान

इटियाथोक गोंडा

**अमृत विचार:** मिस्टी एजुकेशनल फाऊंडेशन व युवा सोच फाउंडेशन ट्रस्ट के तत्वाधान में प्रतिभा सम्मान समारोह, पुरस्कार वितरण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बालक भगवान लगभग माध्यमिक विद्यालय भटपुरवा बिशनपुर संगम में आयोजित इस एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा में 3366 बच्चों ने प्रतिभाग किया। जिसमें से 606 बच्चों का चयन पुरस्कार के लिए किया गया। कार्यक्रम का संचालन शब्बीर अहमद गुरुजी ने किया कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधक हनुमंत भाई पटेल व प्रभारी भूपेंद्र भाई पटेल रहे। जूनियर वर्ग में राजकुमार यादव को लैपटॉप, अमित शुक्ला को स्मार्टफोन, अदिति सिंह को साइकिल व सीनियर वर्ग में दीपेंद्र शुक्ला को लैपटॉप, अरुण कुमार तिवारी को स्मार्टफोन, राजा बाबू को साइकिल दिया गया। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा, कार्यकारी अध्यक्ष राहुल श्रीवास्तव, जिला महामंत्री अवधेश सिंह, जिला उपाध्यक्ष सत्य प्रकाश गौतम, ब्लॉक अध्यक्ष डॉ रामराज, ब्लॉक मंत्री अभय प्रताप सिंह, नीरज शर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष जितेंद्र प्रकाश मौर्य, अनुराग मिश्रा, पूर्व कारागार मंत्री सपा नेता राकेश कुमार वर्मा, मंडल अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा खुशबू शुक्ला व मंडल मंत्री अनिता भी रही मौजूद रहीं।


एकलव्य प्रतिभा खोज परीक्षा में सम्मानित लोग। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


शिक्षा व साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए विवेक व सौरभ का हुआ सम्मान।

### शिक्षा व साहित्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए किया सम्मानित

**गोंडा कार्यालय :** अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट मे शैक्षिक संवाद मंच की तरफ से आयोजित तीन दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी एवं शिक्षक सम्मान समारोह मे शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले उत्तर प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के चयनित शिक्षको को सम्मानित किया गया। स्कूल में अपने नवाचारी प्रयासों से सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले जिले के पूर्व माध्यमिक विद्यालय कुरसहा के शिक्षक विवेक पाठक व कम्पोजिट विद्यालय पिपरा पदुम के सौरभ गुप्ता को गिजूभाई बधेका शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। विद्यालय मे एक दिन, क्रांति पथ के राही तथा यात्री हुए हम पुस्तकों मे अपने उत्कृष्ट लेखो का योगदान देने के लिए शिक्षक विवेक पाठक को राष्ट्र गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पद्मश्री उमाशंकर पांडेय, डिप्टी कमांडेट आईटीबीपी कमलेश कमल, समाजसेवी गोपाल भाई, राज्य हिन्दी संस्थान के प्रदीप जयसवाल, डायट प्रवक्ता मनोज वार्ष्णेय, साहित्यकार बाबूलाल दीक्षित, प्रमोद दीक्षित मलय, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त आसिया फारूकी व ईश्वरी सिन्हा आदि उपस्थित रहे।

### सेवानिवृत्त होमगार्ड जवान संगठन ने दी विदाई


समारोह के दौरान सम्मानित होमगार्ड के जवान। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय :** होमगार्ड जवान के सेवानिवृत्ति पर विदाई समारोह का आयोजन उत्तर प्रदेश होमगाड्र्स अवैतनिक अधिकारी व कर्मचारी एसोसिएशन के तत्वावधान में रविवार को गांधी पार्क में किया गया। सेवानिवृत्त हुए जवान प्लाटून कमांडर राम बिहारी कंपनी पंड़री कृपाल को अंग वस्त्र, मिष्ठान, धार्मिक ग्रंथ, साल, गमछा, छाता, टॉर्च व नगद धनराशि प्रदान किया गया। विदाई सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष नरेंद्र अंकम ओझा ने कहा कि सेवानिवृत्ति सेवा क्षेत्र की एक प्रक्रिया है जो सरकारी सेवा से जुड़े लोगों के जीवन में आती है। भले ही व्यक्ति सेवा क्षेत्र से सेवानिवृत हो जाता हो लेकिन उसका कार्य सामाजिक क्षेत्र में बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि जब कोई सेवानिवृत्ति के बाद अपने गांव में पहुंचता है तो लोग उसे समाज में सही काम करने व पथ प्रदर्शक के रूप में देखते हैं। इसलिए पूरी ईमानदारी के साथ सामाजिक जीवन के दायित्व का निर्वहन करना चाहिए। संगठन अध्यक्ष ने सुखी रहने की कामना ईश्वर से किया। कार्यक्रम को ब्लॉक ऑर्गेनाइजर विजय वर्मा व पूर्व मंडल अध्यक्ष दिनेश पांडे ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जय प्रकाश गोस्वामी, कोषाध्यक्ष राकेश पाठक, कम्पनी अध्यक्ष पीसी श्याम बाबू पाण्डेय, रामकृपाल वर्मा, जग प्रसाद यादव, जय शंकर शुक्ल, राजेंद्र दूबे, सूर्यमणि मिश्रा, अरुण श्रीवास्तव, व रामछबि, स्वामीनाथन, महाराजदीन, वीरेन्द्र मिश्र, ललित ओझा, महेश्वर पांडे, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### संत के उपदेश व कृपा से रघुवंश का कल्याण हुआ



**करनैलगंज, गोंडा :** पहाड़ापुर में चल रही संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महोत्सव में पंडित वीरेंद्र गोपाल महाराज ने कहा की संत के उपदेश व कृपा से रघुवंश का कल्याण हुआ। संत जिसका भार अपने कंधों पर लेते हैं उसका कल्याण सुनिश्चित हो जाता है। कथा वाचक ने भूगोल खगोल के बारे में बताते हुए भारतवर्ष की महिमा का गुणगान करते कहा देवता भी भारत भूमि में जन्म लेने के लिए तरसते रहते हैं। 28 प्रकार के नर्क का वर्णन करते हुए विभिन्न प्रकार की यात्राओं का वर्णन किया तथा नर्क से बचने का उपाय केवल भागवत नाम संकीर्तन ही है। भगवान नाम की महिमा के प्रसंग में अजामिल का चरित्र सुनाया। भागवत नाम लेने से अजामिल को मुक्ति कैसे हुई उन्होंने अपने पुत्र नारायण को पुकारा। उसी समय नारायण दूत वैकुंठ धाम हुआ। भगवान कैसे समदर्शी हैं इस प्रसंग में भक्त प्रहलाद का चरित्र सुनाया गया। भगवान ने भक्त प्रहलाद के ऊपर कैसे कृपा की इसका भी चरित्र चित्रण किया गया। नारायण का लेने से भवसागर पार हो जाता है। इस अवसर पर श्रीनाथ रस्तोगी, राम तीरथ मौर्य, शिवम गुप्ता, प्रदीप सोनी, शुभम, विजय वर्मा, राम भवन, गोलू, रवि श्रीवास्तव, अजय मौर्या, मनोज कुमार शुक्ला, कृष्ण रस्तोगी, कुंज रस्तोगी, डा .धनेश गोस्वामी, ज्वाला प्रसाद मिश्र, सहदेव आदि मौजूद रहे।

# हिमाचल प्रदेश में बेसिक शिक्षा पर शोध करेंगे रवि



**करनैलगंज, गोंडा:** जिले के आदर्श शिक्षक रवि प्रताप सिंह बेसिक शिक्षा पर हिमांचल प्रदेश में शोध करेंगे। भारत सरकार ने हिमाचल प्रदेश के स्कूलों पर शोध कार्य कराने का फैसला किया है। जिसमें धौरहरा स्कूल के प्रधानाध्यापक को एक्सपर्ट के रूप में शामिल किया है। रवि प्रताप सिंह ने बताया कि हिमालय प्रदेश के कुल्लू और मण्डी जिले में यह कार्य करने के लिए निर्देश प्राप्त हुए हैं। हिमाचल प्रदेश के स्कूलों में सेफ्टी, सिक्युरिटी और ईसीसी की स्थिति ठीक है या नहीं, इस पर भारत सरकार एक शोध कार्य करा रही है। शोध कार्य में स्कूलों से आंकड़े, लर्निंग आउटकम देखा जा रहा है। आंकड़ों को एकत्रित करने के साथ ही साथ बच्चों, शिक्षकों, अभिभावकों तथा अधिकारियों से अन्य बिंदुओं पर जानकारी इकट्ठा की जा रही है। इस जानकारी और आंकड़ों के आधार पर रिपोर्ट तैयार करके भारत सरकार को दी जाएगी। हिमालय प्रदेश का अध्ययन करने वाली टीम में जिले के आदर्श अध्यापक रवि प्रताप सिंह को शामिल किया गया है। शोध टीम अपनी रिपोर्ट एनसीईआरटी, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार को देगी।

## 25 दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण

**रुपईडीह:** दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के तत्वावधान में ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण अमित पाल की देखरेख में ब्लॉक मुख्यालय पर कृत्रिम अंग वितरण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में ब्लॉक की ग्राम पंचायत चौरी परिहार, इटहिया नवीजोत, मधवा नगर, नारायणपुर माफी, देवतहा, कोचवा आदि विभिन्न ग्राम पंचायतों को मिलाकर 25 दिव्यांगों को विभिन्न प्रकार के कृत्रिम उपकरण वितरित किए गए। विभाग के तकनीशियन कन्हैयालाल, विजय कुमार तिवारी, मोहनलाल मीणा, शशि गोयल, नरेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



### जायसवाल समाज के अध्यक्ष बने राजकुमार

**गोंडा :** जायसवाल समाज की नई सत्र की बैठक आयोजित हुई। जिसमें सर्वसम्मत से पुन: एक बार फिर जिले के राजकुमार जायसवाल समाज का अध्यक्ष चुना गया। प्रस्ताव समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश कुमार जायसवाल एवं अनूप कुमार जायसवाल ने किया। सभी सदस्यों ने एक ध्वनि से सहमति प्रदान की। साथ ही अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल को नई कार्यकारिणी गठित करने के लिए कहा गया तथा जायसवाल समाज का ट्रस्ट में रजिस्ट्रेशन के लिए भी शीघ्र कराए जाने का फैसला किया गया। बैठक में जायसवाल समाज के अति गरीब परिवारों के बच्चों के शादी, स्वास्थ्य व शिक्षा में भी आर्थिक सहयोग के लिये अनुमोदन किया गया। बैठक में आशीष जायसवाल, आलोक जायसवाल, असित जायसवाल, पवन जायसवाल, देवेंद्र जायसवाल, बच्चा जायसवाल, तारकेश्वर गुप्ता, विशाल जायसवाल ज्वेलर्स, शशांक जायसवाल, राम आशीष जायसवाल, अनिल जायसवाल, महेश जायसवाल, अजीत गुप्ता, मनोज जायसवाल, नवीन जायसवाल नन्हे, नरेंद्र जायसवाल, विशाल जायसवाल, शक्ति सामन्त आदि रहे।

## शौचालय निर्माण न होने की शिकायत

**रुपईडीह:** ब्लॉक मुख्यालय पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण न होने की शिकायत उत्तर प्रदेश ग्राम प्रधान संघ के ब्लॉक अध्यक्ष अमित कुमार अवस्थी व महामंत्री बृजेंद्र शुक्ल ने क्षेत्रीय विधायक विनय कुमार द्विवेदी मुन्ना भैया से की है। उन्होंने बताया कि ब्लॉक मुख्यालय पर सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराये जाने की मांग सहायक विकास अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी से कई बार की गई फिर भी आज तक सामुदायिक शौचालय का निर्माण नहीं कराया गया है। इससे ब्लॉक मुख्यालय आने वाले फरियादियों व जन प्रतिनिधियों को शौच के लिए दिक्कते उठानी पड़ रही है।

# वार्षिकोत्सव में बच्चों ने प्रस्तुतियों से मोह लिया मन



वार्षिकोत्सव में नृत्य कार्यक्रम पेश करते बच्चे। अमृत विचार



नाटक के जरिए सोशल मीडिया का दुष्प्रभाव बताते बच्चे। अमृत विचार

**गोंडा कार्यालय:** खोरहंसा बाजार स्थित ब्रेडवेल इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया। समारोह में नाटक के जरिए मोबाइल फोन से होने वाले नुकसान की तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए अभिभावकों को अपने बच्चों को मोबाइल फोन से दूर रखने का संदेश दिया गया। खोरहंसा बाजार स्थित ब्रेडवेल इंटरनेशनल स्कूल में रविवार को आयोजित वार्षिकोत्सव समारोह का शुभारंभ करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के प्रतिनिधि चंदन मिश्रा व राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिलाध्यक्ष इंद्रपाल तिवारी व युनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन के संगठन मंत्री बृजभूषण पांडेय व प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के जिलामंत्री शिवमूर्ति पांडेय ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों ने नाटक को माध्यम से मोबाइल फोन से होने वाले दुष्प्रभावों को बारें में भी अभिभावकों को जागरुक किया। समारोह में प्रधान सराय जरगर व स्कूल के प्रबंधक अब्दुल मोइद ताज, सैय्यद साजिद हुसैन, निदेशक काजी अजीजुर्हमान, प्रधानाध्यपक हामिद रिजवी, फरहा सिद्दीकी, अमरीन खान, आसमा शौकत, साफिया जरीन आदि रहीं।

### परिषदीय स्कूलों में वार्षिकोत्सव की रही धूम

**मनकापुर/परसपुर :** कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों में भी इस वर्ष वार्षिकोत्सव कार्यक्रम की धूम है। मुख्य विकास अधिकारी एम अरुन्मौलि के निर्देश पर सभी स्कूलों में वार्षिकोत्सव समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में मनकापुर के कस्तूरबा बालिका स्कूल में वार्षिकोत्सव व अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। समारोह मे सांस्कृतिक व खेल-कूद कार्यक्रम हुआ। स्कूल वार्डेन अंजू जैसवाल ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा अंशिका ने किया। कार्यक्रम में वार्डेन अंजू जैसवाल, अनुपम सिंह, प्रज्ञा सिंह, अलका, शैलकुमारी, अमित सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। परसपुर के प्राथमिक विद्यालय परसपुर प्रथम में भी वार्षिकोत्सव एवं अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि परसपुर विकास मंच के डॉ अरुण सिंह, वार्ड सभासद पारसनाथ गुप्ता एवं सिद्धान्त शुक्ला उर्फ अंशू ने किया। कार्यक्रम का संचालन महेंद्र प्रताप सिंह ने किया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, देशभक्ति, लोकगीत, भाषण एवं एकांकी का बहुत ही मनमोहक प्रदर्शन किया। एआरपी बृजेश सिंह ने उपस्थित अभिभावकों को अपने बच्चो के प्रति सजग रहने हेतु प्रेरित किया।

# दो सॉल्वर समेत चार आरोपी किए गए गिरफ्तार

## दूसरे के स्थान पर दे रहे थे परीक्षा, बिहार के नालंदा व मधुबनी इलाके के रहने वाले हैं कुंदन और विकास

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा में सेंधमारी करने वाले 2 सॉल्वरों समेत 4 युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया एक आरोपी मनकापुर के आरपी इंटर कॉलेज में जबकि दूसरा नवाबगंज में दूसरे अभ्यर्थी के नाम पर परीक्षा दे रहा था। बॉयोमेट्रिक उपस्थिति के दौरान दोनों से सॉल्वरों की पोल खुल गयी। नवाबगंज में पकड़े गए सॉल्वर ने दो अभ्यर्थियों से 6-6 लाख रुपये में पास कराने का ठेका लिया था। पुलिस ने आरोपी सॉल्वर व दोनो अभ्यर्थियों को गिरफ्तार कर लिया है। वही मनकापुर के आरपी इंटर कालेज में भी एक सॉल्वर दूसरे को स्थान पर परीक्षा देता धरा गया है। पकड़े गए आरोपी सॉल्वर से पूछताछ करने में जुटी है।

एसपी विनीत जायसवाल ने बताया कि बिहार प्रांत के नालंदा जिले के ग्राम बेलसर नैली थाना नूर सराय का रहने वाले कुंदन कुमार यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के पहले दिन दूसरी पाली में नवाबगंज के गांधी इंटर कालेज में परीक्षा देने पहुंचा था। वह मनकापुर कोतवाली क्षेत्र के बनकसिया गांव के रहने वाले तन्मय सिंह के स्थान पर परीक्षा दे रहा था। परीक्षा में बायोमैट्रिक उपस्थिति के दौरान वह पकड़ में आ गया।

इस मामले में कालेज के प्रधानाचार्य डा कृष्ण कुमार सिंह ने नवाबगंज थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पकड़े गए आरोपी से पूछताछ में तन्मय व हरेंद्र कुमार का नाम सामने आया। एसपी ने बताया कि कुंदन को साथतन्मय व हरेंद्र को भी गिरफ्तार किया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

वहीं रविवार को भी मनकापुर के आरपी इंटर कालेज में एक मुन्ना भाई दूसरे के स्थान पर परीक्षा देता पकड़ा गया। बिहार प्रान्त के मधुबनी जिला के धौसिया गांव का रहने वाला विकास कुमार पुत्र रामविलास विजय कुमार नाम के अभ्यर्थी के स्थान पर मनकापुर के आरपी इंटर कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचा था। ड्यूटी पर लगे शिक्षकों को संदेह हुआ तो तत्काल इसकी जानकारी केंद्र व्यवस्थापक और भर्ती की निगरानी कर रहे अफसरों को दी गयी।

मनकापुर कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक संतोष मिश्रा ने बताया कि युवक को हिरासत में लिया गया है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पकड़े गये आरोपी कि संबंध नवाबगंज में पकड़े गए सॉल्वर से भी होने की आशंका है। एसडीएम राजीव मोहन सक्सेना ने कहा कि विजय कुमार की जगह विकास कुमार जो गैर प्रांत का है परीक्षा देने आया था। उसे हिरासत में लिया गया है। विजय कुमार खरगूपुर थाना क्षेत्र के इमिलिया गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। उसकी तलाश में पुलिस टीमें लगायी गयी हैं।


परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते एसपी विनीत जायसवाल। अमृत विचार


पुलिस की गिरफ्त में सॉल्वर और अभ्यर्थी। अमृत विचार

### दो अभ्यर्थियों से 6-6 लाख में हुई थी सॉल्वर की डील

पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि जिन दो अभ्यर्थियों ने सॉल्वर कुंदन को बुलाया था उनमें तन्मय सिंह पुत्र महेश्वरी दत्त सिंह निवासी ग्राम बनकसिया शिवरतन सिंह थाना मनकापुर व हरिन्द कुमार पुत्र अम्बिका प्रसाद निवासी रमगढवा दुल्हापुर बनकट थाना धानेपुर का नाम शामिल है। एसपी के मुताबिक दोनों अभ्यर्थियों को साल्वर कुंदन ने 6-6 लाख रुपये में पास कराने का ठेका लिया था। पहले दिन वह तन्मय के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचा था। रविवार को उसे हरिंद्र के स्थान पर बैठना था लेकिन इसके पहले ही वह दबोच लिया गया।

### दूसरे दिन भर्ती परीक्षा में बैठे 21133 अभ्यर्थी, 1475 गैरहाजिर

उत्तर प्रदेश प्रोन्नति भर्ती बोर्ड की तरफ से आयोजित इस भर्ती परीक्षा के लिए शहर के स्कूलों समेत मनकापुर, करनैलगंज व तरबगंज तहसील के 25 स्कूलों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। दूसरे दिन दोनों पालियों में 21133 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि 1475 अभ्यर्थी परीक्षा से गैरहाजिर रहे। रविवार को प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 10 बजे से प्रारंभ हुई। परीक्षा के लिये सुबह से ही अभ्यर्थी केंद्रों के बाहर पहुंच गए थे। सुबह 8 बजे से अभ्यर्थियों की प्रवेश प्रारंभ हो गया। सभी को 9 .30 बजे तक केंद्र के भीतर प्रवेश दिया गया। प्रवेश के लिये केंद्रों के बाहर परीक्षार्थियों की लंबी कतार नजर आई। केंद्र व्यवस्थापक के साथ ड्यूटी पर लगाए गए अध्यापकों ने अभ्यर्थियों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया। पहली पाली में 650 अभ्यर्थी गैरहाजिर रहे। वही दूसरी पाली में भी 825 अभ्यर्थी परीक्षा देने नहीं पहुंचे। पुलिस कंट्रोल रूम के मुताबिक दूसरे दिन कुल 21133 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। परीक्षा की निगरानी के लिए प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट व सेक्टर मजिस्ट्रेट तैनात रहे। एसपी विनीत जायसवाल व नोडल अधिकारी अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत ने भी परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

### परीक्षा के दौरान बेहोश हुई अभ्यर्थी

**करनैलगंज:** करनैलगंज के कन्हैया लाल इंटर कॉलेज में चल रही पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरी पाली की परीक्षा के दौरान एक परीक्षार्थी बेहोश होकर सीट से नीचे गिर गई। परीक्षा केंद्र पर मौजूद कक्ष निरीक्षकों ने पुलिस व स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। सूचना पर करनैलगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से चिकित्सक डॉ .अश्वनी गुप्ता और फार्मासिस्ट अशोक कुमार वर्मा दवाओं के साथ परीक्षा केंद्र पहुंचे। वहीं पुलिस ने एंबुलेंस भी बुला लिया। चिकित्सक के इलाज से बेहोश हुई परीक्षार्थी रानी पुत्री महानंद निवासी कोंडहा जगदीशपुर थाना कटरा बाजार होश में आई और थोड़ी देर बाद उसे पुन: परीक्षा देने के लिए बैठाया गया।

# मैथ और रिजनिंग ने अभ्यर्थियों को भटकाया, हिंदी में रही बल्ले-बल्ले


नवाबगंज में केंद्र के बाहर महिला अभ्यर्थियों की जांच करती पुलिसकर्मी। अमृत विचार


पुष्पा यादव।


पूनम।


मोहित गोस्वामी।


प्रेम प्रकाश पांडेय।


पूजा विश्वकर्मा।

करनैलगंज/ गोंडा

**अमृत विचार:** यूपी पुलिस भर्ती परीक्षा के दूसरे दिन का पेपर भी ठीक रहा। पहले दिन की तरह ही दूसरे दिन भी गणित व रिजनिंग के प्रश्नों ने अभ्यर्थियों को भटकाया। हालांकि हिंदी में अभ्यर्थियों की बल्ले बल्ले रही।भर्ती परीक्षा देकर निकले परीक्षर्थियों ने परीक्षा को लेकर अमृत विचार से अपने अनुभव साझा किए। अभ्यर्थियों ने कहा कि तैयारी के अनुसार पेपर तो बहुत अच्छा हुआ है लेकिन पेपर लीक होने का डर सता रहा है। कहीं दिन रात की कड़ी मेहनत पर पानी न फिर जाए।

धानेपुर की पूनम ने बताया कि मैंने जिस तरह से तैयारी की थी, उस हिसाब से पेपर अच्छा हुआ। गणित के प्रश्न थोड़े कठिन थे, लेकिन समय के अंदर उन्हें भी हल कर लिया। उम्मीद है कि रिजल्ट बेहतर आएगा। बस पेपर लीक होने का डर सता रहा है। अल्लीपुर गोकुला करनैलगंज की पुष्पा यादव ने बताया कि लगभग हर विषय के सवाल आसान थे। बस गणित काफी कठिन लगा।

मैथ्स व रिजनिंग के सवाल काफी उलझाने वाले थे। इसलिए इनमें थोड़ा ज्यादा समय लगा। बावजूद इसके पेपर अच्छा रहा। काशीपुर करनैलगंज के मोहित गोस्वामी के हिसाब से हिंदी का प्रश्न पत्र बहुत ही सरल था। रीजनिंग के सवाल कठिन लगे। समय का थोड़ा अभाव था वरना पेपर और बेहतर होता उन्होंने कहा कि उम्मीद है कि इस बार नंबर अच्छे आएंगे और बेहतर परिणाम के साथ मेहनत का अच्छा फल मिलेगा।

बाबागंज करनैलगंज के प्रेम प्रकाश पाण्डेय ने परीक्षा केंद्र के अव्यवस्था पर नराजगी जाहिर की कहा, कम समय में जांच के नाम पर परेशान किया गया। फिर भी पेपर अच्छा हुआ है। हिंदी, कंप्यूटर और सामान्य अध्ययन समेत अन्य विषयों के सवाल काफी आसान थे।इटियाथोक की पूजा विश्वकर्मा को सबसे आसान हिन्दी और सामान्य ज्ञान का पेपर लगा। बताया कि इन्हें आसानी से कम समय में हल कर लिया। उन्होंने बताया कि 120 प्रश्नों को हल किया है।

### कटहर बुटहनी में हुआ भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का युवा संवाद सम्मेलन

**गोंडा कार्यालय:** भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग मोर्चा युवा संवाद सम्मेलन मनकापुर विधानसभा के कटहर बुटहनी गांव में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि के रूप अवध क्षेत्र के महामंत्री राम शंकर राजपूत, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष ऋषि चौरसिया, क्षेत्रीय मंत्री अवध क्षेत्र रंजीत बाबा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष प्रिंस चौरसिया ने किया। कार्यक्रम में महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बीना राय, सांसद गोंडा प्रतिनिधि कमलेश पांडे भी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन जिला उपाध्यक्ष पिछड़ा वर्ग विजय चौहान,पूजा कश्यप, अनुपम श्रीवास्तव ,अवधेश, सविता, एसके राजभर, दिनेश प्रजापति ,लालमणि आदि लोगों ने किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख जगदेव चौधरी रोहित कश्यप, विजय सोनी, सूरज, संजय कुमार आदि मौजूद रहे।

# इलाज का पता नहीं, संक्रमण के इंतजाम पूरे

## हाल-ए-जिला अस्पताल: इमरजेंसी के सामने जम रहा बदबूदार पानी, महीनों से नहीं कोई पुरसाहाल

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार:** जिले भर को स्वास्थ्य बांटने का जिम्मा जिस विभाग को है वहां की सफाई व्यवस्था कोमा में है. अंदर जाने की जरूरत नहीं, इसकी बानगी जिला अस्पताल मे घुसते ही इमर्जेंसी गेट के सामने दिख जाएगी. यहां बना सेप्टिक टैंक महीनेभर से ज्यादा समय से ओवरफ्लो हो रहा है. इससे निकला बदबूदार पानी पीछे नेत्र और होमिओपैथी विभाग की ओर जाने वाले रास्ते पर जलभराव के रूप मे फैला पड़ा है. भयंकर दुर्गंध के चलते गुजरना दुश्वार है। जिम्मेदार बताते हैं कि अंग्रेजों के जमाने का बना सेप्टिक टैंक है, बार बार सफाई के बावजूद भर जाता है. ठीक से निकासी संभव नहीं है लिहाजा दोबारा बनवाना ही स्थायी समाधान है.


इमरजेंसी के बगल सेप्टिक टैंक पास फैला बदबूदार पानी। अमृत विचार

**इमरजेंसी के सामने खड़ा होना भी दूभर:** एक दुर्घटना में बुरी तरह घायल भांजे को लेकर आए रामकृपाल, उसकी पत्नी पारुल और गांव के ही संकटा प्रसाद ने बताया कि यहां बदबूदार माहौल में घंटे भर खड़ा रहना चुनौती समान है. अपनी बहन की आंख चेक कराने जा रहीं प्रमिला ने बताया कि घर जाकर फिर से नहाना पड़ेगा. विमला देवी को तो दो बार उल्टियां तक करनी पडी.

**रोजाना सैकड़ों मरीज़ व तीमारदार गुज़रते हैं:** रोजाना जिला अस्पताल आने वाले मरीज़ व उनके तीमारदारों की संख्या काफी ज्यादा है लेकिन नेत्र विभाग और होमिओपैथी विभाग के लिए यही रास्ता है. स्टाफ़ और निर्माण में लगे मजदूरों को छोड़कर रोजाना इधर से 10 से 12 हजार लोग रोज गुज़रते हैं. दुपहिया चौपहिया वाहनों से उड़ने वाले छींटे रास्ते को और भी दुरूह बताते हैं. संक्रमण फैलने के यहां पूरे इंतजाम हैं।

उधर, इस मामले में जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनिल तिवारी ने बताया कि सीवर सक्शन मशीन से इसकी सफाई करायी जाती है लेकिन अब यह जल्दी जल्दी भर जा रहा है। अंग्रेजों के समय का निर्माण है। नए निर्माण से ही स्थायी समाधान संभव है। कहा कि फिलहाल सफाई के लिए जिम्मेदार अनुभाग को बोल दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### लो वोल्टेज से निजात दिलाने की मांग

**गोंडा:** लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता परेशान हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि अचानक वोल्टेज कम हो जा रहा है। जिसके कारण टुल्लू पंप नहीं चल पाता है। ठंडी का दिन है नहाने आदि में समस्या हो रही है। माधव पुरम के रहने वाले लालजी, पंकज, विनोद, श्याम, महेश, रमेश, शिवकांत, राम बिहारी, विष्णु आदि ग्रामीणों ने लो वोल्टेज की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

### ग्रामीणों ने इंटरलॉकिंग लगवाने की उठाई मांग

**गोंडा:** ग्राम सभा सेमरा दम्मन के मजरे कोरीनपुरवा के ग्रामीणों ने रास्ता सही करने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते पर इंटरलॉकिंग लगाया जाना आवश्यक है। ताकि आने-जाने में सुगमता रहे। ग्रामीणों में रामधोग, चुन्नी, सीतापति, विमलेश, रामू, श्याम बाबू, वीरप्पन, उमेश, श्याम राजभर आदि रहे।

### गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**खरगूपुर:** पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर एक किलो से अधिक अवैध गांजा बरामद किया है। खरगूपुर महाराजगंज मार्ग पर माधव नगर के निकट एक संदिग्ध युवक को गिरफ्तार किया है। थाना अध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी हरीश कुमार शुक्ला निवासी ग्राम जमुन ही हरदो पट्टी के पास से अवैध रूप से मौजूद एक किलो डेढ़ सौ ग्राम गांजा बरामद किया गया। आरोपी उसे बेचने के लिए जा रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस की धारा के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय रवाना किया गया।

### आरोग्य मेले में 25 मरीजों का उपचार

**रुपईडीह:** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुख्यालय पर मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेला आयोजित किया गया। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चीफ फार्मासिस्ट कुलदीप तिवारी ने बताया कि इस मेले मे विभिन्न गांवों को मिलाकर 25 मरीज का उपचार किया गया।

### 12 साल से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

**रुपईडीह:** 12 साल पहले हुई मारपीट की घटना में न्यायालय से वांछित चल रहे कौड़िया के टनटनवापुर गांव निवासी जगन्नाथ तथा बेलवा बाजार गांव निवासी आलोक तिवारी व अरविंद कुमार को आपस में मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अंकुर वर्मा ने बताया कि गिरफ्तार किए गए सभी आरोपितों को पुलिस द्वारा न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

### सामुदायिक शौचालय का निर्माण पूरा कराने की मांग

**रुपईडीह:** ब्लॉक की एक दर्जन से अधिक ग्राम पंचायतो में सामुदायिक शौचालय का निर्माण अधूरा रहने की शिकायत श्री रग्घू बाबा सेवा आरोग्य संस्थान घुचुआपुर के प्रबंध निदेशक गोली दुबे ने मुख्य विकास अधिकारी से की है। उनके शिकायत पर मुख्य विकास अधिकारी ने शीघ्र ही मौके की जांच करा कर आवश्यक कार्रवाई कराये जाने का आश्वासन दिया है।

### संदिग्ध परिस्थितियों में युवती लापता, प्राथमिकी दर्ज

**परसपुर:** परसपुर थाना क्षेत्र की रहने वाली घर से युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गयी। लापता युवती के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है। बताया कि उसकी बहन शुक्रवार दोपहर में घर से निकली थी लेकिन वापस नहीं लौटी। स्वजनों ने आसपास सगे सम्बन्धियों में काफी तलाश की लेकिन उसका पता नहीं चल सका। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी गयी।थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी गयी है।

### ग्रामीणों ने खस्ताहाल सड़क निर्माण की उठाई मांग

**गोंडा:** विकासखंड पंडरीकृपाल के अंतर्गत रेलवे प्लांट से तुरकाडीहा को जाने वाली सड़क जर्जर हो गई है। जिससे आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। ग्रामीणों ने सड़क की मरम्मत करने की मांग प्रशासन से की है। ग्रामीणों के मुताबिक मंडी समिति ने करीब 7 वर्ष पहले इस सड़क का निर्माण कराया था लेकिन अब यह सड़क अत्यंत जर्जर हो गई है ।कई बार स्थानीय प्रतिनिधियों के माध्यम से सड़क को सही करने की मांग की गई। लेकिन कोई सकारात्मक परिणाम नहीं आया। ग्रामीणों में गौरव, विपुल, रमेश, विश्वनाथ, महेश, अशोक, आदेश विकास करने की मांग की है।

### बीजेपी ने चलाया लाभार्थी संपर्क अभियान

**इटियाथोक:** मंडल बहलोलपुर के सेक्टर पारासराय स्थित नवीन चंद स्मारक महाविद्यालय में लाभार्थी संपर्क अभियान के संदर्भ में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी वरिष्ठ राजा बाबू गुप्ता उपस्थित हुए एवं मंडल महामंत्री कृष्ण कुमार मौर्य, संजय त्रिपाठी, राजकुमार शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### फंदे से लटकता मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**परसपुर, गोंडा:** पसका टेढ़ई माझा गांव में रविवार को एक नवविवाहिता का शव फंदे से लटकता पाया गया। मृतका के भाई ने विवाहिता के ससुराल वालों पर दहेज की मांग को लेकर हत्या कर शव लटकाने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कुड़ियाव निवासी रिंकू यादव ने बताया कि उसवे अपनी बहन नीतू (20) की शादी आठ माह पूर्व जून 2023 मे ग्राम पसका टेढ़ई माझा गांव के अनुज यादव के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद अनुज दहेज में कार की डिमांड कर रहा था। मांग पूरी नहीं हुई तो उसने नीतू की हत्या कर उसे फंदे से लटका दिया। रविवार की सुबह रिश्तेदारों की सूचना पर वह अपने बहन के घर पहुँचा तो उसका शव फंदे से लटकता मिला।

# बढ़ता जा रहा स्लीपर बसों का कद और कुनबा

## एक के बाद एक हो रहे हादसों से नहीं ले रहे सबक, संचालक भी बेलगाम, स्लीपर बसों का दायरा बढ़ा

**गोंडा कार्यालय:** राजकीय परिवहन निगम का धंधा भले ही घाटे की ओर हो लेकिन नेशनल हाइवे के लंबे लंबे रूटों पर एक्सप्रेस ट्रेनों के नाम से संचालित स्लीपर बसों का गोरखधंधा खूब फल फूल रहा है।



कोविड संक्रमण के दौरान बंद की गई ट्रेनों और लंबे रुट की रोडवेज बसों ने इस गोरखधंधे के लिए खाद पानी जैसा काम किया। कोविड प्रोटोकाल को दरकिनार कर इन बसों में सवारियां ठून्स कर भरी जाती है। परिवहन विभाग में 75 स्लीपर बसें पंजीकृत हैं। इनमें अधिकांश का संचालन बिहार से पंजाब के बीच वाया दिल्ली किया जाता है। व्हील बेस को आधार बनाकर सीटों और टैक्स किराए का निर्धारण किया जाता है। लेकिन मॉडल से छेड़छाड़ कर 42, 54, 62 सीटों को मनमाने ढंग से बढ़ाया जाता है। छह से दस सीटें कमोबेश सभी स्लीपर मॉडल बसों में बढ़ा हुआ रहता है जिसे अफसर नजरअंदाज करते हैं। बसों की बॉडी बनवाते समय सीटों के बीच निर्धारित गैप को कम किया जाता है। लेकिन सबसे बड़ा खेल पिछले इमरजेंसी डोर को लॉक करवाकर किया जाता है। इस स्थान की एवज में दो से तीन सीटें और बढ़ जाती हैं। दुर्घटना के वक्त यही आपातकालीन दरवाजे के न होने बड़े हादसे का सबब होता है। संभागीय प्राविधिक निरीक्षक संजय कुमार का कहना है कि यात्री बसों की फिटनेस को लेकर विभाग की कार्रवाई लागतार जारी है। अबतक 76 स्लीपर बसों की सघन फिटनेस जांच की जा चुकी है जिसमे छह स्लीपर बसों में अनाधिकृत रूप से सीटों की संख्या बढ़ाई गई थी, उनपर कार्रवाई भी की गई है।

**परमिट के नाम पर खूब फर्जीवाड़ा:** इतने लंबे रुट पर मंजिली परमिट के नाम पर विभागीय मिलीभगत से खुलेआम खेल किया जाता है जो कभी नही पकड़ा क्योंकि यह आम लोगों के सरोकार से बाहर का खेल है। जबकि मंजिली परमिट का प्रावधान केवल रोडवेज बसों के लिए ही है।

**खूब बचाते हैं पार्किंग शुल्क:** जिले में भले ही 75 या अधिक स्लीपर बसें हों लेकिन एक भी बस का पार्किंग शुल्क किसी नगरीय निकाय को नही जाता है। गोण्डा शहर के किनारों पर बने पेट्रोल पम्प इनके स्टैंड हैं। ऑनलाइन सवारियों की बुकिंग होते ही ये मनकापुर बस स्टॉप के आसपास खुले दफ्तरों में जा खड़े होते हैं और सवारियां लेकर निकल जाते हैं।

उधर, इस मामले में आरटीओ प्रवर्तन अजय कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर बिना परमिट स्लीपर बसों का संचालन वैध नहीं है। इसे लेकर समय-समय पर कार्रवाई की जाती है। मॉडल में छेड़छाड़ को लेकर सभी विभागीय जिम्मेदारों को निर्देश दिए गए हैं।

### अश्लील हरकत करने के आरोपी को दबोचा

**खरगूपुर:** महिलाओं व लड़कियों पर फब्तियां कसने के मामले में पुलिस ने एक युवक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश सिंह ने बताया कि खरगूपुर इटियाथोक मार्ग के बाबा पृथ्वीनाथ बालिका इंटर कालेज इंछापुरवा जाने वाले मोड़ के पास एक व्यक्ति आने जाने वाली महिलाओं व लड़कियों से अश्लील हरकत कर रहा है। सूचना मिलने पर मुख्य आरक्षी सोनू कनौजिया व इंद्रेश यादव की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार किये गये आरोपी ने अपना नाम विजय शंकर निवासी थाना कोतवाली देहात माधव पुरवा बताया। आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# दो पक्षों में मारपीट, आठ पर केस

परसपुर, गोंडा

**अमृत विचार:** परसपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मधईपुर खांडेराय गलिबहा के रहने वाले दुर्गाबक्श सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर नामजद चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि उसका लड़का महेश सिंह बरवन पुरवा निमंत्रण में गया था। तभी कुछ कहासुनी को लेकर जरौली के राहुल सिंह, तालेपुरवा के रिंकू सिंह, राजाटोला के सूरज सिंह व विकास सिंह ने राड व लाठी डंडे से पिटाई कर दी। और जानमाल की धमकी दी। लड़के के सिर में गम्भीर चोटें आईं। गम्भीर हालत में लड़के को चिकित्सक ने सीएचसी से इलाज के लिये जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं ग्राम राजाटोला के रहने वाले सूर्य प्रताप सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर अभद्रता, मारपीट व जानमाल की धमकी मामले में चार आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। आरोप है कि शुक्रवार को वह अपने रिश्तेदार राधेश्याम सिंह ग्राम जरौली चरहूँवा गया था। तभी आरोपी नीरज सिंह, महेश सिंह, पुष्पेन्द्र सिंह, रवि सिंह निवासी गलिबहा मधईपुर खांडेराय ने लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर दी। बचाव के लिये रिश्तेदार के घर में भागा तो विपक्षियों ने घर में घुसकर मारपीट व बाइक तोड़कर नुकसान कर दिया। जानमाल की धमकी दी। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि पीड़ित के तहरीर पर दोनों पक्ष के नामजद आठ आरोपियों के विरुद्ध केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# ताक पर आदेश, सड़कों पर घूम रहे छुट्टा पशु

बेलसर, गोंडा

**अमृत विचार:** बेलसर ब्लॉक के अधिकारियों पर मंडलयुक्त के आदेश का कोई असर नहीं दिखाई पड़ रहा है। छुट्टा मवेशियों के झुंड किसानों के खेत ये लेकर सड़क और ब्लाक परिसर तक तक घूम रहे है

ग्रामीणों ने ब्लाक के अफसरों पर आयुक्त के आदेश की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। हाल ही में मंडलायुक्त योगेश्वर राम मिश्र ने कहा था की सड़क पर बेसहारा पशुओं के मिलने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी जिम्मेदार होंगे। किसानों की फसलों को बचाने के लिए खेतों में घूम रहे पशुओं को गौआश्रय केंद्रो में संरक्षित किए जाए, लेकिन बेलसर में मंडलायुक्त का आदेश मायने नहीं रखता है। ग्राम पंचायत गोपीपुर में किसानों ने खेत में फसल को नुकसान पहुंचा रहे आधा दर्जन पशुओं को पास के बाग में बांध रखा है। किसान अजीत , झिक्कू व भदान ने बताया की रोज आश्वासन दिया जाता है लेकिन कोई कर्मचारी नही आता है। हरी शंकर ने बताया की खंड विकास अधिकारी, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी आदि से गौआश्रय केंद्र में पशुओं को संरक्षित कराने के लिए निवेदन किया लेकिन चार दिन बाद भी ब्लॉक से कोई कर्मचारी नही पहुंचा। नाराज किसान ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ गुड्डू सिंह से मिलकर अपनी समस्या बताया। ब्लॉक प्रमुख ने किसानों को आश्वासन दिया की कल दोपहर तक सभी पशुओं को आश्रय केंद्र में संरक्षित करा दिया जायेगा। गोंडा बेलसर मार्ग पर चांदपुर के पास चालीस से अधिक की संख्या में बेसहारा पशुओं का झुंड,ब्लॉक गेट ,ब्लॉक परिसर के अंदर भी बेसहारा पशुओं जमावड़ा बना रहता है लेकिन ब्लॉक के अधिकारियो को इस समस्या के निदान में कोई दिलचस्पी नहीं दिख रही है।


धानेपुर इलाके में फसल को नुकसान पहुंचा रहे छुट्टा जानवर। अमृत विचार

उधर, इस बाबत बेलसर के बीडीओ विजयकांत मिश्र ने बताया कि किसानों ने सूचना दी है। संबंधित ग्राम पंचायत अधिकारी को बेसहारा पशुओं को गौ आश्रय केंद्रों में दाखिल कराने का निर्देश दिया गया है।

## एक नजर

### जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** थाना हरदत्तनगर गिरण्ट श्रेत्र के राम पुर बस्ती जनपद श्रावस्ती का निवासी अभियुक्त मारुफ पुत्र वारिस को पुलिस ने बंजारनपुरवा तिराहा के पास से गिरफ्तार किया। तथा घटना में प्रयुक्त एक अदद नाजायज चाकू भी बरामद किया। अभियुक्त मारूफ पुत्र वारिस ने दिनांक 14 फरवरी को अपनी भतीजी के गले पर व भाभी के पीठ व गले पर धारदार हथियार से हमला कर दिया था। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गई थी। भतीजी की तहरीर पर अभियुक्त मारूफ के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत किया गया था।

### चोरी की साजिश रच रहे दो शातिर गिरफ्तार

**बाराबंकी।** चोरी की सजिश रच रहे दो शातिर बदमाशों को जैदपुर पुलिस ने चंदौली नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस ने उनके पास से दो चाकू बरामद किये। उसके बाद हरख के निवासी सनी वर्मा व नवाबपुर निवासी अजय उर्फ अज्जू को थाने लाकर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी दबोचा गया

**बाराबंकी।** रामनगर पुलिस की टीम ने दुष्कर्म और पाक्सो एक्ट के मामले में फरार वांछित आरोपी माजिद पुत्र मो.इशहाक निवासी सत्तिनपुरवा मजरे जुरौन्डा को गिरफ्तार कर जेल भेजा।

### चाकू के साथ दो बंदी

**बाराबंकी।** पुलिस की टीम ने चाकू के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। उसके बाद पकड़े गए दशहराबाग निवासी धर्मेन्द्र सिंह रावत और पीर बतावन निवासी शादाब को कोतवाली लाकर आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

### विद्यार्थियों को दी विदाई

हैदरगढ़, बाराबंकी। हैदरगढ़ कस्बा के निकट फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा 12 के छात्र छात्राओं को विदाई दी गई। इस अवसर पर भारती पांडेय ने परीक्षार्थियों को तिलक लगाकर आशीर्वाद दिया एवं उज्जवल भविष्य की कामना की।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केंद्रों का लिया जायजा

## परीक्षा केंद्रों का निरन्तर भ्रमण कर चल रही पुलिस भर्ती परीक्षा-2024 का किया निरीक्षण

श्रावस्ती

**सक्रियता**

- परीक्षा में किसी भी प्रकार की ना होने पाए अव्यवस्था, इसका रखा जाए ध्यान - जिलाधिकारी
- अराजक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी कृतिका शर्मा एवं पुलिस अधीक्षक घनश्याम चौरसिया ने पुलिस भर्ती परीक्षा-2024 के दूसरे दिन भी परीक्षा केंद्रों का निरन्तर भ्रमण कर चल रही परीक्षा का जायजा लिया तथा परीक्षा को नकलविहीन एवं सकुशल ढंग से सप्न्नन करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र क्रमशः विकास खण्ड हरिहरपुररानी के अन्तर्गत अलक्षेन्द्र इण्टर कालेज भिनगा एवं शिवालिक महाविद्यालय पटना खरगौरा एवं गिलौला अंतर्गत श्री काशी विश्वनाथ इंटर कॉलेज खैराकला का भ्रमण किया तथा परीक्षा केन्द्र पर डबल लॉक में रखे प्रश्नपत्रों के पैकेटों की टेम्परिंग का भी परीक्षण किया तथा प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर बनाए गए कंट्रोलरूम में जाकर सीसीटीवी कैमरों की भी जांच किया।



इस दौरान जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने कक्षों में जाकर चल रही परीक्षा का जायजा लिया तथा परीक्षा को नकलविहीन एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देशित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि परीक्षा में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था ना होने पाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाए।प्रत्येक दशा में परीक्षा नकलविहीन एवं सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न करायी जाय, यदि इसमें किसी भी व्यक्ति द्वारा अवरोध उत्पन्न करने की कोशिश करते पाया गया तो उसके खिलाफ विधिक कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने सभी स्टैटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया है कि परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स ले जाना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित है, इसका पूर्णयतः ध्यान रखा जाए। जिलाधिकारी ने वहीं पर उपस्थित स्टेटिक/सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिया कि वे डबल लॉक की सुरक्षा मानक अनुरूप सुनिश्चित कराएं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अराजक तत्वों पर पैनी नजर रखी जाए। परीक्षा में बाधा उत्पन्न करने वालो पर सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। जिससे परीक्षा को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, उपजिलाधिकारी पीयूष जायसवाल, सम्बन्धित स्टेटिक/ सेक्टर मजिस्ट्रेट, केन्द्र व्यवस्थापक एवं विद्यालय के प्रधानाध्यापकगण उपस्थित रहे।

## 2024 पुलिस भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न

श्रावस्ती

**अमृत विचार।** पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2024 दो दिवस में सकुशल व शान्तिपूर्णढंग से सम्पन्न कराया हुआ। आज परीक्षा के द्वितीय दिन प्रथम पाली में कुल पंजीकृत 1728 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 1625 अभ्यर्थी उपस्थित व 103 अनुपस्थित रहे। वहीं द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत 1728 के सापेक्ष 1633अभ्यर्थी उपस्थित व 95 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर 3456 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष कुल 3258 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में भाग लिया तथा 198 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

# बहराइच में डीएम-एसपी की सक्रियता के चलते परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

## जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर लिया जायजा

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले में रविवार को पुलिस भर्ती परीक्षा दोनों पालियों में हुई। प्रथम और दूसरे पाली में एक हजार से अधिक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के साथ जिले के अधिकारी निरंतर निरीक्षण करते रहे। नकल विहीन परीक्षा के लिए जिला प्रशासन ने सभी प्रयोग किया।

उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा आयोजित पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती-2023 की लिखित परीक्षा रविवार को भी हुई। जिले के 14 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने दूसरे दिन प्रथम पाली में सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज व महाराज सिंह इण्टर कालेज तथा द्वितीय पाली में राजकीय बालिका इण्टर कालेज व राजकीय इण्टर कालेज बहराइच परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण कर संचालित हो रही परीक्षा का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश दिये गये कि शासन के मंशानुसार सुचितापूर्ण ढंग से सकुशल परीक्षा सम्पन्न कराये। उल्लेखनीय है कि प्रथम पाली में सम्पन्न हुई परीक्षा में 7104 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 6632 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 472 रहीं। इसी प्रकार द्वितीय पाली की परीक्षा में 7104 अभ्यर्थियों के सापेक्ष 6543 अभ्यर्थी उपस्थित रहे। जबकि अनुपस्थित अभ्यर्थियों की संख्या 561 रही।



पुलिस भर्ती बोर्ड परीक्षा की जांच करतीं डीएम और एसपी। अमृत विचार

## फायर ब्रिगेड वाहन ने बालक को रौंदा, मौत

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** गांव से जा रही बरात में जनवासा देखने जा रहे बालक को तेज रफ्तार अनियंत्रित फायर ब्रिगेड वाहन ने ठोकर मार दी। हादसे में गम्भीर रूप से घायल बालक की इलाज के दौरान मौत हो गई। पिता की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।शनिवार को थाना सफदरगंज क्षेत्र के ग्राम डूडी में एक बरात का जनवासा देखने गए 11 वर्षीय अनित कुमार पुत्र अवधेश वर्मा को सिरौली-उधौली मार्ग पर उधौली की तरफ से आ रही सिरौलीगौसपुर फायर स्टेशन की गाड़ी ने टक्कर मार दी जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया। परिजन तत्काल उसे बाराबंकी हिन्द अस्पताल ले गए। जहां बालक की गम्भीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने उसे लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। लोहिया अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।



# रील बनाने के चक्कर में पलटी कार, 4 घायल

- बाईपास मार्ग पर रील बनाते समय अनियंत्रित हुई कार

बहराइच

**अमृत विचार।** रील बनाते समय तेज रफ्तार अनियंत्रित कार शहर के बाहर बाईपास पर तमाचपुर के निकट कई बार पलटी। जिसके चलते कार सवार सभी चारो किशोर गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों ने कार से घायलों को निकाल कर एंबुलेंस से मेडिकल कालेज भिजवाया। चिकित्सकों ने एक गंभीर घायल किशोर को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया है ।

कोतवाली नगर के काजीपुरा मोहल्ले के चार किशोर फहाद पुत्र आफताब अहमद, अयान पुत्र सईद, कासिफ पुत्र रशीद अहमद, रूसाद पुत्र आफताब रविवार को कार से रविवार दोपहर तीन बजे सैर सपाटे को कार से निकले थे। नानपारा बाईपास मार्ग पर सभी रील बनाने लगे। रील बनाते समय कार की रफ्तार इतनी बेलगाम हो गई कि कार नगर कोतवाली व रामगांव थाने के सरहद तमाचपुर बाईपास के पास अनियंत्रित होकर कई बार पलटी। घायलों को किसी प्रकार बाहर निकाल एंबुलेंस मंगाकर मेडिकल कालेज भेजा। मेडिकल कालेज इमर्जेंसी में तैनात डा. मनोज चौधरी ने बताया कि एक घायल फहाद को प्राथमिक इलाज के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया गया है। तीन घायल किशोरो का मेडिकल कालेज मे इलाज चल रहा है।



अनियंत्रित होकर पलटी कार।

# देर रात घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के मोहल्ला ग्रीन सिटी निवासी एक व्यक्ति अपने गांव स्थित मकान पर गया। इसकी भनक पाकर देर रात को अज्ञात चोरों ने घर में चोरी कर दी। चोर सोने चांदी के जेवरात समेत अन्य सामान लेकर फरार हो गए।

कोतवाली देहात के मोहल्ला ग्रीन सिटी में योगेश सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह चौथी गली में रहते हैं। योगेश सिंह का पुश्तैनी मकान हुजूरपुर थाना क्षेत्र के खजुहा पट्टी गांव में है। कोतवाली देहात में दी गए तहरीर में योगेश का कहना है कि वह परिवार समेत शनिवार शाम को घर चले गए देर रात को आजाद चोरों ने मुख्य दरवाजे के साथ गोदरेज अलमारी का भी ताला तोड़ दिया। इसके बाद चोरों ने चांदी के 10 सिक्का, दो जोड़ी पायल, सोने के जेवरात, एलसीडी टीवी, 5000 नगदी के साथ साड़ी लहंगा बर्तन समेत लाखों रुपए के समान की चोरी की। सुबह चोरी की जानकारी होने पर योगेश सिंह ने कोतवाली देहात में तहरीर दी है। योगेश के मुताबिक 2 लाख से अधिक की चोरी हुई है।

कोतवाल देहात बृजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच के के बाद केस दर्ज किया जाएगा। चौकी इंचार्ज को मौके पर जांच के लिए भेजा गया है।



मकान में चोरी के बाद बिखरा समान।

**माता के निधन पर गए थे घर**

योगेश कुमार सिंह ने बताया कि 2 दिन पूर्व उनके माता जी का निधन गांव पर हो गया था, जिसके चलते बार-बार घर जाना पड़ रहा है। शनिवार को भी सभी गांव गए तभी चोरी की वारदात हो गई।

## रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हुआ किशोर

**सतरिख, बाराबंकी:** रहस्यमय परिस्थितियों में एक किशोर लापता हो गया। पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। सतरिख थाना क्षेत्र के नानमऊ गांव निवासी तुलसीराम गौतम का पुत्र गोपाल गौतम (14) बीते शनिवार की देर शाम लापता हो गया। घर वालों द्वारा उसकी काफ़ी खोजबीन की गई लेकिन कोई सुराग नहीं लग सका। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस ने गांव पहुंचकर मामले की जांच की। इस संबंध में एसओ सतरिख अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि शनिवार को घर से लापता किशोर कपड़े और अपने दादा से तीन हजार रुपए लिये थे। पुलिस टीम के साथ रात में गांव पहुंचकर इस मामले की जांच-पड़ताल की गयी।

## वर्ग पहेली-347

**बाएं से दाएं**

1. 1. अत्यंत निर्धन, कंगाल 2. भुखमरी से पीड़ित, दुर्भिक्ष-पीड़ित 3. जिसका सब कुछ लुट गया हो 4. पराश्रित, परावलंबी।

4. 1. ज़ोर से डांटना, झिड़कना, लानत-मलामत करना 2. वस्तु आदि की धूल झटकना, झाड़ना 3. निचोड़े हुए कपड़े को झटके से ऊपर से नीचे हिलाना।

5. 1. सुंदर एवं रमणीय देश 2. किसी कार्य के निष्पादन के लिए उपयुक्त स्थान।

6. 1. दोनों हथेलियों के टकराने या आघात से उत्पन्न ध्वनि, ली 2. लकड़ी, कांसे आदि का बना हुआ एक वाद्य, मजीरा, झींका, झांझ।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. छोटी कील 2. कांटा 3. मछली फंसाने वाली नुकीली अंकुसी या बंसी 4. कुएं में गिरी हुई चीज़ों (बाल्टी आदि) को निकालने के लिए बनाया गया अंकुसियों का गुच्छा। (मु.)-लगाना : मुख्य तार में कंटिया फंसाकर चोरी से या अवैध रूप से बिजली का उपयोग करना।

2. 1. मौके का फ़ायदा उठाने की प्रवृत्ति, मौकापरस्ती 2. अवसर के अनुकूल बरतने की प्रवृत्ति।

3. 1. कीड़ों को मारने वाली दवा 2. फ़सल आदि में छिड़काव के लिए प्रयुक्त की जाने वाली दवा।, कीटाणुओं या कीड़ों को मारने वाला।

5. 1. होश; चेतना 2. स्मरण; याद 3. ज्ञान।





**वर्ग पहेली - 346 का हल**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 न | | | 2 क |
| 3 अ | ल | गा | गु | जा | री |
| | | धि | | | ल |
| 4 ज | ठ | रा | म | य | |
| ग | | ज | | | |
| झं | | | 5 का | रं | ड |
| 6 प | र | बा | बा | | |

## सुडोकू-64

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | 7 | | 4 |
| 4 | | | | 7 | | | 5 | |
| | | | 1 | | 3 | | | 8 |
| | | 5 | | 3 | | | 8 | |
| | 4 | | | | | 2 | | |
| | 3 | | | 9 | | 1 | | |
| 3 | | | 9 | | 4 | | | |
| | 2 | 4 | | 6 | | | | 9 |
| 6 | | | | | 7 | | | |

**सुडोकू - 63 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 2 | 4 | 3 | 5 | 1 | 8 | 6 |
| 5 | 6 | 8 | 9 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 |
| 1 | 2 | 6 | 8 | 7 | 4 | 5 | 9 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 1 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 8 | 3 | 5 | 2 | 9 | 6 | 7 | 1 | 4 |
| 6 | 9 | 7 | 1 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 3 | 5 | 4 | 6 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 |

# गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही सरकार : बृजेश

**सिद्धौर, बाराबंकी।** सिद्धेश्वर वार्ड स्थित सिद्धेश्वर मंदिर व पूरेमक्का वार्ड स्थित काली माता मंदिर परिसर में रविवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन किया गया। नगर क्षेत्र से करीब तीन दर्जन लाभार्थियों को प्रमाण पत्र बांटे गए। भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजेश रावत ने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार गरीबों के उत्थान के लिए कार्य कर रही है। उन्होंने सरकार की पीएम स्वनिधि योजना, स्वच्छ भारत मिशन नगरीय, अमृत योजना समेत अन्य योजनाओं की जानकारी दी। इस मौके पर चेयरमैन रमंता रावत, ईओ सिद्धौर अभिषेक त्रिपाठी, लिपिक शिरीष व राकेश पटेल आदि थे।



लाभार्थियों को प्रमाण पत्र देते अधिशासी अधिकारी अभिषेक त्रिपाठी।

# कलश यात्रा के साथ रामकथा शुरू


मसौली, बाराबंकी

**अमृत विचार:** निराश्रित धाम आश्रम सेवा ट्रस्ट बसन्तनगर रहरामऊ में शुरू हुई श्रीराम कथा से पहले कलश यात्रा निकाली गई। गायत्री परिवार की टीम की सरिता मौर्या, रमाशंकर मिश्रा, सत्य प्रकाश प्रजापति, लालाजी यादव, डॉ. शिवकुमार के द्वारा विधि-विधान से मंत्रों द्वारा कलश पूजन किया गया। इसके बाद मन्दिर ट्रस्ट से कलश यात्रा निकाली गई जो गुरेला गांव के राम-जानकी मन्दिर, शिव मन्दिर, कुल देवी मंदिर होते हुए पुनः यथास्थान पहुंची। जहां ट्रस्ट पर उपस्थित लोगों ने अक्षत पुष्प से स्वागत किया। इस मौके पर ट्रस्ट के संस्थापक डॉ. सतगुरु शरण यादव, अम्बर प्रसाद, अंगद, कौशलेश, राम मनोरथ रूपचन्द्र आदि मौजूद रहे ।

## आज का भविष्यफल -पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 फरवरी, सोमवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-माघ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-दशमी 08.49 तक तत्पश्चात एकादशी।

**आज का पंचांग**





दिशाशूल- पूर्व। ऋतु-शिशिर।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.33 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

**मेष** — आज लोग आपके विचारों से काफी सहमत रहेंगे। प्रेमी के विषय में मन में अनेक तरह के विचार चलते रहेंगे। अपने पिछले अनुभव का लाभ उठाने का प्रयास करें। समाज में आपकी काफी प्रशंसा होगी। नया काम सीखने के लिए समय उत्तम है।

**वृष** — आज अपने क्रोध पर नियंत्रण रखें। बुजुर्ग सदस्यों की राय लेना आपके लिए काफी आवश्यक होगा। विश्वस्त मित्रों से सहायता लेनी पड़ सकती है। घर के लिए आवश्यक सामान खरीदने के लिये आप बाजार जा सकते हैं।

**मिथुन** — आज नए स्रोतों से धन प्राप्त होगा। अविवाहित जातकों को विवाह के लिए रिश्ते मिल सकते हैं। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। फिल्म निर्माण क्षेत्र से जुड़े जातकों के लिए काफी लाभप्रद दिन होगा।

**कर्क** — आज घर के वातावरण में परेशानी आ सकती है। अनावश्यक कार्यों में समय बर्बाद न करें। आपको आराम करना चाहिए। जीवनसाथी से अपनी समस्याओं को साझा करें। सिरदर्द की समस्या रहेगी। बुखार और सर्द-गर्म होने की आशंका है।

**सिंह** — आज रियल एस्टेट और विनिर्माण से जुड़े कारोबार में अच्छा धन लाभ होगा। भाई-बहनों से आपको सहायता मिल सकती है। आपकी आय में शानदार वृद्धि होगी। रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिलेगा।

**कन्या** — आज अपनी नेतृत्व क्षमता का कुशल प्रयोग करेंगे। नए कारोबार को लेकर जल्दबाजी न करें। ऑफिस में आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव रहेगा। मन में किसी अज्ञात कारण से भय हो सकता है। पिता की सेहत का ध्यान रखें।

**तुला** — आज आपका आत्मविश्वास कम हो सकता है। अनावश्यक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपको मित्रों और शुभ चिंतकों को परखने का अवसर मिलेगा। विदेश यात्रा का अवसर मिलेगा। अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज आपको गुस्से से बचना चाहिए। यात्राओं से आपको बचना चाहिए। जल्दबाजी में कोई नया प्रोजेक्ट शुरू न करें। मानसिक सुख-शांति का अभाव रहेगा। जॉब में आपको बहुत दबाव झेलना पड़ सकता है। परिजनों से संबंध अच्छे नहीं रहेंगे।

**धनु** — आज कमीशन से जुड़े कार्यों में आपको लाभ मिलेगा। गलत कार्यों से आपको दूर रहना चाहिए। जीवनसाथी से आपको उपहार मिल सकता है। व्यवसाय में बदलाव करने का विचार बना सकते हैं। प्रियजनों से भेंट हो सकती है।

**मकर** — आज कानूनी मामलों में आपको परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। कार्यक्षेत्र में आपको सहकर्मियों से समस्या होगी। अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में प्रयत्नशील रहें। हृदय रोगियों को अपनी सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए।

**कुंभ** — आज प्रेम संबंधों को लेकर भावुक हो सकते हैं। जीवनसाथी की कोई जिद पूरी करनी पड़ेगी। विरोधी आपको नीचा दिखाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। विरोधी आपकी छवि खराब करने की कोशिश कर सकते हैं।

**मीन** — आज अस्थमा के रोगियों को स्वास्थ्य में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। अनावश्यक खर्चे घर में तनाव का कारण बन सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों में रुकावट आ सकती है। धन से जुड़े मामलों में परेशानी बढ़ सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
शिव शक्ति — सुबह : 10.00
जख्मी सिपाही — रात : 07.00

SONY PIX
जुमांजी — सुबह : 09.40
व्हाइट हाउस डाउन — शाम : 06.37

SONY MAX
सोनू के टीटू की स्वीटी — सुबह : 09.00
पटेल की पंजाबी शादी — रात : 09.00

ZEE CINEMA
दीवाना मस्ताना — सुबह : 10.30
दिल धड़कने दो — रात : 07.30

colors CINEPLEX
चलते चलते — सुबह : 12.29
भागम भाग — रात : 07.00

**आज की सुपरहिट फिल्म**





कलर्स सिनेप्लेक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

बीवी को डिलीवरी के समय पप्पू हॉस्पिटल में नर्स से बोला।
पप्पू-लड़का हो तो भालू और लड़की हो तो लोमड़ी कहना।
पप्पू की बीवी के जुड़वा बच्चे हुए एक लड़का और एक लड़की।
नर्स बाहर आकर पप्पू से बोली- बधाई हो, चिड़िया घर में दो जानवर आए हैं।

पत्नी - ये रैगिंग किसे कहते हैं?
पति - ये जो तुम हर मैरिज एनिवर्सरी, करवाचौथ और जन्मदिन पर जबरदस्ती गिफ्ट मांगती हो न, उसे ही अंग्रेजी में रैगिंग कहते हैं।

# सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता में शामिल हुए 225 छात्र

परखी मेघा

▸▸ 22 मार्च को घोषित किया जायेगा प्रतियोगिता का परिणाम

बहराइच

**अमृत विचार।** शहर के बाबा सुंदर सिंह मूक बधिर विद्यालय में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को हुआ। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 225 छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया। 22 मार्च सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का परिणाम घोषित किया जाएगा।

शहर के मोहल्ला कानूनगोपुरा में स्थित बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय में जनपद स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें बाबा सुंदर सुंदर सिंह बधिर विद्यालय, महिला पीजी कॉलेज, किसान पीजी कॉलेज, एम्स इंटरनेशनल स्कूल, सेंट नॉर्वएट स्कूल, सीमा जूनियर हाई स्कूल, महात्मा बुद्ध विद्यापीठ इंटर कॉलेज, हर मेन मॉडर्न पब्लिक स्कूल, बाल शिक्षा निकेतन गोल्डन बेल अकेडमी, बैरोज ब्लू बेल, सेवंथ डे इंटर कॉलेज, डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल, अल्लामा इकबाल इंटरनेशनल स्कूल, बुद्धा पब्लिक स्कूल, लाल सेंड पब्लिक स्कूल, ईडन पब्लिक स्कूल, सिटी मांटेसरी पब्लिक स्कूल, तारा महिला इंटर कॉलेज, मांटेसरी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सरस्वती विद्या मंदिर के 225 दिव्यांग व सामान्य बच्चों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी भाषा में आयोजित की गई। जो कक्षा एक से लेकर स्नातक तक संपन्न हुई। परीक्षा हिंदी व अंग्रेजी भाषा में पांच समूहों में आयोजित की गई परीक्षा में विद्यालय प्रबंधिका डॉ बलमीत कौर , कोर्स कोऑर्डिनेटर श्री विजय बहादुर गुप्ता, सरदार गुरविंदर सिंह, आबदा खातून, गीता श्रीवास्तव, रुपा श्रीवास्तव उपस्थित रहें।

परीक्षा का परिणाम 22 मार्च को बाबा सुंदर सिंह बधिर विद्यालय में घोषित किया जाएगा।


मूक बधिर विद्यालय में सामान्य ज्ञान परीक्षा देते छात्र।

## वीरशाहपुर की टीम ने जीता प्रीमियर लीग मैच

**तेजवापुर बहराइच।** विकासखंड तेजवापुर के रमपुरवा स्थित चहलारी पैराडाइज क्रिकेट ग्राउंड में रमपुरवा सुपर प्रीमियर लीग सीजन-2 का क्रिकेट टूर्नामेंट वीरशाहपुर टीम बनाम गंगापुरवा टीम के बीच खेला गया। गंगापुरवा की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। वीरशाहपुर की टीम ने 14 ओवर में 151 रन बनाएं। जवाब में गंगापुरवा की टीम ने 11 ओवर में 70 रन बनाकर आलआउट हो गई। 81 रन से वीरशाहपुर की टीम ने मैच जीत लिया। मैच का मैन ऑफ द मैच वीरशाहपुर टीम के विपिन को मिला। इस मौके पर हर्षित अवस्थी, रूपम अवस्थी, धनेश अवस्थी, अंकित, प्रशांत, रामबाबू, राजन, अचल, रिंकू, त्रिलोचन मौजूद रहें।

# मोदी राज में आगे बढ़ रहा है देशः प्रमोद गुप्ता

जरवल, बहराइच

**अमृत विचार।** प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी ने रविवार को जरवल के ग्राम पंचायत नासिरगंज मे स्वछता अभियान के तहत मन्दिर में साफ सफाई की एवं भाजपा का चुनाव चिन्ह बनाकर कहा कि तीसरी बार केंद्र में मोदी सरकार भारी बहुमत से बनने जा रही है

प्रवास कार्यक्रम के अंतर्गत वरिष्ठ भाजपा नेता एवं लोकतंत्र सेनानी प्रमोद गुप्ता ने रविवार को जरवल के ग्राम पंचायत नासिरगंज मे स्वछता अभियान के तहत मन्दिर में साफ सफाई की एवं दीवार पर भाजपा का चुनाव चिन्ह बनाकर कहा कि भारी बहुमत से तीसरी बार केंद्र में भाजपा सरकार बनने जा रही है उन्होंने कहा कि मोदी सरकार मे सभी धर्मो के लोगो को सभी प्रकार की सुविधाएं मिल रही है उन्होंने कहा कि नौजवान नौकरी, व्यवसाय एवं विभिन्न क्षेत्रों में अपने सफलता का झण्डा फहरा रहे है सभी योजनाएं धरातल पर दिख रही है पूरे देश में रामराज्य का माहौल है मोदी है तो मुमकिन है अब लोग कह रहे है कि मोदी है तो गारंटी है देश मोदी के राज में आगे बढ़ रहा है उन्होंने भाजपा के नीतियों के पुस्तक का भी वितरण किया।

इस मौके पर ग्राम प्रधान बुधिराम यादव, राजकुमार यादव, जीवन लाल, डाक्टर रामतेज, जगन्नाथ सहित काफी लोग मौजूद रहे।


जरवल में रात्रि प्रवास कार्यक्रम के दौरान मौजूद पदाधिकारी। अमृत विचार

## एक नजर

### जिलाध्यक्ष बनाए गये कुंवर दिवाकर


जिलाध्यक्ष कुंवर दिवाकर

**बहराइच।** जिले के मान्यता प्राप्त वरिष्ठ पत्रकार कुंवर दिवाकर सिंह को एक बार पुन :ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वह एक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक के जिला प्रतिनिधि हैं। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सौरभ कुमार के निर्देश पर उन्हें पुन :संगठन के जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मण्डल अध्यक्ष एसपी मिश्रा ने बताया कि दो माह के अंदर कार्यकारिणी गठित कर सदस्यों का चयन करते हुए मण्डल व प्रदेश कार्यालय को भेजने को कहा गया है। ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन का पुन : जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर जिले के तमाम पत्रकारों ने हर्ष जताते हुए आशा प्रकट की है किं वे आगे भी पत्रकारों हितों के लिए कार्य करते रहेगे।

### 50 शीशी नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार

**रूपईडीहा, बहराइच।** पुलिस ने 50 शीशी नेपाली और कच्ची शराब के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रेलवे लाइन पानी टंकी के निकट से मालती प्रसाद चौहान पुत्र मग्गू चौहान ग्राम कोडरी निधिनगर संकल्पा 50 शीशी नेपाली शराब के साथ पकड़ा गया। उसके पास 15 लीटर कच्ची शराब भी बरामद हुई है। गिरफ्तारी टीम में उप निरीक्षक विजय कुमार, दीवान अभिषेकधर द्विवेदी, निरूपम दुबे शामिल रहे।

### सांड के हमले में घायल

**मिहीपुरवा, बहराइच।** सुजौली थाने के बाजपुर बनकटीम में रिश्तेदारी में आए लखीमपुर जिले के राजापुर गांव निवासी वृद्ध को शनिवार भोर में सांड़ ने हमलाकर घायल कर दिया। वृद्ध को गंभीर हालत में मोतीपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां हालत गंभीर होने मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया है।

### एनबीडब्ल्यू के वारंटी को भेजा जेल

**रिसिया, बहराइच।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने दबिश दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी पयागपुर हीरालाल कनौजिया ने बताया कि न्यायालय के द्वारा निर्गत NBW के क्रम में वारंटी मिश्री लाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# 22 दिन से कम ड्यूटी करने वाले संविदा चालकों व परिचालकों की जायेगी नौकरी

## 38 चालकों और परिचालकों ने नहीं की 22 दिन भी ड्यूटी, प्रबंध निदेशक के निर्देश पर चस्पा किया नोटिस

एआरएम प्रेम कुमार, बहराइच

**अमृत विचार।** परिवहन विभाग में तैनात चालक और परिचालकों ने शिथिलता बरतते हुए दिसंबर और जनवरी माह में 22 दिन भी ड्यूटी नहीं की है, जिसके चलते विभाग को काफी नुकसान हुआ है। इसको देखते हुए प्रबंध निदेशक की ओर से ऐसे कर्मचारियों की सेवा समाप्ति के लिए सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक को निर्देशित किया गया है। सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक ने 38 कर्मचारियों की संविदा सेवा समाप्त करने की नोटिस जारी की है। इससे विभाग में हड़कंप मच गया है।

परिवहन विभाग की ओर से नियमित और संविदा कर्मचारी बेसन का संचालन करते हैं। विभाग को आमदनी हो, इसके लिए इन्हें प्रति माह वेतन भी दिया जाता है। इसके बाद भी संविदा कर्मचारी ड्यूटी करने में कोताही बरत रहे हैं। इसका उदाहरण बहराइच डिपो में तैनात कर्मचारी में देखने को मिला है।

परिवहन विभाग के मुताबिक संविदा चालक या परिचालक को एक माह में 22 दिन ड्यूटी करना अनिवार्य है। इसके बाद भी बहराइच डिपो के 38 ऐसे कर्मचारी हैं जिन्होंने 22 दिन ड्यूटी नहीं किया है। इनमें कुछ ऐसे कर्मचारी हैं, जिन्होंने पूरे पूरे माह की छुट्टी ले ली है। जिससे परिवहन सेवाएं नियमित संचालन करने में विभाग को समस्याओं का सामना करना पड़ा है। इसके लिए प्रबंध निदेशक की ओर से 12 फरवरी को बैठक की गई बैठक में बहराइच डिपो की समीक्षा हुई। समीक्षा में 30 कर्मचारी की संविदा सेवा समाप्त करने की अनुशंसा की गई है इसको लेकर संविदा चालक और परिचालकों में हड़कंप मच गया है।

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि विभाग की बेहतरीन के लिए प्रबंध निदेशक ने ऐसा फैसला लिया है नियम के विरुद्ध कार्य करने वाले 38 चालक और परिचालकों की नोटिस चश्पा कर दी गई है, इनकी सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।

### नौ कर्मचारी पूरे माह रहे अनुपस्थित

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि दिसंबर और जनवरी माह की जो समीक्षा की गई है। उसमें कर्मचारियों की काफी शिथिलता सामने आई है। उन्होंने बताया कि नव चालक और परिचालक कैसे हैं जिन्होंने एक भी दिन ड्यूटी नहीं की है पूरे मन छुट्टी ले ली है जबकि कुछ ने दो तो कुछ ने तीन दिन ड्यूटी की है। कुछ लोगों ने एक सप्ताह से लेकर नौ दिन की ही ड्यूटी की है।


सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार

### जनवरी में अनुपस्थित 30 कर्मी

सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेम कुमार ने बताया कि परमल निदेशक के निर्देश पर दिसंबर और जनवरी माह की रिपोर्ट बनाई गई है। इस रिपोर्ट में दिसंबर माह में 8 और जनवरी माह में 30 चल को और परिचालकों ने ड्यूटी नहीं की है, यह पूरी तरह से शिथिलता है। विभाग इसे बर्दाश्त नहीं करेगा।

## सम्मानित हुए संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल प्रतिभागी

**कैसरगंज, बहराइच।** भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा मे सफल हुए छात्र छात्राओ को शनिवार को एक समारोह आयोजित कर प्रमाण पत्र एवं पुरस्कार वितरित किए गए। कंचन शिशु मन्दिर परिसर मे आयोजित किए गए समारोह मे सफल हुए सभी विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रमाण पत्र वितरण किए गए ।सफल प्रतिभागियों को विद्यालय के डिप्टी डायरेक्टर अगम स्वरूप श्रीवास्तव ,प्रधानाचार्य कृष्ण कुमार मौर्य ,वरिष्ठ शिक्षक पीएल यादव की उपस्थिति में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले दिव्यांश यादव, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले आदर्श मिश्रा, तृतीय स्थान अभिषेक, चौथा स्थान अंश कुमार, व पांचवा स्थान स्थान प्राप्त करने वाले अंश गुप्ता को मेडल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त मनोरमा, नेहा, पीतांबरी, साक्षी, लक्ष्मी, आयशा, मोहित विश्वकर्मा सहित सौ छात्र-छात्राओं को भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

# वन ग्राम के 118 चिन्हित परिवार होंगे लाभान्वित


वन ग्राम विस्थापन के बारे में जानकारी देते एसडीएम। अमृत विचार

बहराइच

▸▸ उप जिलाधिकारी ने विस्थापन के लिए बनाई सूची डीएम को दी

**अमृत विचार।** वन ग्राम भरथापुर के लोगों का विस्थापन होना है। इसके लिए 118 परिवार चिन्हित किए गए हैं। इसकी सूची शासन को भेजी जायेगी। छूटे लोगों के नाम शामिल किए जाएंगे।

एसडीएम मिहींपुरवा मोतीपुर संजय कुमार ने बताया कि तहसील मिहींपुरवा मोतीपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत आम्बा के राजस्व ग्राम भरथापुर के विस्थापन प्रकिया के कम में तहसील स्तरीय पात्रता निर्धारण समिति द्वारा गठित सर्वे दल की जांच रिपोर्ट में पात्र पाये गये 118 हितग्राहियों की सूची को पात्रता निर्धारण समिति द्वारा संस्तुति करते हुये अनुमोदन हेतु जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

एसडीएम संजय कुमार ने बताया कि डीएम मोनिका रानी की अध्यक्षता में शुक्रवार को आयोजित जिला पात्रता निर्धारण समिति की बैठक में पात्रता निर्धारण समिति के ग्राम भरथापुर के पात्र पाये गये 118 हितग्राहियों के प्रेषित प्रस्ताव को जिला पात्रता निर्धारण समिति द्वारा अनुमोदित करते हुये स्वीकृत कर दिया गया है। इस दौरान विभाग के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# तालाब में डूबा मिला अज्ञात युवक

▸▸ बोल न पाने के चलते नहीं हो सकी युवक की शिनाख्त

बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के मीरपुर गांव में स्थित तालाब में रविवार को एक युवक पानी में डूबा मिला। उसे आसपास के लोगों ने बाहर निकाला। इसके बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बोल न पाने के चलते पहचान नहीं हो सकी है।

राम गांव थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत मीरपुर में गोड बिजरा तालाब स्थित है। तालाब में रविवार को एक युवक के डूबे होने की जानकारी मिली। इसकी सूचना आसपास के लोगों ने पुलिस को दी। प्रभारी निरीक्षक शशि कुमार राणा ने पुलिस टीम को मौके पर भेजा। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से युवक को तालाब से बाहर निकलवाया। स्थिति गंभीर होने पर युवक को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिला अस्पताल के डॉक्टरों ने इलाज शुरू किया। हालांकि उसकी बोल न आने के चलते युवक की पहचान नहीं है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि युवक बोल नहीं पा रहा है। जिसके चलते शिनाख्त में दिक्कत आ रही है। उन्होंने बताया कि पहचान के लिए फोटो जारी किए गए हैं।


तालाब में मिले अज्ञात युवक की जांच करते पुलिस कर्मी। अमृत विचार

# नानपारा में फंदे से लटकता मिला महिला का शव

नानपारा, बहराइच

▸▸ मायके के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया

**अमृत विचार।** जनपद के नरैनापुर गांव निवासी एक विवाहिता की रविवार सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

कोतवाली नानपारा अंतर्गत नरैनापुर ग्राम पंचायत के मजरा टपरी निवासी सोना बेगम पत्नी मंजूर अहमद की लाश रविवार सुबह घर में फंदे से लटकती मिली। परिवार के लोगों ने विवाहिता के मायके में मौत की सूचना दी। मायके के लोग रोते बिलखते बेटी की ससुराल मौके पर पहुंचे।

मायके के लोगों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि मौत की सूचना मिली है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय के बच्चों ने प्रस्तुत किये रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम



विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को सम्मानित करतीं प्रबंधक।

▸▸ विद्यालय में आयोजित हुआ डिवाइन फीस्टा

**बहराइच।** शहर के हुजूरपुर रोड स्थित गुरु कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में रविवार को विभिन्न कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर मनमोह लिया। हुजूरपुर रोड स्थित रंजीतपुर में स्थित गुरू कृपा डिवाइन ग्रेस पब्लिक स्कूल में आयोजित ''डिवाइन लिटरेरी फीस्टा'' कार्यक्रम में जिला अधिकारी मोनिका रानी, अपर मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी कृष्ण कुमार, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, प्रशिक्षु पीसीएस ज्योति चौरसिया, अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खण्ड कैसरगंज सौरभ निगम सहित अन्य अधिकारी, संभ्रान्त व गणमान्यजन, अभिभावक, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। कार्यक्रम को जिलाधिकारी मोनिका रानी व नगर मजिस्ट्रेट ने सम्बोधित करते हुए बच्चों की प्रतिभा को सराहा। कार्यक्रम के अन्त प्रबन्धक छवि रायतानी ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

**बाबागंज, बहराइच।** विकास खण्ड नवाबगंज के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि द्वारा फीता काटकर क्लिनिक का उद्धघाटन किया गया। प्राप्त जानकारी अनुसार ब्लॉक नवाबगंज क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरा चौराहा पर स्थित हसन पाली क्लीनिक का ब्लॉक प्रमुख नवाबगंज के प्रतिनिधि एसपी सिंह द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि गांव में चिकित्सीय उपचार मिलने से लोगों को लाभ मिलेगा। साथ ही उचित इलाज होगा। लोगो को चिकित्सा संबंधित दवाओं व सुविधाओं के लिए इधर उधर भटकटना नही होगा। इस दौरान दुर्गेश वर्मा, दस्तगीर शाह, मो शकील, डा मुनव्वर सहित कई ग्रामवासी व संभ्रांत मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलें में मरीजों का हुआ इलॉज

**तेजवापुर, बहराइच।** विकासखंड तेजवापुर क्षेत्र में स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खैराबाजार, रामगढी.पट्टी ,नेवादा, कीर्तनपुर समेत बडनापुर में रविवार को मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेला आयोजित हुआ।

स्वास्थ्य मेला में चिकित्सकों ने मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निश्शुल्क दवा दी। तेजवापुर सीएचसी अधीक्षक डा. अभिषेक अग्निहोत्री ने बताया कि रविवार को लगे स्वास्थ्य मेलों में चिकित्सकों द्वारा मरीजों का उपचार किया गया है।

इस मौके पर डा. अविनाश सिंह, डा. आनंद कुमार, डा. नीलमणि त्रिपाठी, डा. मोहम्मद अकबाल, डा. अशीष वर्मा, डा. आरके विमल, फार्मासिस्ट ओम प्रकाश सिंह, अशोक श्रीवास्तव, एलटी अशोक गुप्ता, फूलचंद्र, एएनएम कुसुम सिंह, पवन,सियाराम, सुनीता मौजूद रहें।

# पुरानी कार्यकारणी हुई भंग, नई का गठन

बहराइच

आयोजन

▸▸ वाहन चालक स्वास्थ्य विभाग शाखा बहराइच के पदाधिकारी मनोनीत

**अमृत विचार।** सीएमओ सभागार में रविवार को वाहन चालक स्वास्थ्य विभाग शाखा की पुरानी कार्यकारिणी को भंग करते हुए नई कार्यकारी का गठन किया गया। नए पदाधिकारी का फूल मालाओं से स्वागत हुआ।

स्वास्थ्य विभाग के चालक संघ की कार्यकारी का रविवार को मुक्त चिकित्सा अधिकारी सभागार में गठन हुआ। अध्यक्ष के पत्र पर पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर दिया गया। जबकि मौके पर नए का गठन हुआ। जिसमें संरक्षक राज कुमार, अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह, उपाध्यक्ष अयूब अली, मंत्री राम गोपाल मिश्रा, कोषाध्यक्ष विजय कुमार लोधी, संगठन मंत्री राघवेंद्र पाल सिंह, आडीटर हसीब बैग और प्रचार मंत्री साकिब खान को चुना गया। स्वास्थ्य विभाग के रामगोपाल मिश्रा ने बताया कि सभी मनोनीत पदाधिकारी को उनके पद का दायित्व देते हुए स्वागत किया गया। इस दौरान दुर्गेश कुमार यादव, राम प्रकाश, निरंकार समेत अन्य मौजूद रहे।


चुनाव में मौजूद पदाधिकारी।

सड़क जाम की समस्या

पार्किंग के अभाव के चलते राष्ट्रीय राजमार्ग बना जाम का अड्डा, पुलिस और आरटीओ प्रशासन भी साबित हो रहा नाकाम

# सड़क पर लग रहीं दुकानों से रोजाना लगता है जाम

रूपईडीहा, बहराइच

**अमृत विचार।** रूपईडीहा बाजार में स्थानीय दुकानदारों द्वारा अपनी दुकान का सामान सड़कों पर रख दिया जाता है। इससे लोगों के साथ बाजार आने वाली महिलाओं बच्चों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

रूपईडीहा नगर पंचायत भारत नेपाल सीमा पर स्थित है। लेकिन जाम के चलते इस नगर पंचायत की स्थिति काफी बदतर होती जा रही है। बाजार की सड़कें अतिक्रमण की चपेट में आने के साथ ही दो पहिया वाहनों की धमाचौकड़ी मार्ग में लगी रहती है। संबंधित अधिकारी व कर्मचारियों द्वारा कार्रवाई नहीं करने के कारण बाजार आने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सब्जी मंडी के सामने से सेंट्रल बैंक चौराहा तक मुख्य मार्ग पर ढेला लगाने की वजह से अतिक्रमण से परेशानी बढ़ रही है। सब्जी मंडी के पास वाली रोड के अलावा शहर की सबसे व्यस्थ स्टेशन रोड में बेतरतीब रोड पर ढेला खड़ा होने से जाम लग रहा है। इससे इस मार्ग से आने जाने वाले लोगों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। माल गोदाम रोड पर विभिन्ना दुकाने संचालित है।इन दुकानों के सामने सड़क पर ग्राहकों के वाहन बड़ी संख्या में खड़े रहते हैं।इसके कारण सड़क सकरी हो जाती है और जाम लगने की स्थिति निर्मित हो जाती है।सबसे ज्यादा जाम की स्थिति स्टेशन रोड और माल गोदाम मार्ग तक बनती है । यही हाल बजाजा मार्केट और कच्ची लाइन का है। यहां भी दुकानों के सामने आधी सड़क तक दुकानों के सामान और लोगों के वाहन खड़े रहते हैं । ऐसे में सड़क पर आने जाने की जगह नहीं बचती है।इसलिए इन पांच स्थानों पर बार-बार जाम की स्थिति बनती है । लोगों का कहना है कि यदि सड़क पर वाहन और ढेला खड़े होना बंद हो जाएं तो जाम की समस्या से काफी हद तक निजाद मिल सकती है।


अतिक्रमण की चपेट में आने से सड़क पर लगा जाम। अमृत विचार



नगर पंचायत रूपईडीहा में फंसे वाहन। अमृत विचार

### अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई

- हमें चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य ने बताया कि पूर्व के दिनों में क्षेत्र में लाउडस्पीकर के माध्यम से सभी को सूचना दे दी गई है कि कोई भी रोड पर अतिक्रमण न करें। लेकिन उसके भी अगर कोई रोड पर अतिक्रमण करेगा तो अब उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# प्रार्थना सभा की आड़ में धर्मांतरण का आरोप

नानपारा, बहराइच

▸▸ हिंदू समाज के लोगों में आक्रोश पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** सिद्धनपुरवा गांव में प्रार्थना सभा की आड़ में प्रत्येक रविवार को लोगों का मतांतरण कर धर्म परिवर्तन का आरोप हिंदू समाज के लोगों ने लगाया है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

कोतवाली नानपारा क्षेत्र सिद्धनपुरवा गांव में कई दिनों से प्रत्येक रविवार को प्रार्थना सभा का आयोजन होता है। प्रार्थना सभा की आड़ में हिंदू समाज के लोगों का मत्तांतरण करवा रहे हैं। बजरंग दल के विभाग संयोजक दीपांशु श्रीवास्तव दीपक की कोतवाली में तहरीर देकर कहा है कि गांव में बाबूराम के घर पर महिलाओं व पुरुषों को एकत्रित किया जा रहा है। बाबूराम रविदास पुत्र झल्लर, शत्रुघ्न लाल पुत्र सेवकराम निवासी बसंतपुर खैरीघाट व गुरुदेव पुत्र राम प्रसाद निवासी माघी कोतवाली नानपारा की ओर से लोगों को प्रलोभन देकर ईसाई धर्म के प्रति लोगों आकर्षित धर्म परिवर्तन की बात कही जा रही है, इसको लेकर हिंदू समाज के लोगों में रोष है।

> प्रभारी निरीक्षक मिथिलेश कुमार राय ने बताया कि तहरीर मिली है। केस दर्ज किया जा रहा है। जांच के बाद आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी।
> – मिथिलेश कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक

षडेव तु गुणा : पुंसा न हातव्या : कदाचन।
सत्यं दानमनालस्यमनसूया क्षमा धृति : ॥

व्यक्ति को कभी भी सच्चाई, दानशीलता, निरालस्य, द्वेषहीनता, क्षमाशीलता और धैर्य – इन छह गुणों का त्याग नहीं करना चाहिए।

## संपादकीय

# वैश्विक सुरक्षा चुनौतियां

आज दुनिया परमाणु खतरों, जलवायु संकट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जोखिम जैसी कई चुनौतियों का सामना कर रही है। अंतर्राष्ट्रीय समुदाय पहले से कहीं अधिक विभाजित है। इन हालात में इस वर्ष के म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन का खास महत्व रहा। आयोजन की महत्ता के मद्देनजर विदेशमंत्री एस.जयशंकर तीन दिवसीय म्युनिख सुरक्षा सम्मेलन (एमएससी) में शामिल हुए। सम्मेलन वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर केंद्रित रहा। इससे पहले सम्मेलन के आयोजकों ने दुनिया भर में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और आर्थिक अनिश्चितता पर केंद्रित म्यूनिख सुरक्षा रिपोर्ट जारी की।'रक्षा का दावोस' कहा जाने वाला एमएससी अंतर्राष्ट्रीय कूटनीति का एक बड़ा मंच है। इस मंच के जरिए दुनिया भर के नेता और राजनयिक अहम मुद्दों पर अपनी राय रखते हैं। ये प्रमुख सुरक्षा और विदेश नीति के मुद्दों पर चर्चा और समाधान करने पर केंद्रित है। यानि यह राजनीतिक नेताओं, नीति निर्माताओं, सैन्य अधिकारियों, विशेषज्ञों और नागरिक समाज के प्रतिनिधियों के लिए वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर बातचीत और बहस में शामिल होने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करता है। इसकी शुरुआत 1962 में एक जर्मन सैन्य अधिकारी एवाल्ड फोन क्लाइस्ट ने की। क्लाइस्ट वही सैन्य अधिकारी हैं जिन्होंने तानाशाह एडोल्फ हिटलर की हत्या की योजना बनाई। सम्मेलन के दौरान विदेश मंत्री जयशंकर ने यूरोप और अमेरिका की विभिन्न आशंकाओं को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भारत पश्चिमी देशों का विरोधी नहीं बल्कि पश्चिमी देशों से अलग है। रूस के साथ व्यापार और दूसरी तरफ अमेरिका के साथ बढ़ते संबंधों के बीच संतुलन बनाए रखने के मुद्दे पर कहा यूक्रेन रूस विवाद पर भारत अपनी बात स्पष्ट करता रहा है। भारत ने इस मामले पर हिंसा को खत्म करने के लिए बातचीत और कूटनीति से बीच का रास्ता निकालने की वकालत की है। गाजा में मौजूदा स्थिति को लेकर चिंता के बीच कहा कि भारत कई दशकों से कहता रहा है कि फिलिस्तीन मुद्दे का द्विराष्ट्र समाधान होना चाहिए। महत्वपूर्ण है कि जयशंकर ने अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की मौजूदगी में यह टिप्पणी की। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। कहा जा रहा है कि एमएससी यूक्रेन संकट और फिलिस्तीन-इजरायल संघर्ष जैसी कई वैश्विक सुरक्षा चुनौतियों पर चर्चा के लिए अनूठा अवसर साबित हुआ। वहां अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा नीति के मुद्दों की एक विस्तृत श्रृंखला पर चर्चा की गई। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को तात्कालिकता और एकजुटता की नई भावना के साथ न्याय-आधारित समाधानों को आगे बढ़ाने की आवश्यकता है।

# सौर ऊर्जा से बुंदेलखंड में विकास की संभावनाएं



अविनाश झा
डीएफएमओ, चित्रकूट

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है।

जहां एक ओर शुष्क और गर्म जलवायु,पानी की कमी और पठारी क्षेत्र होने के कारण बुंदेलखंड खेती,उद्योग और विकास की दृष्टि से पिछड़े होने का दंश झेल रहा है,वहीं दूसरी ओर यही कमी इसको नवीकरणीय सौर उर्जा के बेहतर उत्पादन को लिए अनुकूल माहौल भी प्रदान करता है। यही कारण है कि बुंदेलखंड में खाली जमीन की उपलब्धता और मौसम के साफ रहने के कारण प्रचुर मात्रा में उपलब्ध सौर ऊर्जा से यहां पर सोलर प्लांट लगाने को निजी कंपनियां आकर्षित हुई हैं। उपयुक्त जलवायु के चलते बुंदेलखंड में सौर ऊर्जा प्लांटों की स्थापना काफी पहले प्रारंभ हो गई थी।

वर्ष 2016 में पनवाड़ी,महोबा और हमीरपुर में लगाए गए निजी सौर ऊर्जा प्लांटों से लगभग 200 मेगावॉट बिजली की आपूर्ति की जा रही है। बुंदेलखंड के सातों जिलों बांदा,चित्रकूट, हमीरपुर, महोबा, जालौन, झांसी और ललितपुर में अब तक लगभग साढ़े 500 मेगावाट क्षमता के सोलर प्लांट निजी कंपनियों के माध्यम से स्थापित किए जा चुके हैं। यूपीनेडा के आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश में बड़ी सौर परियोजनाएं मात्र 18 जिलों में चल रही हैं जिनमें सात जिले बुंदेलखंड के ही हैं। ज्यादातर परियोजनाएं बुंदेलखंड के सूखाग्रस्त इलाकों में है,जहां की जमीन खेती के दृष्टिकोण से उन्नत नहीं है। यूपीनेडा के अनुसार राज्य में स्थापित 949 मेगावाट की ग्रिड से जुड़ी सौर परियोजनाओं में से 553 मेगावाट की परियोजनाएं बुंदेलखंड में हैं। सरकार ने बुंदेलखंड में उपयुक्त जलवायु और क्षेत्रीय स्थिति के दृष्टिगत यहां सौर विद्युत परियोजनाओं को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार हजार मेगावॉट सौर ऊर्जा उत्पादन के लिए ग्रीन एनर्जी कॉरीडोर का निर्माण करने की योजना तैयार की है,जिस पर लगभग 55 सौ करोड़ रुपए का निवेश होगा।

भारत सरकार की अल्ट्रा मेगा रिन्यूएबल सोलर पॉवर पार्क योजना के तहत 12 सौ मेगावॉट क्षमता की जालौन में सोलर पावर पार्क की स्थापना जा रही है,जिसे यूपीनेडा एवं एनएचपीसी लिमिटेड के संयुक्त उपक्रम बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड द्वारा स्थापित किया जा रहा है। इसी योजना के तहत 600-600 मेगावॉट क्षमता की सोलर पॉवर पार्क की झांसी और ललितपुर में स्थापना की जा रही है। वर्तमान में विश्व में लगभग 80 प्रतिशत लोग जीवाश्म ईंधन यानि डीजल-पेट्रोल का उपयोग कर रहे हैं जिसका परिणामस्वरूप ग्लोबल वार्मिंग,जलवायु परिवर्तन,ओजोन संकट का खतरा सामने आ रहा है। इसके विकल्प के रूप में अपनाए जाने वाले नवीकरणीय ऊर्जा के बेहतर उपयोग के लिए विश्व में लगभग 4.5 अरब डॉलर के निवेश की आवश्यकता है जिसके लिए विकासशील और विकसित देश सक्षम नहीं है। हालांकि भारत एशिया में तीसरे और दुनिया में पांचवें स्थान पर नवीकरणीय ऊर्जा का उत्पादन कर रहा है। फिर भी यहां कुल ऊर्जा खपत में जीवाश्म ईंधन से 75.5 प्रतिशत,परमाणु शक्ति से 2.8 प्रतिशत,सौर ऊर्जा से 4.2 प्रतिशत,पवन ऊर्जा से 4.6 प्रतिशत,पनबिजली से 10.7 प्रतिशत,बायोमास 0.5 प्रतिशत ऊर्जा का उपयोग हो रहा है।

> वस्तुत : सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है, क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है।

भारत के अधिकांश क्षेत्र में वर्ष में 250-300 धूप निकलने वाले दिनों सहित प्रतिदिन प्रति वर्गमीटर 4-7 किलोवाट घंटे का सौर विकिरण प्राप्त होता है। इसके बावजूद उपलब्ध क्षमता की तुलना में देश में सौर ऊर्जा का दोहन बहुत ही कम है। वस्तुत उष्णकटिबंधीय देश होने के नाते भारत में सौर ऊर्जा के दोहन की अपार संभावनाएं है। इसमें हिमालय के पहाड़, बुंदेलखंड के पठार,राजस्थान रेगिस्तान, गुज़रात के कच्छ सहित अन्य प्रदेशों के पहाड़ी और बंजर जमीन उपयोगी साबित हो सकते हैं। इसी के दृष्टिगत सरकार ने भारत की नवीकरणीय ऊर्जा की स्थापित क्षमता को वर्ष 2030 तक पांच सौ गीगावाट तक विस्तारित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। देश के ग्रामीण इलाकों के दूरदराज क्षेत्रों तक स्वच्छ और सस्ती बिजली पहुंचाने के लिए वर्ष 2019 में प्रधानमंत्री सोलर पैनल योजना शुरू की गई थी,लेकिन वर्ष 2024 तक सौर ऊर्जा के 40 गीगावाट लक्ष्य की तुलना में उत्पादन मात्र 11 गीगावाट का ही हो पाया है। लक्ष्य प्राप्ति के लिए भारत सरकार ने पीएम सूर्योदय योजना प्रारंभ की है जिससे लोगों को न केवल 24 घंटे मुफ्त बिजली मिलेगी,बल्कि हरित ऊर्जा के लक्ष्य की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। इस योजना के अंतर्गत रुफ टाप सोलर (आर टी एस) योजना का सरलीकरण कर हरेक घर की छत पर सोलर पैनल लगाने का लक्ष्य रखा गया है।

देश के लगभग 25 करोड़ घरों के छतों पर 637 गीगावाट सौर संयंत्र स्थापित कर सकने की क्षमता है। संस्था टेरी के अनुसार जहां सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली की लागत 2.50 से 3.50 रुपये प्रति यूनिट है,वहीं ग्रिड आधारित बिजली की लागत छह से सात रुपये है। मार्च 2019 में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र में डीज़ल को खत्म करने,किसानों को पानी और ऊर्जा सुरक्षा प्रदान करने,उनकी आय बढ़ाने और पर्यावरण प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए पीएम कुसुम योजना की शुरुआत की जिसके अंतर्गत 30 अप्रैल 2023 तक भारत में कुल 219,674 सौर सिंचाई पंप स्थापित किए गए हैं। उत्तर प्रदेश में मात्र 20688 पंप लगाए गए हैं जिनमें से 5589 बुंदेलखंड क्षेत्र हैं। सौर सिंचाई पंप बुंदेलखंड में किसानों को खरीफ सीजन के बाद फसल उगाने में मदद कर रहे हैं जिससे इन क्षेत्रों से पलायन रुक रहा है। सौर ऊर्जा संयंत्रों की रख-रखाव के लिए 30 हजार युवकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें 'सूर्य मित्र' का नाम दिया गया है। प्रोत्साहन प्रावधानों के तहत ऑनलाइन सिंगल विंडो क्लीयरेंस की व्यवस्था के साथ ही सौर ऊर्जा परियोजनाओं के लिए स्टॉम्प ड्यूटी और इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी में शत-प्रतिशत छूट का प्रावधान किया गया है,लेकिन छोटे शहरों और गांवों में आरटीएस योजना ज्यादा सफल नहीं हो सकी है,क्योंकि यहां बिजली कटौती ज्यादा होती है। वैसे भी आरटीएस योजना के लिए एकमुश्त पैसे देना भी निम्न मध्यवर्गीय परिवारों के लिए आसान नहीं है। कुसुम-बी योजना में 36,842 स्वीकृत सौर पंपों की तुलना में मात्र 12,773 पंप ही लगे। कुसुम-सी योजना में 4 लाख पंप की तुलना में एक भी पंप नहीं लग पाया है। वैसे भी सोलर पंप योजना बुंदेलखंड की परिस्थितियों के दृष्टिगत ज्यादा उपयुक्त नहीं है,क्योंकि यहां भू-जल स्तर पहले से ही कम है। सोलर पंप के चलते ज्यादा भूजल दोहन होने पर भूमि के स्वास्थ्य पर खराब असर पड़ेगा,लेकिन अन्ना पशुओं की समस्या से ग्रस्त बुंदेलखंड में सोलर चालित फेंसिंग उनके फसलों को अन्ना पशुओं और वनरोजों से बचाने में उपयोगी साबित हो सकता है।

वस्तुतः सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय स्रोत है जिसका अर्थ है कि संसाधनों की समाप्ति के बिना अनियत काल तक इसका उत्पादन किया जा सकता। असल में सौर ऊर्जा को ऊर्जा का सबसे स्वच्छ रूप माना जाता है,क्योंकि इसमें जीवाश्म ईंधन की तरह कोई कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन नहीं होता है। जब तक सूर्य मौजूद है तब तक पृथ्वी पर यह प्रचुर मात्रा में उपलब्ध भी होता रहेगा। इतना ही नहीं इस ऊर्जा को बैटरियों में संग्रहित भी किया जा सकता है,लेकिन वर्तमान में सौर पैनलों की साफ- सफाई एक समस्या के रूप में सामने आ रही है जिसमें प्रति वर्ष लगभग 10 बिलियन गैलन जल का उपयोग किये जाने का अनुमान है। बुंदेलखंड जैसे पानी की कमी से जूझ रहे क्षेत्र के लिए यह एक चुनौती है। यदि जलरहित सफाई की जाती है तो एक तरफ यह श्रमसाध्य कार्य है,दूसरी ओर इससे पैनलों की सतहों पर अपरिवर्तनीय खरोंच लगने का खतरा भी उत्पन्न होता है जिससे पैनलों की दक्षता कम हो सकती है। फिर भी सौर ऊर्जा बुंदेलखंड के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है, जिसका न तो पर्यावरण पर कोई असर पड़ने वाला है और न ही यहां के जल संसाधन या खेती पर कोई विपरीत असर पड़ेगा।

## प्रसंगवश

# मुझे कैसा डर

रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की तानाशाही से संघर्ष करते जनयोद्धा, वकील एलेक्सी नवेलनी की बीते शुक्रवार साइबेरिया की जेल में मृत्यु हो गई। वे मात्र 47 वर्ष के थे। उन्हें जेल में जहर देकर मारने की आशंका है। वे 19 साल की सजा काट रहे थे। पुतिन की पार्टी यूनाइटेड रशिया को नवेलनी 'ठगों की पार्टी' बताते थे। मास्को में नवेलनी की पत्नी यूलिया ने कहा कि पुतिन को इसकी सजा जरूर मिलेगी। उन्होंने कहा:' मैं वैश्विक बिरादरी से रूस की शैतानी सरकार के खात्मे की अपील करती हूं।' मां ल्यूडमिला ने कहा कि मैं 12 फरवरी को बेटे से जेल में मिली थी,वो स्वस्थ और खुश था।



के. विक्रम राव
वरिष्ठ पत्रकार, लखनऊ

एक सफल वकील के रूप में अपनी पहचान नवेलनी ने कायम की। उन्होंने 2008 में एक ब्लॉग लिखकर सरकारी कंपनियों के घोटालों को उजागर किया था। वह 2013 में मास्को के मेयर पद के लिए खड़े हुए थे और दूसरे नंबर पर आए थे। बाद में उन्होंने राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने की कोशिश की,लेकिन आपराधिक मुकदमों की वजह से उन पर रोक लगा दी गई। उन्होंने इन मुकदमों को राजनीति से प्रेरित बताया था। रूस के खुफिया एजेंटों ने 2020 में नवेलनी को साइबेरिया में घातक जहर नोविचोक देकर मारने की कोशिश की थी। जर्मनी में इलाज के बाद उन्हें चेताया गया था कि उनका रूस लौटना सुरक्षित नहीं होगा। नवेलनी ने किसी की नहीं सुनी और कहा कि ' मैं रूस लौटूंगा,जर्मनी में राजनीतिक प्रवासी नहीं बनूंगा।' नवेलनी कहते थे:'मुझे कैसा भय? डर तो उनको (पुतिन) लगना चाहिए।' याद आते हैं रूसी संपादक और नोबेल पुरस्कार से नवाजे गए पत्रकार दिमित्री मुरातोव। पुतिन के अन्याय का वह भी शिकार रहे। उन दिनों जेल में नजरबंद एलेक्सी नवेलनी पर दिमित्री मुरातोव ने कहा था : 'इस नोबेल पुरस्कार का असली हकदार नवेलनी ही हैं। वह जेल में पुतीन द्वारा दी जा रही असह्य यातना का शिकार है।' नोबेल समिति से उनका आग्रह था कि अंतर्राष्ट्रीय यातना विरोधी न्याय प्राधिकरण का गठन हो। मानव की आत्मा की आजादी सुनिश्चित करने हेतु उनकी घोषणा थी कि उन्हें मिला पारितोष मानव मुक्ति के लिए संघर्षरत हर पत्रकार के नाम है।

# सभी धर्मों और किसानों का सम्मान करते थे शिवाजी

हिंदू संगठन और उनके अनुषांगिक संगठन शिवाजी महाराज को हिंदू प्रतापी के तौर पर स्थापित करते हुए केसरिया ध्वज लहराते हुए उनकी जयंती के कार्यक्रम मनाते हैं। हालांकि वे धर्मनिरपेक्ष थे वीर,पराक्रमी,चरित्वान थे, उन्होंने अपने कौशल के दम पर स्वराज बनाया। उनके चरित्र में भेदभाव नहीं था। वे अपने विरोधियों के धर्म और स्त्रियों का सम्मान करने वाले महाराज थे। शिवाजी की सेना में मुसलमान थे,महार थे, मराठे, शूद्र थे, जब औरंगजेब ने आगरा में शिवाजी को नजरबंद किया तब उनको आजाद कराने में मदारी मेहतर की बड़ी भूमिका थी। उनके गुप्तचर मामलों के सचिव मौलाना हैदर अली थे और तोपखाने की कमान इब्राहिम गर्दी के हाथों में थी।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

> 1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा, लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए।

शिवाजी महाराज का जन्म 19 फरवरी 1630 को शिवनेरी किला में महाराष्ट्र के पुणे में हुआ। पिता शाहजी भोंसले तथा माता जीजाबाई थीं। आज जब भारत में किसान अपनी मांगों के लिए आंदोलनरत हैं, ऐसे शिवाजी महाराज की जयंती के अवसर पर,उनकी किसानों के प्रति आस्था तथा किसानों के लिए कल्याणकारी नीति याद करने का दिन है। वो गरीबी का दौर था,जब सूखे का दंश झेल रहे किसान हलकान थे। सिंचाई के साधन दुर्लभ थे,तब भी इतिहास में उनके शासन में किसी किसान ने कर अदायगी या कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या की हो,का उदाहरण नहीं मिलता। आज देश प्रजातांत्रिक है,हजारों किसान बैंकों का कर्ज न चुका पाने के कारण आत्महत्या कर रहें हैं। लोकतांत्रिक सरकारें पूंजीपतियों के कर्ज तो माफ करती हैं,लेकिन ऐसी नीति नहीं बनाती जिससे अन्नदाताओं का जीवन सुखमय हो सके। उनके कार्यकाल के दौरान किसान नीति पूंजीवाद और व्यापारिकता के परक ही नहीं थी, बल्कि आम किसानों के हितों को बढ़ावा देने वाली थी। एक बार उनके गुप्तचर ने सूचना दी शाहिस्ते खां पुणे की ओर बढ़ रहा है,तब उन्होंने सुरजेराव जेठे को कहा किसानों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाया जाए,किसी भी नुकसान पर उनकी नाराजगी मानी जाए। किसानों का हित साधना पुण्य है, मुसीबत में छोड़ देना पाप है।

1676 में भयंकर अकाल पड़ने पर शिवाजी ने अपने अधिकारियों को निर्देश दिया कि उन किसानों को बैल दे दो जिनके बैल सूखे के कारण मर गए हैं। यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था नहीं है तो उन्हें एक खांडी या दो खांडी दे दो इससे हमारे खजाने पर बोझा पड़ेगा,लेकिन पुनर्प्राप्ति के लिए किसानों से जल्दबाजी न करें जब वे सक्षम हो जाए तो मूल राशि लें ब्याज न जोड़ें। इस कार्य को अविलंब लागू किया जाए। शिवाजी राजे इस बात का बहुत ध्यान रखते थे कि उनके राज्य में कोई भूखा न सोये। जानवरों तक का ख्याल रखा जाता था। किसानों को शून्य प्रतिशत ब्याज पर ऋण की व्यवस्था थी। किसान की उपज का वाजिब मूल्य मिले इसका ख्याल रखा जाता था। किसानों के कर बहुत कम थे।

आज किसान अपनी फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी के लिए आंदोलनरत हैं जिनके मार्ग अवरुद्ध किए जा रहे हैं। पिछलीबार प्रधानमंत्री ने अपनी तपस्या की कमी माना था। सरकार गंभीरता पूर्वक हल निकालेगी यह सोचकर किसानों का आंदोलन समाप्त हुआ,लेकिन किसानों का लंबे इंतजार के बाद सब्र जबाब दे रहा था। अब सामाजिक न्याय के किसान नेता पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न से सम्मानित किया गया। एक और किसान नेता जिनका कद भी बहुत सम्मानीय है, सर छोटूराम। उनका कहना था कि यदि दुनिया में कोई धंधा ऐसा है जिसकी नेक कमाई है तो वह यही किसान है।

यदि दुनिया में कोई ऐसा व्यक्ति है तो संतोष जीवन का ज्वलंत उदाहरण है जिसके सीने में श्रद्धा है,हाथ उदार हैं,दिल पवित्र है,नियत का उजाला है,पशु का मित्र है। शिवाजी महाराज, सर छोटूराम, चौधरी चरण सिंह पर श्रद्धा रख सरकार को चाहिए किसानों के साथ खुले दिल से बात कर,उनकी मांगों पर विचार करें।

## सोशल फोरम

# पतिव्रता और पतिवृत्ता में अंतर

पतिव्रता और पतिवृता में क्या अंतर है? हालांकि इसको लिखते हुए भीतर डर है,लेकिन होली के पूर्वागमन का प्रभाव होने लगा है। इसलिए सभी सन्नारियों से प्रार्थना है कि इस लिखे को उसी भावना से प्रेरित माना जाए। पुराने समय में अच्छा पति पाने के लिए कन्याएं सोलह सोमवार का व्रत रखती थी (अब इसका चलन नहीं है, क्योंकि या तो अच्छे पतियों का अभाव हो गया है या जरूरत नहीं रह गई)। पतिव्रत एक अपरिहार्य और कठिन तपस्या हुआ करती थी।

> पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है।



रमेश चंद्र पाठक
सेवानिवृत्त आईएएस

भले ही पति परदेश में हो, साल भर बाद घर आ पाता हो,लेकिन पत्नी उसकी यादों में पूरा साल निकाल दिया करती और जब पति के छुट्टी आने की चिट्ठी आती तो घर द्वार सजने लगते। यह मात्र एक उदाहरण है। अब पतिवृता का उदाहरण-पत्नी जी ने अच्छी कमाई या पद धारक किसी पुरुष की प्राप्ति बिना किसी व्रत आदि के कर ली और अब उनको 24×7 यही चिंता रहती है कि उनके पति का पैसा कौन-कौन खा रहा है या पति किसी दूसरी के चक्कर में तो नहीं पड़ रहा है या मौज मस्ती तो नहीं कर रहा है आदि के कारण उनको एक वृत्त की रचना पति के चतुर्दिक करनी पड़ती है। इस वृत की त्रिज्या,व्यास,केन्द्र और स्पर्श रेखा का चयन करना पड़ता है। इस प्रकार की नारी को कहते हैं पतिवृता, जो रेखागणितीय सिद्धांतों में पारंगत हैं। उनको भली भांति ज्ञात है कि वृत्त का एक निर्धारित क्षेत्रफल होता है, जो उसकी त्रिज्या पर निर्भर करता है और यह त्रिज्या कितनी होनी चाहिए इसका निर्धारण पतिवृता पत्नी करती हैं।

पति कितना ही शातिर हो या कितने ही उच्च पद पर आसीन हो,इस त्रिज्या को पार नहीं कर सकता। यदि किसी तरफ से बढ़ाने की कोशिश करता है तो वृत्त की शक्ल पिचकी हंडिया की तरह हो जाती है। इसे कहिए पतिवृता का पारिवारिक गणित।

–फेसबुक वॉल से

# पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला

उच्चतम न्यायालय ने लोकसभा चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा फैसला सुनाकर वित्त वर्ष 2017-2018 में शुरू की गई विवादित इलेक्टोरल बांड स्कीम को रद्द कर दिया गया है,जो यकीनन पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाता एक ऐतिहासिक फैसला है। सुप्रीम कोर्ट के हिसाब से इलेक्टोरल बांड स्कीम असंवैधानिक है। यह सूचना के अधिकार का उल्लंघन करती है और भाषण व अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर भी हस्तक्षेप करती है।



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

> इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है।

एक बड़े फैसले के तहत मुख्य न्यायाधीश जस्टिस चंद्रचूड़ के नेतृत्व में गठित की गई पांच जजों की बेंच ने स्टेट बैंक को 12 अप्रैल 2019 से अब तक खरीदे गए इलेक्टोरल बांड के खरीदारों के नाम और राजनीतिक दलों की ओर से खर्च और भुगतान की गई धनराशि आदि सभी विवरणों को 6 मार्च तक निर्वाचन आयोग के साथ साझा करने का आदेश दिया है। साथ ही निर्वाचन आयोग को भी निर्देशित किया गया है कि वह स्टेट बैंक ऑफ इंडिया से प्राप्त सभी जानकारियों को 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड करे,जो इलेक्टोरल बांड अभी तक भुनाए नहीं गए हैं,उनकी तय धनराशि बैंक दानकर्ता को वापस लौटाएगा। वैसे भारतीय रिजर्व बैंक और निर्वाचन आयोग इलेक्टोरल बांड योजना को पहले ही अपारदर्शी करार दे चुके हैं। इलेक्टरोरल बांड स्कीम में आम नागरिक, विपक्षी दल और चुनाव आयोग को जानकारी प्राप्त करने से रोकने के पूरे प्रावधान थे,पर सरकारी बैंकों के पास पूरा रिकॉर्ड था कि बांड किसने खरीदा और किस पार्टी को दान में दिया। पिछले 6-7 सालों में इस योजना के तहत कुल छह हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का धन सभी राजनीतिक पार्टियों को मिला है। वर्तमान सरकार के वर्ष 2016 में नोटबंदी के बाद तत्कालीन वित्त मंत्री अरुण जेटली ने अगले ही वर्ष 2017-18 में वित्त विधेयक के माध्यम से इलेक्टोरल बांड योजना को लांच किया था जिसके लिए कई कानूनों में आवश्यक बदलाव भी किए गए थे।

मौजूदा इलेक्टोरल बांड स्कीम की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय थी अर्थात् इनके खरीदारों को भी खरीद घोषित करने की और दूसरी तरफ राजनीतिक दलों को प्राप्त धन के स्रोत की जानकारी देने की कोई भी बाध्यता नहीं थी। चंदा देने वाला अपनी पहचान गोपनीय रखते हुए बैंक से एक करोड़ तक के इलेक्टोरल बांड खरीद सकता था और अपनी पसंद की राजनीतिक पार्टी को डोनेट कर सकता था। निश्चित तौर पर यह आपसी संबंधों और स्वार्थ पर आधारित प्रक्रिया कही जा सकती थी।

इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से प्राइवेट कंपनियों का सरकारों से अनुचित लाभ कमाने की बात किसी से छुपी नहीं है। कंपनियां किसी भी राजनीतिक दल को चंदा देकर उसे अपने दबाव में ला सकती हैं और उसके सत्ता पर आने पर अपने हिसाब से काम निकलवा सकती हैं। जबकि उच्चतम न्यायालय का कहना है कि नागरिकों को जानने का अधिकार है कि सरकार का पैसा कहां से आता है और कहां जाता है। आज राजनीतिक संरक्षण के बल पर हर जगह माफिया सक्रिय हैं। खनन और रियल एस्टेट की बात तो छोड़िए, इन्होंने शिक्षा और सरकारी भर्ती प्रक्रिया को भी प्रभावित किया है। सरकारी नौकरियां दिन प्रतिदिन कम होती जा रही हैं और प्राइवेट सेक्टर में भी आए दिन छटनी देखने को मिल रही है। जिस देश में करोड़ों बेरोजगार युवा हैं,शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है,वहां चुनावों के दौरान पानी की तरह पैसा बहाना आम नागरिक के जख्मों में नमक छिड़कने जैसा ही है। एक तरफ नेताओं की संपत्ति में वर्ष दर वर्ष बढ़ोतरी होती जा रही है,दूसरी तरफ जनता महंगाई की मार झेल रही है। एक सरकारी कर्मचारी अपनी वार्षिक आय का 30 प्रतिशत तक आयकर में खर्च कर देता है,वहीं पार्टियों को मिलने वाले इस चंदे और आमदनी पर कोई कर भी नहीं लगता। इन राजनीतिक पार्टियों को भी सूचना के अधिकार के दायरे में लाना जरूरी है। यूं तो राजनीतिक दलों के नेता आए दिन एक दूसरे को नीचा दिखाने और शर्मिंदा करने वाले अपशब्द बोलने से भी नहीं चूकते,लेकिन जब जब उनके हित प्रभावित होते हैं तो सब एकजुट हो जाते हैं। इसी बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि इन्हें जनता के हित की कितनी परवाह है। हालांकि विपक्षी दल सत्ता पक्ष पर निशाना साथ रहे हैं और सत्ता पक्ष इसे अब भी पारदर्शी बता रही है,लेकिन आम जनता यह जानती है कि सभी राजनीतिक पार्टियों का चरित्र लगभग एक सा ही होता है।

# कैलास मानसरोवर की मुक्ति कब

हनुमान जी द्वारा लंका में सीता जी की खोज करते हुए 'मंदिर मंदिर प्रति कर सोधा' कहा गया है। मंदिर का अर्थ घर भी है और भगवान का घर भी। इधर लोकसभा चुनावों को आसन्न देख हमारे प्रधानमंत्री भी ऐसा ही कर रहे हैं। अभी अयोध्या के राम मंदिर में उनके द्वारा कृत प्राण प्रतिष्ठा की सुर्खियां कम नहीं हुई थीं कि वे संयुक्त अरब अमीरात के अबूधाबी के पास बनाए गए एक मंदिर के उद्घाटन में पहुंचे। अब इसकी खबरें मीडिया में चल रही हैं। आगे मथुरा की श्रीकृष्ण जन्मभूमि और काशी की ज्ञानवापी के इस्लामिक निर्माणों से मुक्ति एजेंडे में है,जैसा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बाकायदा घोषित कर चुके हैं।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

इस क्रम में याद दिलाना चाहूंगा कि भगवान शंकर के मूल निवास कैलास और मानसरोवर की चीन से मुक्ति कब कराई जाएगी? ये पुराण प्रसिद्ध भारतीय क्षेत्र हैं और अर्से से चीन इन पर कब्जा किए है। इनकी मुक्ति की बात ही नहीं हो रही है। ये वह जगहें हैं जिनका गहरा संबंध उन राम और कृष्ण से है जिनकी जन्भभूमि मुक्ति एजेंडे में ली गई। हिंदुओं के 'महादेव' मान्य भगवान शंकर श्रीराम के आराध्य हैं। राम ने रामेश्वरम् शिवलिंग की स्थापना करवाई थी और अंत में महापथ पर जाते हुए वे मानसरोवर भी गए थे। महर्षि वाल्मीकि कहते हैं- 'बदरीकाश्रमे रामःकेदारेशं विलोक्य सः। महापथं ततो गत्वा ययौ तन्मानसं सरः'।। यही नहीं भगवान कृष्ण अपने अभीष्ट की प्राप्ति के लिए कैलास पर्वत पर तप हेतु गए थे। 'शिव महापुराण' की 'उमा पंचम संहिता-अध्याय एक में कथा आई है। जब श्रीकृष्ण कैलास पर्वत पर पहुंचे तो उनको वहां उपमन्यु ऋषि तप करत मिले। उपमन्यु ने कृष्ण जी को शिव महिमा बतलाई और ' ॐ नमःशिवाय' मंत्र 16 मास तक वहां जपने को कहा। कृष्ण जी ने वैसा ही किया,तब सोलह मास बाद माता पार्वती सहित भगवान शंकर ने उन्हें दर्शन और अभीष्ट वरदान दिए। ऐसे में भोलेनाथ के इस पवित्र भारतीय स्थल की मुक्ति का नाम भी न लेना अखरने वाली बात है। उनकी भक्ति का तो एक पूरा महीना (सावन)हिंदू लोग निर्धारित किए हैं।

महा शिवरात्रि का महत्व कौन नहीं जानता? सनातनी लोग हर मास में शिव जी का प्रदोष व्रत रखते हैं। उनके आभूषण सर्पों तक की पूजा का एक अलग पर्व होता है। अतः उन्हें कमतर न आंका जाए। मोदी जी स्वयं उन्हीं की राजधानी काशी से चुनाव लड़ते हैं और गत लोकसभा चुनाव के फौरन बाद केदारनाथ जाकर योग किया था जिसकी फोटो वायरल हुई थी। यह भगवान शंकर का ही ज्योतिर्लिंग है। ऐसे में आशा की जाती है कि मोदी शीघ्र ही कैलास और मानसरोवर का भी चीनी कब्जा छुड़ाकर हिंदुओं के लिए वहां की निर्बाध यात्रा,पूजन अर्चन का मार्ग प्रशस्त करेंगे।

## एक नजर

### जन आरोग्य मेले में 2,676 का हुआ इलाज

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले के सभी 45 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर रविवार को मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले में 81 चिकित्सक, 283 पैरामेडिकल स्टॉफ ने सहयोग दिया। इस मेले में 2,676 लाभार्थी ने पंजीकृत कराया, जिसमें 1,126 पुरुष, 1,186 महिलाओं, 364 बच्चों ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। 98 गोल्डन कार्ड बनाए गए, 231 की कोविड स्क्रीनिंग की गई तथा आरटी पीसीआर किया गया।

### गोमती मित्रों ने सीताकुंड पर फिर किया श्रमदान

सुलतानपुर, अमृत विचार। गोमती मित्र मंडल परिवार की ओर से प्रत्येक रविवार को होने वाला साप्ताहिक श्रमदान जारी रहा। सुबह साढ़े छह बजे से करीब तीन घंटे तक स्वयंसेवकों ने श्रमदान कर धाम को साफ सुधरा किया। श्रमदान में प्रदेश अध्यक्ष रुद्र प्रताप मदन सिंह मदन, मीडिया प्रभारी रमेश माहेश्वरी, आलोक तिवारी, डॉ कुंवर दिनकर सिंह, अजय प्रताप सिंह, राजेश पाठक, मुन्ना सोनी व संत कुमार प्रधान आदि शामिल रहे।

### 101 लोग 28 फरवरी को करेंगे रक्तदान

सुलतानपुर, अमृत विचार। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की एक बैठक अमहट स्थित राजकीय आलंकारिक उद्यान पार्क में हुई। बैठक की अध्यक्षता समाजसेवी सरदार हरविंदर सिंह ने की। बैठक में रक्तदान- महादान शिविर के आयोजन पर विस्तार से चर्चा की गई। 28 फरवरी को शिविर का आयोजन करने पर सहमति बनी। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में शिविर का आयोजन किया जायेगा। 101 लोग इस शिविर में रक्तदान करेंगे। यहां संघ के मार्गदर्शक निजाम खान समेत अन्य रहे।

## जमीन विवाद में चले लाठी-डंडे, 5 घायल

सुलतानपुर, अमृत विचार। शनिवार की देर शाम कोतवाली देहात के वजू पुर गांव में दो पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले, जिसमें दोनों पक्षों से पांच लोग घायल हुए हैं। के रिजवान और सैफुद्दीन के बीच तीन साल से आबादी की जमीन पर कब्जे को लेकर विवाद चल रहा है। जिसमें साल 2023 और 2022 में दोनों पक्षों से मारपीट का मुकदमा पंजीकृत है। शनिवार की शाम को दोनों पक्षों में जमकर विवाद के बाद लाठी डंडे चले। जिसमे एक पक्ष से रिजवान अहमद, ताजुद्दीन और रिजवाना को गंभीर चोटें आई है, तो दूसरी तरफ से सैफुद्दीन और सलाउद्दीन को चोटें आईं हैं। दोनों तरफ से पांच लोग घायल हुए है। पुलिस दोनों पक्षों का केस दर्ज कर जांच कर रही है।

# वर्दी मिली तो पीड़ितों को दिलाएंगे न्याय, बदलेंगे पुलिस की छवि

## परीक्षा देकर चहकते हुए निकले अभ्यर्थी, साइबर अपराध व जीएसटी का तात्पर्य जैसे पूछे गए थ सवाल

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश में साइबर अपराध मुख्यालय कहां है। जीएसटी का तात्पर्य क्या है। नोटबंदी में किस मूल्य की मुद्रा को चलन से बाहर कर दिया गया था। इस तरह के कई रोचक प्रश्न पुलिस भर्ती प्रवेश परीक्षा में पूछे गए थे। बाहर निकल रहे अभ्यर्थियों ने कहा कि यदि वर्दी मिली तो पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाएंगे और समाज में फैले पुलिस की नाकारात्मक छवि बदलेंगे।

जंजीरादास इंटर कॉलेज हनुमानगंज भदैंया से परीक्षा देकर बाहर निकल रही नेहा मिश्रा ने कहा कि यदि पुलिस में भर्ती हो गए तो पीड़ित वर्ग को न्याय दिलाएंगे। हर्ष महिला महाविद्यालय बल्दीराय से परीक्षा देकर निकली अन्नू दुबे ने कहा कि प्रश्न पत्र सरल था। साइबर क्राइम व जीएसटी से संबंधित रोचक प्रश्न पूछे गए थे। वहीं, कादीपुर में एक परीक्षा केंद्र से बाहर निकली साक्षी दुबे ने कहा कि पुलिस में भर्ती हो गए तो नकारात्मक छवि बदलने की कोशिश करेंगे।


पुलिस भर्ती परीक्षा के दौरान केंद्र व्यवस्थापक से जानकारी लेती डीएम व एसपी।

### लगातार भ्रमणशील रहे डीएम और एसपी

जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना व पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने परीक्षा केन्द्रों में बनाये गये कंट्रोल रूम के सीसीटीवी कैमरे को चेक किया। उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा में लगे स्टेटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेट को निर्देशित करते हुए कहा गया कि उक्त परीक्षा को सुचितापूर्ण एवं नकल विहीन कराने के साथ-साथ सम्बन्धित परीक्षा केन्द्रों पर शांति व्यवस्था बनाए रखें। पूरे जनपद स्तर पर पुलिस लाइन में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया था। डीएम एसपी लगातार केंद्रों का निरीक्षण करते रहे। डीएम एसपी ने बताया कि दो दिनों की परीक्षा शांतिपूर्ण व नकल विहीन संपन्न हो गई है। जिले में किसी तरह की कोई अप्रिय सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

### 90 फीसदी अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा

पुलिस भर्ती परीक्षा दूसरे दिन रविवार को प्रथम पाली में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 16,752 के सापेक्ष उपस्थित परीक्षार्थियों की संख्या 15,144 रही। अनुपस्थित परीक्षार्थी 1,608 रही। द्वितीय पाली में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 16,752 के सापेक्ष 14,655 उपस्थित रहे। अनुपस्थित अभ्यर्थी 2097 रहे। जनपद में 90 .68 प्रतिशत परीक्षार्थियों द्वारा पुलिस भर्ती परीक्षा में प्रतिभाग किया गया।

# तालाब में मिला लापता बालक का शव

## बच्चे के पैर के कुछ हिस्से को कुतों ने नोंचा, पिता ने हत्या की आशंका जताते हुए दी तहरीर

लंभुआ, सुलतानपुर

अमृत विचार। घर से गायब छह वर्षीय बालक का शव उसके ही घर के पीछे तालाब में मिला। बच्चे के पैर के कुछ हिस्से को कुत्ते नोच कर खा गए थे। घर वालों को पता चलते ही पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने बालक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पिता ने पुलिस से पुत्र की हत्या की आशंका जाहिर करते हुए गंभीरता से जांच करने की मांग की है।

लंभुआ कोतवाली क्षेत्र के मदनपुर छंगेपुर निवासी ओमप्रकाश का छह वर्षीय पुत्र रणवीर 12 फरवरी की दोपहर के बाद से घर से लापता हो गया। काफी खोजबीन के बाद जब वह नहीं मिला तो दूसरे दिन 13 फरवरी को परिजनों की तहरीर पर लंभुआ कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई। पुलिस तलाश में लग गई। रविवार की सुबह परिजनों ने घर के पीछे ही स्थित तालाब के पास कुत्तों के भौंकने की आवाज सुनी तो तालाब की तरफ दौड़े। तालाब में मासूम का शव देखा। उसके पैर के कुछ हिस्से को कुत्ते नोच कर खा गए थे। परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने बताया कि जब से वह गायब हुआ था तब से काफी जगह खोजबीन की गई और जिस तालाब में उसका शव मिला वहां भी कई बार जांच पड़ताल की गई थी। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर करते हुए पुलिस से गंभीरता से जांच करने की मांग करते हुए तहरीर दी है।

कोतवाली प्रभारी शिवाकांत त्रिपाठी ने कहा की पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारण का स्पष्टीकरण हो सकता है।


लंभुआ में तालाब में मिले बालक के शव का पंचनामा करती पुलिस। अमृत विचार

# आग से राख हो गई गरीब की गृहस्थी

- घर में रखे 75 हजार रुपये भी हो गए खाक, फायर बिग्रेड ने बड़ी मशक्कत के बाद पाया काबू

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। अज्ञात कारणों से लगी आग ने ऐसी तबाही मचाई कि घर-गृहस्थी का सामान पूरी तरह जलकर राख हो गया। इतना ही नहीं आवास के लिए बैंक से निकाला गया नगदी भी राख हो गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया तो सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। राजस्व टीम आग से हुए क्षति का आकलन करने में जुटी है।

कुड़वार थाना क्षेत्र के भगवानपुर उतमानपुर गांव निवासी रामकृपाल यादव के घर संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। आग की लपटें उठी तो परिजन छप्परनुमा आवासीय मकान से निकलकर भाग जान बचाते हुए गुहार लगाई। आवाज सुन आसपास के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस व फायर ब्रिगेड टीम को दिया। सूचना मिलते ही फायर टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक सारा सामान जलकर राख हो गया था। बताया जा रहा है कि रामकृपाल ने प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 65 हजार रुपए अकाउंट से निकालकर घर में ला रखा था। इसके अलावा 10 हजार रुपए उसने अपने जमा कर रखे थे। वह घर निर्माण कार्य शुरू कराने वाला था कि आग ने सब कुछ तबाह कर दिया। आवास के सरकारी पैसे के साथ एकत्रित किया हुआ पैसा जल जाने से राम कृपाल सदमे में हैं। वहीं घर गृहस्थी का सामान जल जाने से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।


कुड़वार में आग लगने से जला हुआ छप्परनुमा आवासीय मकान। अमृत विचार

# आज केंद्रों पर पहुंचेंगे यूपी बोर्ड के प्रश्न पत्र

- कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 22 फरवरी से 122 केन्द्रों पर शुरू होगी बोर्ड की परीक्षा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद से संचालित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट 2024 की 22 फरवरी से जिले के 122 केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं शुरु हो रही हैं। यूपी बोर्ड प्रयागराज की ओर से जिले में प्रश्नपत्र पहुंच चुका है। जिसे संकलन केंद्र शहर के जीआईसी में पुलिस के पहरे में रखवाया गया है।

डीआईओएस रविशंकर ने बताया कि सोमवार से पुलिस की कड़ी सुरक्षा में प्रश्नपत्र परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाएगा। परीक्षा केन्द्रों पर बने स्ट्रांग रूम में लोहे की डबल लॉक अलमारी में पेपर रखे जाएंगे। जो सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में होगी। वहां पर सुरक्षा व्यवस्था मुकम्मल रहेगी। परीक्षा प्रभारी जितेंद्र दुबे ने बताया कि बोर्ड के आदेश पर डीआईओएस ने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि सोमवार को जीआईसी स्थित स्ट्रांग रूम से हाईस्कूल एवं इण्टरमीडिएट के प्रश्नपत्रों को परीक्षा केन्द्रों पर भेजा जाएगा। प्रश्नपत्रों के पहुंचने के पहले स्ट्रांग रूम से सम्बंधित समस्त आवश्यकताएं डबल लॉक युक्त दो आलमारी, सीसीटीवी कैमरा आदि ठीक कर लें। तथा प्रश्नपत्रों के पहुंचने की सूचना बाह्य केंद्र व्यवस्थापकों एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेटों को अवगत कराते हुए टीमों की उपस्थिति में ही स्ट्रांग रूम में रखना सुनिश्चित करें। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा के लिए सभी केंद्र व्यवस्थापक अपने स्तर से संबंधित थाने से सशस्त्र पुलिस बल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से कर लें।


यूपी बोर्ड के प्रश्न पत्र लेकर जीआईसी पहुंचा ट्रक।

## बोर्ड परीक्षा में इनकी लगाई गई ड्यूटी

सुलतानपुर, अमृत विचार। यूपी बोर्ड के आदेश के अनुपालन में जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने परीक्षा के प्रश्नपत्रों शील्ड कार्टून बाक्सों को राजकीय इण्टर कॉलेज के स्ट्रांग रूम से परीक्षा केन्द्रों तक पुलिस की अभिरक्षा में पहुंचाने के लिए सोमवार को सुबह सात बजे से पहले जीआईसी पर उपस्थित होने का निर्देश राजकीय विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, प्रवक्ताओं और परिचारकों को दिया है। इसमें 33 प्रधानाचार्यों, प्रवक्ताओं, सहायक अध्यापकों, परिचारकों की ड्यूटी लगाई है। इसमें आठ प्रधानाचार्य, चार प्रवक्ता, 10 परिचारक 11 सहायक अध्यापकों को शामिल किया गया है।

# अब एमजीएस इंटर कॉलेज में बालिकाएं भी पढ़ेंगी

- शहर के प्रतिष्ठित अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय में इसी सत्र से छात्राओं का लिया जाएगा प्रवेश

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। जिले में माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र के किसी अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय को पहली बार सह शिक्षा के तहत संचालित किया जाएगा। शहर के प्रतिष्ठित अशासकीय सहायता प्राप्त एमजीएस इंटर कॉलेज में सह शिक्षा के लिए इस बार प्रवेश लिया जाएगा। बालिकाओं को ड्रेस और पुस्तक की निशुल्क सुविधा प्रदान की जाएगी और शासन के तहत मिलने वाली छात्रवृत्ति भी दी जाएगी।

महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ. विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गई। प्रधानाचार्य महेश कुमार सिंह ने बताया कि बैठक का प्रमुख विषय विद्यालय में बालिकाओं का प्रवेश (सह शिक्षा) है। बैठक की अध्यक्षता कर रहे डॉ. विनोद कुमार सिंह ने बताया कि महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज जनपद के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान में अग्रणी रहा है। आज भी समाज के सभी वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए कटिबद्ध है। महात्मा गांधी स्मारक इंटर कॉलेज की विद्यालय प्रबंध समिति ने बालिकाओं की समस्या से अवगत होते हुए निर्णय लिया कि विद्यालय के आगामी सत्र में बालकों के प्रवेश के साथ-साथ बालिकाओं का भी प्रवेश किया जाएगा। वर्तमान सत्र में छात्राओं का कक्षा 6, 9, 11 में प्रवेश होगा। कक्षा 11 में विज्ञान वर्ग भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, गणित, जीव विज्ञान एवं वाणिज्य वर्ग में प्रवेश किया जाएगा। जिस हेतु विद्यालय में छह अप्रैल को प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्रवेश स्कूल के कार्यालय में उपलब्ध रहेगा।

बैठक में उप प्रधानाचार्य विचित्र वीर सिंह, राकेश कुमार सिंह, दीपक सिंह, वैभव रघुवंशी आदि ने बालिकाओं के प्रवेश से संबंधित सभी पहलुओं पर अपने विचार रखें। उपस्थित अध्यापकों में अजय कुमार सिंह, सुनील सिंह, लाल रत्नाकर सिंह, मनोराम यादव, तुलसीराम यादव, रमेश कुमार वर्मा, धर्मेंद्र पांडेय, अखिलेश तिवारी, शमीम अख्तर, रमेश प्रजापति, पवन सिंह व सर्वादीन पांडेय आदि मौजूद रहे।


एमजीएस इंटर कॉलेज में शिक्षकों के साथ बैठक करते प्रबंध समिति के पदाधिकारी।

# बजट भी नहीं दे सका पीएचसी बझना को संजीवनी

## नजरअंदाजी

- कार्यदायी संस्था ने डकारे लाखों रुपए, प्रशासन बना अंजान

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। आम जनमानस के स्वास्थ्य सेवा के लिए सरकार द्वारा नए स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना की जा रही है। स्वास्थ्य कर्मियों की नियुक्ति के साथ-साथ नए-नए स्वास्थ्य उपकरणों की खरीद भी की जा रही है। एक स्वास्थ्य केंद्र ऐसा भी है जहां सरकार द्वारा लाखों रुपए खर्च करके भवन का निर्माण कराया गया। लेकिन मानकों के अनुरूप न मिलने पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार भवन को न तो हैंडओवर लिया गया न ही कार्यदायी संस्था के खिलाफ कोई कार्यवाही की गई। जिसके चलते जहां सरकार के लाखों रुपए डूब गए।

जिले की जयसिंहपुर तहसील क्षेत्र के कूरेभार विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत बझना में अस्सी के दशक में तत्कालीन मुख्यमंत्री पंडित श्रीपति मिश्र द्वारा एक अस्पताल की सौगात दी गई थी। स्वास्थ्य महकमे द्वारा जमीन चिन्हित कर बजट आवंटित करते हुए कार्यदायी संस्था द्वारा अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू करा दिया गया। कार्यदाई संस्था द्वारा अस्पताल का मुख्य भवन चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के रात्रि विश्राम के लिए आवास के साथ-साथ अन्य सुविधाओं के लिए भवन तैयार कर दिया गया। वहीं स्वास्थ्य महकमे ने अस्पताल का निर्माण कार्य शुरू होने के साथ है स्वास्थ्य कर्मियों के भी तैनाती करते हुए किराए के कमरे में स्थानीय लोगों को स्वास्थ्य सेवा भी प्रदान करना शुरू कर दिया।


खंडहर बना सीएचसी बझना का भवन। अमृत विचार

> स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण के लिए उपमुख्यमंत्री से वार्ता हुई है। उनके निर्देश पर जिले के अधिकारियों से भी बात हुई है। जल्द ही परिणाम धरातल पर दिखाई देगा। कार्यदायी संस्था से भी खर्च किया धन वापस लिया जाएगा। लोगों की स्वास्थ्य समस्याओं का निदान किया जाएगा।
> -राज प्रसाद उपाध्याय, सदर विधायक

### कई सांसदों ने भी नहीं सुनी ग्रामीणों की पुकार

स्थानीय लोगों ने भाजपा सांसद बाबा विश्वनाथ दादर शास्त्री, जयभद्र सिंह, मो ताहिर खान, वरुण गांधी से अस्पताल के कायाकल्प के लिए गुहार लगाई। लेकिन किसी भी सांसद ने इस तरफ ध्यान देना मुनासिब नहीं समझा। मौजूदा सांसद मेनका गांधी से अस्पताल के कायाकल्प के लिए जब स्थानीय लोगों ने गुहार लगाई तो सांसद ने डीएम व सीएमओ को पत्र लिखकर कार्यवाही के निर्देश दिए। लेकिन उच्च अधिकारियों ने मामले को संज्ञान लेना मुनासिब नहीं समझा।

### भवन हैंडओवर न होने से जर्जर हुआ स्वास्थ्य केंद्र

कार्यदाई संस्था द्वारा जब अस्पताल के भवन को तैयार कर लिया गया तो स्वास्थ्य विभाग को हैंड ओवर करने की बात आई। स्वास्थ्य विभाग के निरीक्षण में कार्यदाई संस्था द्वारा तैयार भवन उनके मानक के अनुरूप ना मिलने पर हैंड ओवर लेने से इंकार कर दिया। कार्यदाई संस्था और स्वास्थ्य महकमे की लंबी लड़ाई भी चली जिसमें स्वास्थ्य महकमे ने जीत भी हासिल की थी। बावजूद कार्यदाई संस्था पर कार्यवाही के बजाय मौन होकर बैठ गई जिसके चलते रखरखाव के अभाव में तैयार अस्पताल का भवन खंडहर में तब्दील हो गया। कार्यदाई संस्था पर कार्यवाही की बात जब की जाती है तो मौजूदा मुख्य चिकित्सा अधिकारी तत्कालीन मुख्य चिकित्सा अधिकारी पर बात छोड़ देते हैं कितनी लागत का अस्पताल का भवन बना था किस कार्यदाई संस्था ने बनाया था इसकी भी जानकारी स्वास्थ्य महकमे को नहीं है।

### आवासीय परिसर में चल रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र

कार्यदाई संस्था द्वारा बनवाए गए भवन जिस स्वास्थ्य विभाग में मानक के अनुरूप ना होने का हवाला देते हुए हैंड ओवर नहीं लिया था। उसी के बनाए गए आवासीय परिसर में बीते 30 वर्षो से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित किया जा रहा है। मजे की बात है कि अगर स्वास्थ्य विभाग के पास अपना भवन ही नहीं है तो किन परिस्थितियों में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है।

### क्या कहते हैं स्थानीय निवासी

बेलगरा ग्राम पंचायत के राहुल मिश्र ने बताया कि अगर स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया गया प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित होता,तो लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जनपद मुख्यालय का रुख नहीं करना पड़ता। स्थानीय निवासी राजेश यादव ने बताया कि अगर अस्पताल का संचालन होता तो क्षेत्र के दर्जनों गांवो से लगभग कई हजार की आबादी लाभान्वित होती। लेकिन अस्पताल के संचालन ना होने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं बड़ी कठिनता से मिल पा रही हैं। ग्राम पंचायत के पूर्व प्रधान व भाजपा नेता श्याम राज सिंह ने बताया कि अस्पताल के संचालन के लिए कई बार अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों के यहां चक्कर लगाए गए। लेकिन अस्पताल का कायाकल्प नहीं हो सका। बझना निवासी विनय कुमार पाण्डेय ने बताया कि बीते लगभग 30 वर्षों से कार्यदाई संस्था द्वारा बनाया गये आवासीय भवन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित हो रहा है। अगर भवन की गुणवत्ता खराब होती तो अब तक आवासीय भवन भी धराशाई हो गया होता स्वास्थ्य महकमे के चलते ही लोगों के अस्पताल का लाभ नहीं मिल पा रहा है।

### सदर विधायक का चल रहा है लगातार प्रयास

सदर विधायक राज प्रसाद उपाध्याय से जब ग्रामीणों ने स्वास्थ्य केंद्र की समस्या बताई तो उन्होंने लोगों को आश्वासन दिया था। जल्द ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का पुनर्निर्माण कराया जाएगा। अब तक लगभग दो से तीन बार अधिकारियों ने स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण भी किया है।

## कई क्रय केन्द्रों पर धान की खरीद प्रभावित

सुलतानपुर, अमृत विचार। जिले के एफसीआई गोदाम में धान खरीद के सीएमआर चावल उतार के लिए स्थान की समस्या हो गई है। जिसके चलते 50 फीसदी धान क्रय केंद्रों पर धान खरीद प्रभावित हो गई है। जनपद में किसानों का धान खरीदने के लिए 87 क्रय केंद्र खोले गए हैं। चावल उतार के लिए स्थान की समस्या के कारण क्रय केन्द्रों पर खरीदे गए धान की डिलीवरी राइस मिलों पर नहीं हो पा रही है। जिससे मंडी, कुड़वार, कूरेभार समेत कई क्रय केन्द्रों पर स्थान का संकट होने से धान खरीद प्रभावित हो गई है। मंडलायुक्त व डीएम की ओर से चावल का रैक बाहर भेजने के लिए एफसीआई के अधिकारियों को पत्र भेजा गया है लेकिन समस्या दूर नही हुई।

# राकेश अध्यक्ष तो श्रीकृष्ण बने महासचिव

- राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत की जनपदीय कार्यकारिणी का चुनाव

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत का निर्वाचन रविवार को जिला पंचायत सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें जिला अध्यक्ष के पद पर राकेश तिवारी को सर्वसम्मति से चुना गया, जबकि श्रीकृष्ण पांडेय को महासचिव निर्विरोध निर्वाचित घोषित किए गए। कोषाध्यक्ष के पद पर पंकज पाण्डेय को फिर से जिम्मेदारी दी गई है।

वरिष्ठ संगठन मंत्री का पद पवन मिश्र को मिला है। इसके अलावा वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में अखिलेश सिंह पंकज और जिला उपाध्यक्ष के पद पर रोहित सिंह, मनोज तिवारी व बब्बन वर्मा को मनोनीत किया गया। चुनाव प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए पहले ही 12 सदस्यीय जिला निर्वाचन समिति का गठन किया गया था। जिसका अध्यक्ष संरक्षक सतीश पांडेय को बनाया गया था। इसके अलावा पर्यवेक्षक के रूप में बलिया से सत्यव्रंत सिंह भी चुनाव में पहुंचे। तय किया गया कि अन्य पद जिलाध्यक्ष की संस्तुति के बाद भरे जाएंगे। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष राकेश तिवारी ने सभी सदस्यों के प्रति विश्वास जताने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि पत्रकारों के हित की लड़ाई किसी भी हद तक लड़ी जाएगी। पिछले साल का लेखा-जोखा कोषाध्यक्ष पंकज पाण्डेय ने रखा और आडीटर मनोज मिश्र ने उसे प्रमाणित किया।



राष्ट्रीय पत्रकार संघ भारत के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व अतिथि। अमृत विचार

# 21 लाख की सांसद निधि से बहुरेंगे रामलीला मैदान के दिन

- समाजसेवी पं. शिवप्रसाद वाजपेई ने किया भूमि पूजन

सुलतानपुर, अमृत विचार। कुड़वार बाजार स्थित रामलीला मैदान के दिन जल्द ही बहुरने वाले हैं। यहां पर सांसद मेनका गांधी ने 21 लाख की सांसद निधि से वृहद सामुदायिक भवन व एक हाई मास्ट लाइट की स्वीकृति प्रदान की है।

रविवार को सांसद प्रतिनिधि रणजीत कुमार, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र प्रताप सिंह की मौजूदगी में कुड़वार निवासी 95 वर्षीय जनसंघ काल के कार्यकर्ता व समाजसेवी पं.शिवप्रसाद वाजपेई ने मुख्य यजमान के रूप में तथा रामसूरत तिवारी, पूर्व प्रधान नित्यानंद तिवारी आदि ने यजमान के रूप में भूमि पूजन किया। इस अवसर पर मौजूद सासंद प्रतिनिधि रणजीत कुमार ने क्षेत्र के वरिष्ठजनों का माल्यार्पण व शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि रामलीला मैदान में कुड़वार प्रमुख के सहयोग से मनरेगा योजना के माध्यम से पार्क का भी निर्माण जल्द शुरू कराया जाएगा। प्रमुख प्रतिनिधि योगेन्द्र सिंह बबलू ने कहा कि सांसद द्वारा रामलीला मैदान को विकसित करने की योजना बड़ी उपलब्धियों की श्रेणी में माना जाएगा।

## राज्य स्तरीय बाक्सिंग प्रतियोगिता में जिले को मिले छह पदक

सुलतानपुर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय और उत्तर प्रदेश बॉक्सिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में 12 से 15 फरवरी तक गाजियाबाद मे आयोजित भार वर्ग 40 से 43 किलोग्राम में निखिल यादव को कांस्य पदक, 46 से 49 में देवांश को कांस्य पदक, 52 से 55 नैतिक विक्रम सिंह रजत पदक, 58 से 61 किलोग्राम मे दीपक वर्मा को कांस्य पदक ,67 से 70 किलोग्राम मे अभिमान जायसवाल को रजत पदक और 70 से अधिक भार वर्ग मे अभय शुक्ला को कांस्य पदक हासिल हुआ है। जिला क्रीड़ा अधिकारी सर्वेंद्र सिंह चौहान, जिला ओलंपिक संघ सचिव चौंपियन वेद प्रकाश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष मुनेंद्र मिश्रा, रामेंद्र सिंह राणा, राजेश कनौजिया आदि ने बधाई दी है।

**शिवनाथ वर्मा स्मारक स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवनगर (खानपुर पिलाई)**
सुलतानपुर (उ0प्र0) पिन कोड-228172
(डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या)

**आवश्यकता है**

**स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत महाविद्यालय में निम्न विषयों में प्रवक्ताओं की आवश्यकता है-** प्रवक्ता (बी0एड0)- 02 पद, शा0 शिक्षा (बी0एड0)- 01 पद, संगीत (बी0एड0)- 01 पद, **स्नातक विज्ञान संकाय-** वनस्पति विज्ञान, रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान व गणित प्रत्येक में एक-एक पद, **स्नातक कला संकाय-** अंग्रेजी, राजनीति विज्ञान, मनोविज्ञान, हिन्दी, संस्कृत प्रत्येक में दो-दो पद, **परास्नातक कला संकाय-** हिन्दी, गृहविज्ञान व समाजशास्त्र प्रत्येक में दो-दो पद। योग्यता/अर्हता, वेतनमान एवं अन्य सेवा शर्तें यू0जी0सी0/ एन0सी0टी0ई0 राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली में वर्णित प्रावधानों के अनुसार होगी। इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त शैक्षिक अंक पत्रों/प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित छायाप्रति, दो पासपोर्ट साइज के फोटोग्राफ एवं अनुभव के साथ अपना आवेदन पत्र विज्ञापन प्रकाशन के 15 दिन के भीतर पंजीकृत डाक अथवा स्वयं कार्यालय में जमा करें।

**प्रबन्धक - सीताराम वर्मा, मो0-9415137463, 9415393096**

## एक नजर

### मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकारः अखिलेश

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार ने इन्वेस्टर समिट और निवेश के नाम पर अभी तक जनता के साथ छलावा किया है। अखिलेश यादव ने कहा कि महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार से त्रस्त जनता को धोखा देने के लिए भाजपा नए-नए इवेन्ट के जरिए मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए चुनाव से पहले नई-नई कसरत करती रहती है। रविवार को जारी एक बयान में उन्होंने कहा, जनता भाजपा की इन चालों को समझती है। सपा प्रमुख ने कहा कि चमक दमक और दिखावा करने से निवेश नहीं आता है। निवेश और नौकरी, रोजगार के लिए ठोस और स्पष्ट नीति की आवश्यकता होती है।

### एसपीजी, एनएसजी और एटीएस कमांडो तैनात

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री समेत दुनिया भर से आ रहे मेहमानों की सुरक्षा को लेकर के प्रशासन अलर्ट है और बंदोबस्त व्यापक हैं। चप्पे-चप्पे पर नजर रखने को 4300 जवानों की तैनाती की गई है। इसके अलावा एसपीजी, एनएसजी, एटीएस कमांडो भी रहेंगे। सुरक्षा के साथ यातायात संभालने के लिए अधिकारियों के नेतृत्व में अलग-अलग टीमों की तैनाती तय की गई है।

# सभी मंडल और जिलों में बनेगा होम्योपैथिक कार्यालय

## प्रदेश में 18 मंडलीय व 75 डीएचओ कार्यालयों में कुल 651 पद सृजित

पदमाकर पाण्डेय, लखनऊ

**अमृत विचारः** जल्द ही मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय की तरह हर जिले में जिला होम्योपैथिक कार्यालय (डीएचओ) होंगे और मंडलस्तर पर मंडलीय कार्यालय स्थापित होंगे। जहां से जनसामान्य को मिल रहीं होम्योपैथिक चिकित्सीय सेवाओं की निगरानी की जाएगी। इसके लिए शासन द्वारा हर कार्यालय के लिए सात पद के अनुसार 93 कार्यालयों के में कुल 651 पद सृजित किये जा चुके हैं।

स्वास्थ्य विभाग के जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों की बदहाली खत्म होगी। इसके लिए प्रदेश के सभी 18 मंडलों में मंडलीय कार्यालय स्थापित किये जायेंगे साथ ही 75 जिलों में जिला होम्योपैथिक कार्यालय खोले जायेंगे।

इन मंडलीय कार्यालय में एक सहायक लेखाकार, एक स्टैनो ग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक और कनिष्ठ सहायक व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के दो-दो पद संचालित होंगे।

होम्योपैथिक निदेशक उप्र डॉ.अरविंद कुमार वर्मा ने बताया कि अभी तक जिलों में चिकित्सकीय सेवाओं की निगरानी मुख्यालय से की जाती है। स्थानीय स्तर पर अपने कार्यालय न होने की वजह से दिक्कतें आती हैं। राज्य सरकार द्वारा कार्यालय संचालन की स्वीकृत मिलने के बाद स्थितियां बदलेंगी। वर्तमान में 15 जिलों में खुद के होम्योपैथिक कार्यालय संचालित हो रहें हैं।

महोबा, उन्नाव, कानपुर देहात और प्रतापगढ़ में कार्यालय के लिए जमीन मिल चुकी है। शेष अन्य जिलों में जिलाधिकारियों को जमीन उपलब्ध कराने के निर्देश दिये जा चुके हैं। बिठूर में नई डिस्पेंसरी तैयार हो चुकी है, चिकित्सकों की तैनाती होते ही मरीजों को इलाज की सुविधा मिलने लगेंगी।

### बढ़ेंगे चिकित्सक व फार्मासिस्ट

साल 1995 से पृथक रूप से संचालित हो रहें होम्योपैथिक विभाग में 1585 चिकित्सक पदों के सापेक्ष 240 पद रिक्त हैं। साथ ही फार्मासिस्टों के 1572 पदों में 397 पद रिक्त हैं। विभागीय पदोन्नति कमेटी की बैठक में पदोन्नति पाने के बाद रिक्त हुये 240 चिकित्साधिकारी और 397 होम्योपैथिक फार्मासिस्टों की नियुक्ति के लिए लोक सेवा आयोग को अधियाचन भेज दिया गया है। चयनित होने के बाद इन्हें होम्योपैथिक अस्पताल व डिस्पेंसरियों में तैनात किया जायेगा।



▶▶ जिला अस्पतालों में संचालित होने वाले होम्योपैथिक अस्पताल की बदहाली होगी दूर

"मंडलीय व जिला कार्यालय खुलने और समुचित स्टाफ उपलब्ध होने से विभागीय कार्यों को गति मिलेगी। जिला योजनाओं के कार्यों को धरातल पर आसानी से पहुंचेंगी। नए अस्पताल बनेंगे और मरीजों को मिलने वाली चिकित्सकीय सेवाओं में इजाफा होगा।

-डॉ .आशीष वर्मा, महासचिव प्रांतीय होम्योपैथी चिकित्सा सेवा संघ, उप्र.

### होम्योपैथिक कार्यालय में होंगे सात पद

स्वीकृत पदों की जानकारी देते हुए निदेशक होम्योपैथिक ने बताया कि प्रत्येक मंडलीय कार्यालय में कुल सात पदों में एक सहायक लेखाकार, एक स्टेनोग्राफर, एक वरिष्ठ सहायक, दो कनिष्ठ सहायक और दो चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के पद सृजित किये गये हैं। इतने ही पद हर जिला होम्योपैथिक कार्यालय में सृजित हैं।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में निगरानी के लिए राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम तैयार

कार्यालय संवाददाता,लखनऊ

**अमृत विचारः** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 22 फरवरी से 8265 केंद्रों पर शुरू होने जा रही 10वीं 12वीं की परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठेंगे। परीक्षा की निगरानी राजधानी के पार्क रोड स्थित माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिविर कार्यालय में बनाये गये कंट्रोल रूम से की जायेगी। इस कंट्रोल रूम उद्घाटन माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी ने रविवार को किया। मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप वर्ष 2024 की बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन सम्पन्न कराने हेतु प्रदेश में कुल 8265 परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं, जिनमें 275 परीक्षा केंद्रों को अति संवेदनशील एवं 466 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील परीक्षा केंद्र के रूप में चिन्हित किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के प्रत्येक कक्ष में सीसीटीवी कैमरे, वॉयस रिकार्डर तथा राउटर संस्थापित किये गये हैं, जिसके माध्यम से सम्पूर्ण परीक्षा अवधि की लाइव मॉनीटरिंग वेबकास्टिंग के माध्यम से की जायेगी। कंट्रोल रूम उद्घाटन के मौके पर माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव, अपर शिक्षा निदेशक सुरेंद्र कुमार तिवारी, अपर शिक्षा निदेशक अजय कुमार द्विवेदी, माध्ययमिक शिक्षा परिषद सचिव दिव्यकान्त शुक्ल सहित तमाम अधिकारी उपस्थित रहे।

**इस पर परीक्षा के समय में किया गया परिवर्तनः** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि छात्र-छाआओं की सुविधा के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार प्रथम पाली की परीक्षा का समय प्रातः 8.00 से 11.15 के स्थान पर बढ़ाकर 8.30 से 11.45 किया गया है। द्वितीय पाली की परीक्षा समय पूर्ववत् अपरान्ह 2.00 से शाम 5.15 तक है। परीक्षा की शुचिता व नकलविहीन परीक्षा के आयोजन के दृष्टिगत इस वर्ष प्रथम बार परिषद के पांचों क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज, वाराणसी, मेरठ, बरेली एवं 5 गोरखपुर एवं मुख्यालय प्रयागराज में भी एक-एक कन्ट्रोल सेन्टर स्थापित कराया गया जोकि 75 जनदीय एवं 02 राज्य स्तरीय कन्ट्रोल रूम के अतिरिक्त बोर्ड परीक्षा का ऑनलाइन निगरानी करेंगे। प्रत्येक जनपद में ऑनलाइन मॉनीटरिंग के लिए जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। संवेदनशील एवं अति संवेदनशील परीक्षा केन्द्रों की निगरानी हेतु एसटीएफ एवं एलआईयू को सम्पूर्ण परीक्षा अवधि तक सक्रिय रखा गया है, जिससे परीक्षा प्रश्न-पत्रों के प्रकटन के प्रयास की सम्भावना पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके।

# उद्योगपतियों का महाकुंभ बनाएगा कीर्तिमान

## 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ की 14 हजार 619 परियोजनाओं का भूमिपूजन करके पीएम मोदी रचेंगे नया इतिहास

धीरेंद्र सिंह, लखनऊ

**अमृत विचारः** अयोध्या में दिव्य दीपोत्सव के बाद प्रदेश में एक और नए कीर्तिमान की नींव सोमवार को उद्योगपतियों के महाकुंभ में रखी जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे ही रिमोट दबाएंगे, प्रदेश 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन करने वाला विश्व का पहला राज्य बन जाएगा। इसी के साथ पलायन का दंश झेलने को मजबूर हजारों युवाओं को जहां जीवन-यापन का नया रास्ता खुलेगा, वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा राज्य को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने का संकल्प भी पूरा होना आसान दिखेगा।

जीबीसी के जरिए प्रदेश की तरक्की के इस महाआयोजन की सफलता में देश-विदेश के बड़े उद्योगपति ही नहीं, ओडीओपी में निवेश करने वाले जिला-जवार के उद्यमियों की मेहनत भी है।

पिछले साल इंवेस्टर समिट में 33.50 लाख करोड़ के निवेश प्रस्तावों के हुए एमओयू का मजाक उड़ाने वाले राज्य की विधानसभा से लेकर देश की संसद तक थे। नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सपना दिखाने और बेचने वाला बाबा तक कहा, मगर तेजी से बदली निवेश नीतियों ने फार्च्युन-500 कंपनियों को भी प्रदेश में निवेश के लिए ऐसा लालायित किया कि इसका आकार बढ़कर 40 लाख करोड़ तक हो गया। हाल ही में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान और फिर चर्चा में हिस्सा लेते हुए भी विपक्ष ने निवेश प्रस्तावों को कागजी कहकर इसे धरातल पर उतरने को लकेर तमाम आशंकाएं जताई और तंज कसे थे।

▶▶ प्रदेश के लिए मुख्यमंत्री योगी की कड़ी मेहनत ला रही नई अर्थक्रांति

लेकिन, सोमवार को इसकी पहली ग्राउंड सेरेमनी में ही 10 लाख 23 हजार 537 करोड़ रुपये की 14 हजार 619 परियोजनाओं का एक साथ भूमिपूजन के महाआयोजन की तैयारी और उद्योगपतियों के आ रहे विमानों को देख अचंभित हैं।

समूचा शहर दुल्हन की सजा है, रंग-बिरंगी लाइटों के साथ रंग-बिरंगी फूलों की हरियाली और महक मनमोह ले रही है। एयरपोर्ट से कार्यक्रम स्थल तक सोमवार को मेहमान उद्योगपतियों के स्वागत में जगह-जगह 350 से अधिक सांस्कृतिक कार्यक्रम अलग की आभा बिखेरेंगे।

### लक्ष्य से आगे निकले बरेली समेत 19 जिले

प्रदेश के सभी 75 जनपदों में लगने वाली परियोजनाओं में 19 जिले ऐसे हैं, जहां निवेश लक्ष्य से ज्यादा उद्यम धरातल पर उतरेंगे। इसमें एटा ने साढ़े तीन गुना यानि 354 प्रतिशत, सीतापुर ने 145 प्रतिशत, शाहजहांपुर ने 127 प्रतिशत, सोनभद्र ने 121 प्रतिशत, चंदौली ने 117 प्रतिशत, मुजफ्फरनगर और मुरादाबाद ने 114 प्रतिशत, मीरजापुर ने 113 प्रतिशत, हरदोई ने 111 प्रतिशत, अमेठी ने 108 प्रतिशत, बाराबंकी ने 108 प्रतिशत, फतेहपुर, गोंडा ने 105 प्रतिशत, बरेली ने 104 प्रतिशत, रामपुर ने 103 प्रतिशत, बहराइच ने 101 प्रतिशत और लखीमपुर खीरी, भदोही व बिजनौर ने 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया है।

**उद्योगजगत से अयोध्या जैसा रिकार्ड तोड़ते रहने की उम्मीदः** मुख्यमंत्री बनते ही योगी आदित्यनाथ ने वर्ष 2017 में जैसे अयोध्या में दिवाली के एक दिन पहले लाखों दीप जलाकर विश्व रिकार्ड बनाया और इसे साल-दर-साल अपना ही रिकार्ड तोड़ते जा रहे हैं। ऐसे ही ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी भी प्रधानमंत्री के हाथों विश्व रिकार्ड का तमगा हासिल करने के बाद साल-दर साल आगे बढ़ती गई तो प्रदेश की अर्थव्यवस्था समूचे विश्व को ललचाएगी। लोगों की तरक्की देखने लायक होगी। अर्थशास्त्र के जानकार कहते हैं कि विश्व में कोई ऐसा उदाहरण नहीं है, जहां इतने बड़े पैमाने पर उद्योग एक साथ लग रहे हों। सोमवार को धरातल पर कार्यक्रम की सफलता नया इतिहास रचेगी।



कानपुर सेंट्रल स्टेशन में रविवार को भी परीक्षार्थियों का जबर्दस्त रेला रहा। प्लेटफार्म चार-पांच, छह-सात पर ट्रेन में चढ़ने व उतरने के दौरान धक्का-मुक्की हुई। एक महिला का पैर टूट गया। दिल्ली, प्रयागराज, झांसी रूट की ट्रेनों में खासी भीड़ रही।

# प्रधानमंत्री का मंत्र आज देगा नई दिशा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** जीबीसी-4 के जरिए सरकार अपने लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाएगी। उपलब्धियों की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देंगे, साथ ही निवेशकों को सफलता के मंत्र भी बताएंगे। मुख्यमंत्री योगी प्रदेश में उद्योगों के अनुरूप माहौल के साथ ही भविष्य की योजनाओं को लेकर अपनी बात रखेंगे। प्रदेश में करीब 34 लाख रोजगार के अवसरों की संभावनाओं के द्वारा भी खुल जाएंगे।

कार्यक्रम को लेकर सरकार की ओर दी गई जानकारी के मुताबिक औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल नंदी पीएम मोदी का स्वागत करेंगे, जबकि हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन धीरज हिंदुजा, सैमसंग, साउथ वेस्ट एशिया के सीईओ जेपी पार्क, आईएनजीकेए के सीईओ सुसैन पल्वरर, टोरेंट ग्रुप के एमडी जीनल मेहता और एडवर्ब टेक्नोलॉजीज के चेयरमैन जलज मेहता भी प्रदेश में औद्योगिक विकास की उपलब्धियों के विषय में अपने विचार रखेंगे। रक्षा मंत्री और लखनऊ से सांसद राजनाथ सिंह भी यहां अपने विचार रखेंगे, जिसके बाद पीएम मोदी परियोजनाओं को डिजिटल ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से शुभारंभ करेंगे। इस अवसर पर पीएम को प्रदेश सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक शॉर्ट फिल्म भी दिखाई जाएगी।

▶▶ मुख्यमंत्री योगी रखेंगे उद्योगों के अनुरूप माहौल और भविष्य की योजनाएं

### बदलते यूपी की झलक दिखाएंगे सेक्टोरल सेशन व प्रदर्शनी

19 फरवरी को जीबीसी के उद्घाटन के साथ ही भव्य प्रदर्शनी का भी आयोजन किया जाएगा, 1250 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में 3 दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, लॉजिस्टिक्स एवं वेयरहाउसिंग, डिफेंस एवं एयरोस्पेस, डेटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी, ईवी एवं नवीकरणीय ऊर्जा, फिल्म सिटी, मेडिकल इक्विप्मेंट्स व ओडीओपी प्रमुख हैं। साथ ही सेक्टोरल सेशंस का भी आयोजन होगा।

### आयोजन की सभी तैयारियां पूरी

कार्यक्रम में दुनिया भर के तकरीबन 4000 प्रतिभागियों के प्रतिभाग करने की संभावना है, जिसमें जाने माने उद्योगपति, फॉर्च्यून ग्लोबल/इण्डिया 500 कंपनियां, विदेशी निवेशक भागीदार, राजदूत/उच्चायुक्त एवं अन्य प्रतिष्ठित अतिथि सम्मिलित हैं। आने वाले डेलीगेट्स को गोल्ड, सिल्वर और रेड पास उपलब्ध कराए गए हैं। प्रदर्शनी स्थल पर 10 अलग-अलग पवेलियन बनाए गए हैं, जिनमें एआई पवेलियन, टेक्सटाइल, डाटा सेंटर/इलेक्ट्रॉनिक्स एंड आईटी, वेयरहाउस एंड लॉजिस्टिक्स, फिल्म सिटी, इन्वेस्ट यूपी/टॉप इन्वेस्टर्स, मेडिकल डिवाइसेज, ईवी एंड रिन्यूएबल एनर्जी और डिफेंस/एयरोस्पेस शामिल हैं। आयोजन में स्टील के शिपिंग कंटेनर्स को बेस बनाकर जर्मन हैंगर बनाए गए हैं। साथ ही यहां श्रीराम जन्मभूमि मंदिर समेत डिफेंस के तमाम इक्विप्मेंट्स के 3डी रेप्लिका मॉडल्स को दर्शाया जाएगा। इसके साथ ही यीडा क्षेत्र में बनने जा रही फिल्म सिटी की भी पहली झलक यहां देखने को मिलेगी।

### पूरे प्रदेश में बहेगी निवेश की बयार

जीबीसी के जरिए प्रदेश में 10,23,537 करोड़ की 14,619 परियोजनाओं का शुभारंभ होने जा रहा है। सबसे खास बात ये है कि प्रदेश के सभी हिस्सों और जनपदों में ये निवेश होगा। इसके अंतर्गत सर्वाधिक 52 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं की शुरुआत प्रदेश के पश्चिमांचल हिस्से में होगी। वहीं पूर्वांचल में 29 प्रतिशत, मध्यांचल में 14 प्रतिशत और बुंदेलखंड में 5 प्रतिशत निवेश परियोजनाओं को धरातल पर उतारा जाएगा।

### 16 विभागों ने प्राप्त किया शत प्रतिशत लक्ष्य

इनमें 16 विभाग ऐसे हैं जिन्होंने 100 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य हासिल किया है। इसमें बेसिक शिक्षा विभाग ने 888 प्रतिशत, फूड एंड सिविल सप्लाई (226%), वन विभाग (182%), आयुष (173%), पशुपालन (167%), ऊर्जा (165%), माध्यमिक शिक्षा (139%), तकनीकी शिक्षा (133%), उद्यान (120%), अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत (114%), केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री (112%), चिकित्सा शिक्षा (110%), स्वास्थ्य (105%), यीडा (103%), नागरिक उड्डयन (100%) और जीनीडा (100%) शामिल हैं।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने अर्पित किया श्रद्धांजलि

**धनघटा, संतकबीरनगर।** सूचना अधिकारी कार्यालय पर तैनात लेखाकार रत्नेश चौधरी के असामयिक निधन पर ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन तहसील इकाई धनघटा ने रविवार को शोक सभा का आयोजन किया। जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में आयोजित शोकसभा में मौजूद पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा के शांति की कामना किया। सौरभ त्रिपाठी ने कहा कि लेखाकार रत्नेश चौधरी बेहद कर्मठ और मृदुभाषी कर्मचारी थे। उन्होंने पत्रकारों को हर कदम पर सम्बल प्रदान किया। उनके निधन से जो शून्यता पैदा हुई है उसकी भरपाई लम्बे समय तक नहीं हो सकेगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन उनके परिजनों के साथ हर कदम पर खड़ा मिलेगा। इस मौके पर अकरम खान, अमित मिश्रा, रमेश दूबे, अमित पांडेय, बलवंत पाण्डेय, रघुराम चतुर्वेदी समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# संतकबीर नगरः पुलिस भर्ती परीक्षा में अन्तर्राज्यीय साल्वर गिरफ्तार

▶▶ खलीलाबाद के गन्ना विकास इंटर कालेज का मामला

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने पुलिस भर्ती परीक्षा में अन्तर्राज्यीय साल्वर को फर्जी अभ्यर्थी के प्रश्न पुस्तिका, ओएमआर, आधार कार्ड, प्रवेश पत्र का मूल प्रपत्र (4) व प्रपत्र (8) के साथ गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि शनिवार को केंद्र ब्यवस्थापक गन्ना विकास इंटर कालेज खलीलाबाद अभिषेक शर्मा ने कोतवाली खलीलाबाद में लिखित तहरीर देकर बताया कि उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी नागरिक पुलिस के पदों पर सीधी भर्ती की प्रथम पाली की लिखित परीक्षा में गन्ना विकास इण्टर कालेज खलीलाबाद में शशिकपूर पुत्र रामचेत ग्राम व पोस्ट रजनौली, सिरसी खास थाना धनघटा जनपद संतकबीरनगर रोल नंबर 2057471 की परीक्षा कक्ष संख्या 3 में थी।

अभ्यर्थी के स्थान पर प्रशांत कुमार उर्फ शिंकू पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी जोनी थाना विक्रमगंज जिला रोहतास सासाराम बिहार द्वारा परीक्षा दिया जा रहा था। वादी की तहरीर पर थाना कोतवाली खलीलाबाद में सम्बन्धित धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्त प्रशांत कुमार उर्फ शिंकू पुत्र लक्ष्मण सिंह निवासी जोनी थाना विक्रमगंज जिला रोहतास सासाराम बिहार को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से फर्जी अभ्यर्थी के प्रश्न पुस्तिका, ओएमआर, आधार कार्ड, प्रवेश पत्र का मूल प्रपत्र (4) व पपत्र (8) बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय रवाना कर दिया गया।

### नकल कराने की फिराक में प्रधान का बेटा गिरफ्तार

**संतकबीरनगर।** महुली थाना प्रभारी और एसओजी की संयुक्त टीम ने पुलिस भर्ती परीक्षा में नकल कराकर पास कराने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के एक सरगना को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता के अनुसार गिरफ्तार व्यक्ति महुली थानाक्षेत्र अंतर्गत चंद्रौटी गांव का निवासी अश्वनी यादव है। एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि युवक अपने भाई के साथ मिलकर पुलिस भर्ती में नकल कराने और परीक्षा पास कराने को लेकर लोगों के एडमिट कार्ड को रखकर फर्जी तरीके से उन्हें ठगने के प्रयास में था। वक्त रहते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। इस घटना में संलिप्त उसके भाई अभिषेक यादव पर भी पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर कर लिया है। अभी तक एक ही आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर सकी है और दूसरा फरार चल रहा है।

## परीक्षार्थियों को स्वयं सेवकों ने बताया केंद्रों का पता, पिलाई चाय

**संतकबीरनगर।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के लिए अपने परीक्षा केंद्रों की तलाश में भटक रहे अभ्यर्थियों को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पदाधिकारियों ने जगह-जगह कैंप लगाकर न सिर्फ उन्हें परीक्षा केंद्र का रास्ता बताया बल्कि उन्हें चाय नाश्ता भी कराया। बताते चलें कि जनपद मुख्यालय और उसके आसपास के 21 कालेजों को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। शनिवार और रविवार को दो-दो पालियों में परीक्षाएं सम्पन्न कराई गई। जिले के अलावा कुछ पड़ोसी जनपदों के अभ्यर्थी भी परीक्षा में शामिल होने पहुंचे थे।

अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों को तलाश करने में होने वाली दिक्कतों को देखते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक राजीव नयन और नगर कार्यवाह सौरभ जी ने सभी प्रमुख रास्तों और चौराहों पर स्वयंसेवकों की ड्यूटी लगा दिया था। ये स्वयं सेवक परीक्षार्थियों को रोककर उन्हें चाय नाश्ता कराने के साथ ही परीक्षा केंद्रों का पता बताने में जुटे थे। स्वयं सेवकों की इस पहल को चौतरफा सराहना मिल रही है।

# सीएमओ ने किया आयुष्मान भव मेले का निरीक्षण

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार।** रविवार को जिले के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा में आयोजित आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने किया।

आयुष्मान भव मेले का व्यापक प्रचार प्रसार किया जाय। जिससे इन मेलों का लाभ जनसमुदाय को प्राप्त हो। निरीक्षण में चिकित्सक समेत 2 कर्मी अनुपस्थित मिले। सभी अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों के वेतन रोकने हेतु अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा डॉ विजय कुमार को निर्देशित किया। जनपद में आयोजित आयुष्मान भव मेले में कुल 3106 लाभार्थियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पचपेड़वा में हुए तीन सिजेरियन प्रसवों की प्रसूताओं से मिल कर उनका हाल चाल जाना। विकास परियोजना के अंतर्गत संचालित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विशुनपुर विश्राम निरीक्षण किया। सीएमओ ने बताया कि 24 फरवरी को थारू विकास परियोजना पर एक विशाल हेल्थ कैंप का आयोजन किया जाएगा। निरीक्षण के समय डॉ विजय कुमार, डॉ अवधेश कुमार चैधरी, डॉ मसूद अहमद, ब्रतदेव मिश्रा, अरविन्द मिश्रा जिला स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा के चिकित्सक व कर्मचारी उपस्थित रहे।



आयुष्मान भव स्वास्थ्य मेले का जायजा लेते सीएमओ व अन्य।

# संतकबीरनगर के लेखाकार का निधन, शोक की लहर

संवाददाता, संतकबीरनगर

**अमृत विचार।** सूचना अधिकारी संतकबीरनगर कार्यालय में लेखाकार पद पर तैनात 38 वर्षीय रत्नेश चौधरी का बीती रात दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के ग्राम खम्हरिया निवासी रत्नेश चौधरी पुत्र जगदीश चौधरी शनिवार की शाम दोस्त की शादी में शामिल होने बस्ती गए थे। द्वारपूजा के समय दोस्तों के साथ डांस कर रहे थे।

इसी दौरान उनके सीने में दर्द उठा और बेचैनी होने लगी। आनन फानन में लोग उन्हें लेकर कैली मेडिकल कालेज लेकर पहुंचे। मौजूद डाक्टरों ने उनका उपचार शुरू कर दिया। लोगों ने इस बात की सूचना उनके परिजनों को भी दे दिया। परिजन अस्पताल पहुंचे तो वे पूरी तरह होश में थे ओर उन्होंने बताया कि दर्द में अब काफी आराम है। परिजनों के साथ अस्पताल के बेड पर बैठ कर बातचीत कर रहे थे कि इसी बीच उन्होंने अपने छोटे भाई से बेचैनी और चक्कर आने की शिकायत किया। लोगों ने दुबारा डाक्टर को बुलाया लेकिन तबतक उनकी मौत हो चुकी थी। अचानक हुई मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया।

परिजन रात में ही उनका शव लेकर घर चले आए। परिजनों को सांत्वना देने के लिए किसी के पास शब्द नहीं थे। परिजनों को सांत्वना देने वालों में सहायक सूचना निदेशक बस्ती प्रभात त्रिपाठी, सूचना अधिकारी संतकबीरनगर सुरेश कुमार सरोज, वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा, गोरखनाथ मिश्र, के.के. मिश्र, अमित पांडेय, जितेन्द्र पाठक, उमेश चौधरी समेत तमाम लोग शामिल रहे।

## सार-संक्षेप

### पूर्व मंत्री राकेश वर्मा ने किया क्षेत्र का भ्रमण

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए भावी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क अभियान तेज कर दी है। सपा से पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वर्गीय बेनी प्रसाद वर्मा के पुत्र पूर्व रहे मंत्री राकेश वर्मा ने लोकसभा गोंडा के विधानसभा उतरौला क्षेत्र के दर्जनों गांवों का भ्रमण किया। जिसमें शाहपुर इटई, बड़वाजोत, महदेइया, जोगी वीर होते हुए बाबा फक्कड़ दास मंदिर चैराहे पर पहुंचकर सपा वरिष्ठ नेता राम दयाल यादव के कार्यालय पर एक बैठक की। राकेश यादव वर्मा ने इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में जुट जाने की अपील की। और अपने संबोधन में पूर्व सीएम अखिलेश यादव के द्वारा कराए गए विकास कार्यों का बखान किया। राम दयाल यादव ने माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया और कार्यकर्ताओं से अभी से चुनाव की तैयारी में लग जाने की बात कही। सपा प्रदेश सचिव शत्रोहन लाल वर्मा व लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय सचिव अलखराम वर्मा ने राकेश वर्मा का माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद उनका काफिला मनकापुर चैराहा से इमलिया बेथुईया पकड़ी जैतिहवा, हुसैनाबाद, दोलताबाद सहित स्थानों पर सैकड़ों समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ता व जनता जनार्दन ने फूल माला पहनाकर गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। जिसमें सपा के वरिष्ठ नेता परसराम यादव, राम सिंह वर्मा, बच्चा राम वर्मा, जगदीश वर्मा, तामेश्वरी वर्मा, विधानसभा अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष बहलोल नियाजी, अजय निषाद, महेश यादव, चेतराम वर्मा, सपा अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष औकात अली, लल्लन वर्मा समेत तमाम सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सुविधा देने की सरकारी पहल एक साल बाद भी अधूरा

**उतरौला, बलरामपुर, अमृत विचार।** एक वर्ष पहले गांवों के पंचायत भवन हाईटेक बनाने के लिए हाई स्पीड डाटा का वाईफाई लगाने की कवायद विलुप्त दिखाई दे रही है। प्रत्येक गांव में ग्राम सचिवालय हाई स्पीड कनेक्टिविटी वाईफाई सुविधा से लैस करने व ग्रामीणों को जरूरी अभिलेखों को प्राप्त करने के लिए तहसील, ब्लाक व सरकारी कार्यालयों का चक्कर न लगाना पड़े इसके लिए पंचायत स्तर पर सुविधा देने की सरकारी पहल एक साल बाद भी पूरा नही हो सकी है। इसके लिए शासन स्तर पर मई 2022 में ही कार्रवाई शुरू कर दी गई थी। एक वर्ष पहले प्रदेश के अपर मुख्य सचिव आलोक कुमार सिंह द्वारा प्रदेश के पंचायती राज निदेशक सहित सभी जिलों के अधिकारी को भेजे गए शासनादेश में कहा था कि स्मार्ट गांव के रूप में गांवों को विकसित करने के लिए अहम निर्देश जारी किए गए हैं। गांव को स्मार्ट बनाने के लिए प्रदेश के 58 हजार 179 ग्राम पंचायत के ग्राम सचिवालय के नाम से स्थापित किया जा रहा है। गांव की जनता को विभिन्न विभागों के जिन दस्तावेजों, अभिलेखों व कागजात की आवश्यकता पड़ती है वह सभी अभिलेख ग्राम सचिवालय के पंचायत सहायक व कामन सर्विस सेंटर के माध्यम से प्राप्त होगी।

अमृत विचार
www.amritvichar.com


INVEST UP

# निवेश का महाकुंभ



₹10 लाख करोड़+ की निवेश परियोजनाएं

UP NEW INDIA'S GROWTH ENGINE

औद्योगिक विकास परियोजनाओं का शुभारंभ | @4.0

— 19 फरवरी 2024 • लखनऊ —

34 लाख+ नौकरी के अवसर



इलेक्ट्रॉनिक मैन्युफैक्चरिंग हब



एम.एस.एम.ई. हब



डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर



एयरपोर्ट प्रदेश



मेट्रो प्रदेश



एक्सप्रेस प्रदेश

## नरेन्द्र मोदी

प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**आनंदीबेन पटेल**
राज्यपाल, उत्तर प्रदेश

**राजनाथ सिंह**
रक्षा मंत्री, भारत सरकार

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**ब्रजेश पाठक**
उप मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'**
मंत्री, औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन, उत्तर प्रदेश

**जसवंत सिंह सैनी**
राज्य मंत्री, संसदीय कार्य तथा औद्योगिक विकास, उत्तर प्रदेश

*एवं अन्य गणमान्य महानुभाव*

दिनांक : 19 फरवरी, 2024 | समय : मध्याह्न 12:00 बजे
स्थान : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, गोमतीनगर, लखनऊ

लाइव प्रसारण DD NEWS व Youtube.com/DDNEWS Youtube.com/dduttarpradesh एवं UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

## खेल डायरी

### घरेलू क्रिकेट में खुद को करना होगा साबितः जय

**मुम्बई,** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने केंद्रीय अनुबंधित भारतीय खिलाड़ियों से कहा है कि अगर वे देश के लिए खेलना चाहते हैं तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में खुद को 'साबित' करना होगा। शाह ने खिलाड़ियों को लिखे पत्र में कहा कि बोर्ड को इंडियन प्रीमियर लीग की सफलता पर गर्व है लेकिन खिलाड़ियों की घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देने की 'प्रवृत्ति' चिंता का कारण है। कुछ खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट के स्थान पर आईपीएल को प्राथमिकता देनी शुरू दी है। यह एक प्रवृत्ति बनकर उभरने लगी है और यही हमारे लिए चिंता का कारण है। हमने इस तरह की चीजों की अपेक्षा कभी नहीं की थी। घरेलू क्रिकेट हमेशा वह आधार रहा है, जिस पर भारतीय क्रिकेट खड़ा है। उन्होंने कहा कि इसको समझना बहुत आवश्यक है कि घरेलू क्रिकेट भारतीय क्रिकेट की रीढ़ है। यह कई सालों से भारतीय टीम को नई प्रतिभाएं देता रहा है। भारतीय क्रिकेट के लिए हमारा दृष्टिकोण शुरू से ही स्पष्ट रहा है कि भारत के लिए खेलने के इच्छुक प्रत्येक क्रिकेटर को घरेलू क्रिकेट में खुद को साबित करना होगा।

### अर्जेंटीना ओपनः अल्कराज को हराकर जैरी फाइनल में

**ब्यूनस आयर्स, एजेंसी।** चिली के निकोलस जैरी ने अपने कॅरियर का सबसे बड़ा उलटफेर करते हुए विश्व के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कार्लोस अल्कराज को हराकर अर्जेंटीना ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। जेरी ने अल्कराज को 7-6 (2), 6-3 से हराया जो उनके करियर की सबसे बड़ी जीत है। फाइनल में उनका मुकाबला अर्जेंटीना के फेसुंडो डियाज़ अकोस्टा से होगा। पिछली बार के विजेता अल्कराज़ ने मैच में किसी भी समय अपनी चिर परिचित आक्रामकता नहीं दिखाई जिसका चिली के खिलाड़ी ने फायदा उठाया। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाले डियाज़ अकोस्टा ने अपने पहले टूर सेमीफाइनल में हमवतन फेडेरिको कोरिया को 6-2, 6-3 से हराया।

### तुर्की महिला कप के लिए 23 सदस्यीय टीम घोषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय फुटबाल महासंघ (एआईएफएफ) ने 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में होने वाले तुर्की महिला कप 2024 के लिए रविवार को 23 सदस्यीय महिला सीनियर टीम की घोषणा की। भारतीय टीम सोमवार को तुर्की के लिए रवाना होगी। इससे पहले भारत ने 2019 और 2021 में इस प्रतियोगिता में भाग लिया था। भारत चार देशों के इस टूर्नामेंट में अपना पहला मैच 21 फरवरी को एस्तोनिया के खिलाफ खेलेगा। राउंड रोबिन आधार पर होने वाले टूर्नामेंट में भारत इसके बाद 24 फरवरी को हांगकांग और 27 फरवरी को कोसोवा से भिड़ेगा। तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम चैंपियन बनेगी।

### आईपीएल की सर्वकालिक टीम के कप्तान चुने गए धोनी



**नई दिल्ली।** करिश्माई भारतीय क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी को रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की सर्वकालिक महान टीम का कप्तान चुना गया। इस टीम का चयन 2008 में शुरू की गई टी20 लीग की सफलता का जश्न मनाने के लिए किया गया। 20 फरवरी को आईपीएल की पहली नीलामी के 16 साल पूरे हो जाएंगे। इस मौके पूर्व दिग्गज क्रिकेटरों और करीब 70 पत्रकारों की मदद से आईपीएल की सर्वकालिक महान टीम का चयन किया। इसके चयन पैनल में वसीम अकरम, मैथ्यू हेडन, टॉम मूडी और डेल स्टेन जैसे पूर्व क्रिकेटर थे। ऑस्ट्रेलिया के डेविड वार्नर और भारत के विराट कोहली को सलामी बल्लेबाज के रूप में चुना गया जबकि 'यूनिवर्सल बॉस' क्रिस गेल को बल्लेबाजी क्रम में नंबर तीसरा स्थान दिया गया है। मध्यक्रम में सुरेश रैना, एबी डिविलियर्स, सूर्यकुमार यादव और धोनी को जगह मिली है जबकि हार्दिक पंड्या, रविंद्र जडेजा और कीरोन पोलार्ड 15 सदस्यीय टीम में तीन ऑलराउंडर है। राशिद खान, सुनील नरेन और युजवेंद्र चहल को स्पिन गेंदबाज के तौर पर चुना गया है जबकि लसिथ मलिंगा और जसप्रीत बुमराह दो तेज गेंदबाज है। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने कहा कि कप्तानी के लिए धोनी के नाम पर सहमति बनना तय था। उन्होंने हर खिताब जीता है। विश्व कप, आईपीएल, आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी। उनमें कप्तानी के नैसर्गिक गुण है और मैदान के बाहर और अंदर उन्होंने चीजों को शानदार तरीके से निपटा है। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर और कोच टॉम मूडी ने कहा कि धोनी ने अच्छी टीम के अलावा औसत टीम के साथ भी खिताब जीता है।

# जायसवाल और जडेजा का जलवा, भारत की बड़ी जीत

## यशस्वी ने जड़ा दोहरा शतक और रविंद्र ने लिए 5 विकेट, तीसरे टेस्ट के चौथे दिन ही इंग्लैंड को 434 रन से दी मात

### भारत-इंग्लैंड का तीसरा टेस्ट

**राजकोट, एजेंसी**





**214** रन
236 गेंद
14 चौके
12 छक्के

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल के दोहरे शतक और रविंद्र जडेजा के 5 विकेट की मदद से भारत ने इंग्लैंड को तीसरे टेस्ट मैच में रविवार को चौथे दिन ही 434 रन से करारी शिकस्त देकर अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की और 5 मैचों की श्रृंखला में 2-1 से बढ़त बनाई। इंग्लैंड की 'बैजबॉल' रणनीति भारत के आगे नहीं चल पाई तथा 557 रन के मुश्किल लक्ष्य का पीछा करते हुए उसकी टीम 39.4 ओवर में 122 रन पर आउट हो गई। जडेजा ने 41 रन देकर 5 विकेट लिए। कुलदीप ने दो जबकि बुमराह और अश्विन ने एक-एक विकेट लिए। भारत की इससे पहले रनों के लिहाज से सबसे बड़ी जीत 372 रन की थी जो 2021 में मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ मिली थी। इंग्लैंड के खिलाफ यह किसी भी टीम की दूसरी बड़ी जीत है। भारतीय धरती पर रनों के लिहाज से यह बड़ी जीत का भी रिकॉर्ड है। विशाखापत्तनम में दूसरे टेस्ट मैच में 209 रन बनाने वाले जायसवाल ने नाबाद 214 रन की पारी खेली, जिसकी मदद से भारत ने दूसरी पारी 4 विकेट पर 430 रन पर समाप्त की घोषित करके इंग्लैंड के सामने असंभव लक्ष्य रखा। भारत ने पहली पारी में 445 रन बनाकर इंग्लैंड को 319 रन पर आउट किया था। जायसवाल ने 236 गेंद में 14 चौके और 12 छक्के लगाए। इस तरह से उन्होंने एक टेस्ट पारी में सर्वाधिक छक्के लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। जायसवाल ने सरफराज खान (नाबाद 68) के साथ पांचवें विकेट के लिए 172 रन की साझेदारी की। पहला टेस्ट मैच खेल रहे सरफराज ने मैच में लगातार दूसरा अर्धशतक जमाया। इससे पहले शुभमन गिल ने 91 रन की पारी खेली। इंग्लैंड की शुरुआत अच्छी नहीं रही और पहली पारी में शतक जड़ने वाले बेन डकेट आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे। डकेट ने दावा किया था कि भारत कितने भी रन बनाए इंग्लैंड की टीम उसे हासिल कर सकती है लेकिन वह 4 रन बनाकर रन आउट हो गए। बुमराह ने विश्राम से ठीक पहले जॉक क्राउली (11) को पगबाधा आउट कर दिया। अश्विन को परिवार में आपात चिकित्सा स्थिति से टीम छोड़नी पड़ी थी, लेकिन उन्होंने चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर वापसी की। रोहित शर्मा ने दूसरे छोर से जडेजा को गेंद थमाई जिन्होंने ओली पोप (03) को स्लिप में रोहित के हाथों कैच कराया और फिर अगले ओवर में जॉनी बेयरस्टो (04) को पगबाधा आउट किया। इससे इंग्लैंड का स्कोर 4 विकेट पर 28 रन हो गया। जब इंग्लैंड का स्कोर 50 रन था तब जो रूट (07) और कप्तान बेन स्टोक्स (15) भी पवेलियन लौट गए। रूट को जडेजा ने पगबाधा आउट कर अपना तीसरा विकेट लिया जबकि कुलदीप ने स्टोक्स को इसी तरह से आउट करके इंग्लैंड की उम्मीद पर पानी फेर दिया। कुलदीप ने रेहान अहमद (00 को लॉन्ग ऑन क्षेत्र में कैच करा कर इंग्लैंड का स्कोर 7 विकेट पर 50 रन कर दिया। बेन फॉक्स (16) और टॉम हार्टली (16) ने अगले 11 ओवर तक विकेट नहीं गिरने दिया। यह दोनों बल्लेबाज हालांकि 3 गेंद के अंदर पर पवेलियन चले गए। फॉक्स को जडेजा ने विकेटकीपर ध्रुव जुरैल के हाथों कैच कराया जबकि हार्टली को अश्विन ने बोल्ड किया। मार्क वुड (33) ने 16 गेंद की पारी में 6 चौके और 1 छक्का लगाकर हार का अंतर काम किया। जडेजा ने उन्हें जायसवाल के हाथों कैच कराकर अपना पांचवा विकेट लिया। इससे पहले जायसवाल ने इंग्लैंड के गेंदबाजों की धुनाई की।

**557** रन का मुश्किल लक्ष्य भारत ने इंग्लैंड को दिया था

**122** रन पर अंग्रेजों की पुरी टीम सिमटी, नहीं चले बल्ले



### स्कोर बोर्ड

**भारत (पहली पारी-445) दूसरी पारी 430/4 (98 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 214 | 236 | 14/12 |
| रोहित शर्मा पगबाधा बो रूट | 19 | 28 | 3/0 |
| शुभमन गिल रन आउट | 91 | 151 | 9/2 |
| रजत पाटीदार का रेहान बो हार्टले | 00 | 10 | 0/0 |
| कुलदीप यादव का रूट बो रेहान | 27 | 91 | 3/1 |
| सरफराज खान नाबाद | 68 | 72 | 6/3 |

**अतिरिक्तः** 11, **विकेट पतनः** 1-30, 2-191, 3-246, 4-258, **गेंदबाजीः** एंडरसन 13-1-78-0, रूट 27-3-111-1, हार्टले 23-2-78-1, वुड 10-0-46-0 रेहान अहमद 25-1-108-1

**इंग्लैंड (पहली पारी-319) दूसरी पारी 122/10 (39.4 ओवर)**

| खिलाड़ी | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| जॉक क्राउली पगबाधा बो बुमराह | 11 | 26 | 2/0 |
| बेन डकेट रन आउट | 04 | 15 | 0/0 |
| ओली पोप का शर्मा बो जडेजा | 03 | 14 | 0/0 |
| जो रूट पगबाधा बो जडेजा | 07 | 40 | 1/0 |
| जॉनी बेयरस्टो पगबाधा बो जडेजा | 04 | 03 | 1/0 |
| बेन स्टोक्स पगबाधा बो कुलदीप | 15 | 39 | 1/0 |
| बेन फोक्स का जुरेल बो जडेजा | 16 | 39 | 2/0 |
| रेहान अहमद का सिराज बो कुलदीप | 00 | 05 | 0/0 |
| टॉम हार्टले बो अश्विन | 16 | 36 | 2/1 |
| मार्क वुड का जायसवाल बो जडेजा | 33 | 15 | 6/1 |
| जेम्स एंडरसन नाबाद | 01 | 09 | 0/0 |

**अतिरिक्तः** 12, **विकेट पतनः** 1-15, 2-18, 3-20, 4-28, 5-50, 6-50, 7-50, 8-82, 9-91, 10-122 **गेंदबाजीः** जसप्रीत बुमराह 8-1-18-1, मोहम्मद सिराज 5-2-16-0, रविंद्र जडेजा 12 .4-4-41-5, कुलदीप यादव 8-2-19-2, रविचंद्रन अश्विन 6-3-19-1

### अश्विन टीम से जुड़े, चौथे दिन चाय के बाद मैदान पर उतरे

**राजकोट, एजेंसी।** भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ चल रहे तीसरे टेस्ट क्रिकेट मैच के चौथे दिन चाय के विश्राम के बाद मैदान पर उतरे। अश्विन को मैच के दूसरे दिन अपना 500वां विकेट हासिल करने के कुछ देर बाद अपनी मां के बीमार होने के कारण तीसरे टेस्ट मैच को बीच में छोड़ना पड़ा था। आईसीसी के नियमों के मुताबिक अश्विन को मैच के तीसरे दिन अनुपस्थित रहने पर 'पेनल्टी टाइम' का सामना नहीं करना पड़ेगा। आईसीसी के अनुच्छेद 24 .3 .2 के अनुसार, अगर खिलाड़ी ने अंपायरों की राय में किसी स्वीकार्य कारण से मैदान छोड़ा है तो इस अनुपस्थिति पर जुर्माना नहीं लगेगा। इसमें बीमारी या आंतरिक चोट शामिल नहीं है। रविवार दोपहर राजकोट पहुंचे अश्विन को चाय के विश्राम के दौरान अभ्यास करते देखा गया। इससे पहले बीसीसीआई ने रविवार को दिन के पहले सत्र में बताया था अश्विन टीम से जुड़ेंगे।

### टेस्ट मुश्किल है, मैं इसे यादगार बनने को तैयार : यशस्वी

**राजकोट।** करियर के शुरुआती दौर में ही दो दोहरे शतक जड़ने वाले सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने कहा कि टेस्ट 'कठिन' है, लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़ा बनाने में विश्वास रखते हैं। इस बल्लेबाज ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 236 गेंदों में नाबाद 214 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ जुलाई 2023 में पदार्पण करने वाले जायसवाल का छठा मैच में यह दूसरा दोहरा शतक था। जायसवाल ने राजकोट टेस्ट में एक पारी में किसी भारतीय द्वारा सबसे अधिक छक्के (12) लगाकर रिकॉर्ड बुक में भी नाम दर्ज कराया। जायसवाल ने कहा कि उन्होंने सत्र दर सत्र खेलने की कोशिश की। उन्हें पारी के दौरान पीठ में ऐंठन की समस्या से भी निपटना पड़ा। यह मेरे लिए काफी मुश्किल था क्योंकि शुरू में मैं रन नहीं बना पा रहा था। इसलिए सत्र दर सत्र खेलना पड़ा और परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना पड़ा। तभी मुझे लगा कि मैं रन बना सकता हूं।

# भारतीय महिलाओं ने स्वर्ण पदक जीतकर रचा इतिहास

## बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड की टीम को 3-2 से दी मात

**शाह आलम (मलेशिया), एजेंसी**



युवा अनमोल खरब ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिससे भारतीय महिलाओं ने रविवार को बैडमिंटन एशिया टीम चैंपियनशिप के फाइनल में थाईलैंड को 3-2 से हराकर अपना पहला स्वर्ण पदक जीतकर इतिहास रचा। पीवी सिंधु की अगुवाई वाली महिला टीम ने अच्छा प्रदर्शन जारी रखा तथा दो बार के कांस्य पदक विजेता थाईलैंड को हराया। भारतीय महिलाओं का इस चैंपियनशिप में यह पहला बड़ा खिताब है, जिससे उसका चीन के चेंगदू में 28 अप्रैल से पांच मई तक होने वाले उबेर कप के लिए मनोबल बढ़ेगा। अनमोल ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं कि हमने स्वर्ण पदक जीता क्योंकि यह पहली बार है जब भारत बैडमिंटन एशिया टीम चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीत रहा है। भारत ने इससे पहले इस प्रतियोगिता में दो पदक जीते थे। भारतीय पुरुष टीम ने 2016 और 2020 में कांस्य पदक पाए थे।

थाईलैंड अपनी दो चोटी की खिलाड़ियों रतचानोक इंतानोन और पोर्नपावी चोचुवोंग के बिना प्रतियोगिता में उतरा था जिसका भारत को फायदा मिला। चोटिल होने से चार महीने तक कोर्ट से बाहर रहने वाली सिंधु ने आक्रामक खेल का नजारा पेश किया और पहले एकल में सुपनिडा काटेथोंग को हराकर भारत को 1-0 से बढ़त दिलाई। त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी ने जोंगकोलफान कितिथाराकुल और राविंडा प्रा जोंगजई की जोड़ी को पराजित कर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया। शनिवार को जापान की नोज़ोमी ओकुहारा के खिलाफ जीत के बाद अश्मिता चालिहा से काफी उम्मीदें थी लेकिन वह दूसरे एकल में बुसानन ओंगबामरुंगफ़ान से हार गई। श्रुति मिश्रा और प्रिया कोन्जेंगबाम की जोड़ी बेन्यापा ऐम्सार्ड और नुनटाकर्न ऐम्सार्ड की जोड़ी से हार गई, जिससे मुकाबला 2-2 से बराबर हो गया। अब भारत को जीत दिलाने का दारोमदार अनमोल खराब पर टिका था जिन्होंने पोर्नपिचा चोइकीवोंग को हराकर भारत को स्वर्ण पदक दिला दिया।

# प्रदेश के खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने किया निराश

### रणजी ट्राफी

**कार्यालय संवददाता, लखनऊ**



**अमृत विचारः** रणजी ट्रॉफी के अंतिम मैच में उत्तर प्रदेश की टीम के खिलाड़ियों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। इलीट ग्रुप-बी में लीग अंतिम मुकाबले में मेजबान उत्तर प्रदेश की टीम छत्तीसगढ़ के खिलाफ बैकफुट पर है। क्रिकेट विशेषज्ञों के अनुसार यह मुकाबला अब ड्रा की तरफ बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ की पहली पारी के जबाव में उत्तर प्रदेश की टीम 238 रन पर सिमट गई। ऐसे में छत्तीसगढ़ को बिना खेले 176 रन की बढ़त मिली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक छत्तीसगढ़ ने 5 विकेट पर 124 रन बनाए और 300 रन की बढ़त ली है। सोमवार को आखिरी दिन का खेल होना है और छत्तीसगढ़ के 5 विकेट बाकी हैं। रविवार को उत्तर प्रदेश ने 3 विकेट पर 110 रन के आगे खेलना शुरू किया। 128 रन और जोड़कर उत्तर प्रदेश की टीम सिमट गई। नाबाद बल्लेबाज कप्तान नितीश राणा और सौरभ कुमार जल्द आउट हो गए। सौरभ 55 और नितीश राणा 54 रन ही बना सके। बल्लेबाज यश दयाल ने तेज खेल दिखाया। उन्होंने 55 रन की पारी 36 गेंदों पर खेली। शिवम शर्मा 33 रन बनाकर नाबाद रहे। छत्तीसगढ़ के बुट्टे और रवि किरन ने 3-3 और आशीष चौहान को 2 विकेट मिले।

लंच के बाद दूसरी पारी खेलने उतरी छत्तीसगढ़ की टीम के पांच प्रमुख बल्लेबाजों को उत्तर प्रदेश की टीम ने 124 रन के योग पर चला किया। शशांक चंद्राकर ने 42 और आशुतोष सिंह ने 43 रन बनाए। आज का खेल खत्म होने तक पहली पारी में दोहरा शतक जमाने वाले छत्तीसगढ़ के संजीत देसाई 25 और अजय मंडल दो रन बनाकर क्रीज पर मौजूद हैं। उत्तर प्रदेश के शिवम शर्मा ने 14 रन देकर 3, अटल बिहारी और नितीश राणा को 1-1 विकेट मिला।

## बॉलीवुड हलचल

### 'शक्तिमान' पर चल रहा काम : मुकेश



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता मुकेश खन्ना का कहना है कि अभी शक्तिमान प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है और बहुत जल्द इसकी अनाउंसमेंट की जाएगी। सुपरहिट टीवी सीरियल शक्तिमान में मुकेश खन्ना ने शक्तिमान का किरदार निभाया था। फिल्म शक्तिमान के निर्माण का ऐलान पिछले साल किया गया था। सोनी पिक्चर्स ने फिल्म शक्तिमान का ऐलान किया था और मुकेश खन्ना को इसका क्रिएटिव कंसल्टेंट बनाया था। कहा जा रहा है कि रणवीर सिंह इस बार शक्तिमान का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। मुकेश खन्ना ने कहा, अभी इस प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है। मेरा सोनी पिक्चर्स के साथ कॉन्ट्रैक्ट है और इसलिए इस बारे में ज्यादा बात नहीं कर सकता। हालांकि, इस बारे में हम जल्द ही ऑफिशियल स्टेटमेंट रिलीज करेंगे।

### अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर नीतू का जलवा



**मुंबई, एजेंसी।** जानीमानी अभिनेत्री नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा अमेरिका में टाइम्स स्क्वायर पर देखने को मिला। नीतू चंद्रा श्रीवास्तव का जलवा पिछले दिनों अमेरिका के टाइम्स स्क्वायर पर उस वक्त देखने को मिला जब वह एक म्यूजिकल प्ले उमराव जान अदा के ट्रेलर की शूटिंग कर रही थी। उस समय न्यूयॉर्क शहर के टाइम स्क्वायर पर स्थित बड़ी-बड़ी स्क्रीन पर सिर्फ नीतू चंद्रा श्रीवास्तव के मनमोहक दृश्य नजर आ रहे थे और इस तरह वो अमेरिका की सरजमीं पर भारत का परचम लहराती नजर आ रही थी। यह ट्रेलर ब्लू वेव एंटरटेनमेंट के ऑफिसियल यूट्यूब चैनल से रिलीज भी कर दिया गया है। इस म्यूजिकल प्ले के ट्रेलर शूट के बाद नीतू चंद्रा श्रीवास्तव ने अपनी एक्साइटमेंट का इजहार किया और कहा कि यह मेरी जिंदगी का सबसे यादगार लम्हा है, जब टाइम्स स्क्वायर जैसे जगह से दुनिया की नजरे मुझे देख रही थी, लेकिन मुझे खुद पर भरोसा था और मैं इस कॉन्सेप्ट के साथ अपना हंड्रेड परसेंट देने का काम किया।

### यामिनी की 'नमस्ते सासू जी' का फर्स्ट लुक रिलीज




**मुंबई, एजेंसी।** मैड़ज मूवी प्रस्तुत, वर्ल्डवाइड प्रोडक्शन की आने भोजपुरी फिल्म नमस्ते सासू जी का फर्स्ट लुक रिलीज कर दिया गया है। नमस्ते सासू जी में यामिनी सिंह मुख्य भूमिका में है, और उनके साथ गौरव झा और देव सिंह भी नजर आने वाले हैं। निर्माता प्रदीप शर्मा ने कहा कि फिल्म की कहानी ही इसकी यूएसपी है, जिसमें भोजपुरी सिनेमा के दिग्गज अभिनेताओं ने अपना योगदान दिया है। इस फिल्म को काली प्रसाद सिंह ने निर्देशित किया है। फिल्म का निर्माण बड़े पैमाने पर किया गया है। इसलिए उम्मीद है कि दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी। वही फिल्म को लेकर यामिनी सिंह ने बताया कि यह फिल्म महिला प्रधान कहानी पर आधारित है। इसकी केंद्रीय भूमिकाओं में महिलाओं का अपीरियंस बेहद महत्वपूर्ण है। बावजूद इसके यह फिल्म पूरी तरह से कमर्शियल है। इसमें मेरी भूमिका भी बेहद अलग है और मैं ऐसे निभाने के लिए खूब मेहनत की है। उम्मीद करती हूं कि भोजपुरी के दर्शकों ने मुझे अब तक जिस तरह से प्यार दिया है उससे भी ज्यादा प्यार मुझे इस फिल्म के जरिए मिले। इस फिल्म के गीत संगीत से लेकर संवाद और प्रेजेंटेशन सभी खास हैं। फिल्म का ट्रेलर भी जल्द ही आएगा और यह फिल्म जब भी रिलीज हो तब आपसे आग्रह करुंगी कि आप इसे सिनेमाघर में जाकर देखें। गौरतलब है कि फिल्म नमस्ते सासू जी के निर्माता प्रदीप सिंह, समीर आफताब, विनय सिंह, मोनिका सिंह और प्रतीक सिंह हैं। फिल्म के निर्देशक काली प्रसाद हैं, जबकि कहानी सभा वर्मा ने लिखी है। फिल्म के संगीतकार ओम झा हैं। गीतकार प्यारे लाल यादव, डॉक्टर कर्मेंद्र कुमार सिंह, धर्म हिंदुस्तानी और संतोष कुमार उत्पाती हैं।

### कुछ रीत जगत..., सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा : मीरा



**मुंबई, एजेंसी।** टीवी की अभिनेत्री मीरा देओस्थले का कहना है कि सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होने वाला शो कुछ रीत जगत गंभीर सामाजिक बुराई के खिलाफ आवाज उठाएगा। गुजरात के परिवेश पर आधारित इस शो में दहेज प्रथा के खिलाफ आवाज उठाई गई है। मीरा देओस्थले (नंदिनी) और जान खान (नरेन रतनशी) मुख्य भूमिका में हैं। नंदिनी एक ऐसी लड़की है, जिसे शादी के बाद पता चलता है कि उसकी शादी में दहेज लिया गया है और वह अपनी शादी का दहेज ससुराल वालों से वापस मांगती है। मीरा ने कहा कि महिलाओं को अक्सर कहा जाता है कि यह करना चाहिए, यह नहीं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार इस पर सवाल उठाता है और पूछता है कि ऐसा क्यूं करना चाहिए। नंदिनी का किरदार लोगों को जागरूक करता है। जब मुझे शो की नरेशन सुनाई गई तब मेरी आंखो में आंसू आ गए और मैने यह तय कर लिया कि मुझे यह शो करना है। ये फुल ऑफ इंटरटेनिंग शो है जो लोगों को संदेश भी देगा। जान खान के साथ मेरी रोमांटिक केमेस्ट्री लोगों को बेहद पसंद आएगी। शो में 30 से अधिक कलाकारों ने काम किया है।

### मैं दो वर्ष का था तब अमिताभ ने मेरे गाल पर काटी थी चिकोटी : इमरान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता इमरान हाशमी ने बताया कि वह जब दो वर्ष के थे तब अमिताभ बच्चन ने उनके गाल पर चिकोटी काटी थी और उन्हें आशीर्वाद दिया था। इमरान ने अमिताभ बच्चन के साथ फिल्म चेहरे में काम किया है। उन्हांने बताया, फिल्म चेहरे में काम करने की वजह अमिताभ बच्चन रहे। अमिताभ बच्चन दिग्गज कलाकार और बेहद प्रोफेशनल हैं। चेहरे में मेरा किरदार नेगेटिव था। उनके साथ काम करना शानदार अनभुव रहा। चेहरे के सीन्स में मै अमिताभ बच्चन पर चिल्लाता था, जिस बात का मुझे बेहद बुरा लगा। इमरान ने बताया कि अच्छी स्क्रिप्ट मिलने पर वह अपनी सुपरहिट फिल्में राज, मर्डर और जन्नत की फ्रेंचाइजी में काम करेंगे। उन्होंने कहा कि दर्शक कुछ नया देखना चाहते हैं, यदि अच्छी स्क्रिप्ट मिले तभी वह काम करेंगे। वह दर्शकों को हर बार कुछ नया देना चाहते हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शशि भूषण सिंह द्वारा 1224, देवकाली रोड, निकट यश पेट्रोल पंप अयोध्या-224001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 05278-352045 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharayodhya@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-UPHIN/2022/84450 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अयोध्या होगा)।

## एक नजर

### फिलीपींस में भूस्खलन, मरने वालों की संख्या 98 हुई

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी प्रांत दावाओ डी ओरो में भूस्खलन से मरने वालों की संख्या 98 हो गयी है। फिलीपींस की मीडिया ने स्थानीय अधिकारियों के हवाले से शनिवार को यह जानकारी दी। फिलस्टार समाचार पोर्टल ने बताया कि कम से कम नौ लोग अभी भी लापता हैं। उल्लेखनीय है कि फरवरी की शुरुआत में हुआ भूस्खलन लगातार बारिश के कारण हुआ था। गांव का एक हिस्सा और एपेक्स माइनिंग के कर्मचारियों को ले जा रही दो बसें मलबे में दब गयी थीं।

### एलेक्सी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 हिरासत में

**मॉस्को।** रूस में विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को श्रद्धांजलि देने के दौरान 400 से अधिक लोगों को हिरासत में लिया गया है। रूस के एक अधिकार समूह ने यह जानकारी दी। नवलनी (47) की अचानक मृत्यु से रूस के कई लोगों को करारा झटका लगा है। इन लोगों को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सबसे धुर विरोधी से भविष्य में काफी उम्मीदें थीं। नवलनी को सरकार में भ्रष्टाचार और रूसी शासन प्रतिष्ठान क्रेमलिन के खिलाफ व्यापक प्रदर्शनों के लिए जाना जाता था। नर्व एजेंट के जहर से बचने और कई बार जेल की सजा पाने के बाद भी नवलनी ने पुतिन की आलोचना करना जारी रखा था। रूस के कई शहरों में सैकड़ों लोग इस राजनीतिज्ञ को श्रद्धांजलि देने के लिए शुक्रवार और शनिवार को फूलों और मोमबत्तियों के साथ राजनीतिक दमन के पीड़ितों के स्मारकों पर पहुंचे।

### कोयंबटूर में अमेरिकी उच्च शिक्षा मेला लगेगा

**कोयंबटूर।** तमिलनाडु के शहर चेन्नई में स्थापित अमेरिकी वाणिज्यिक सेवा और अमेरिकी महावाणिज्य दूतावास कोयम्बटूर में कल (सोमवार) को मुफ्त अमेरिकी उच्च शिक्षा मेले का आयोजन करेगा। मेले में अमेरिकी वाणिज्य विभाग, अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रशासन सहित कुल मिलाकर 18 अमेरिकी उच्च शिक्षा संस्थान भाग लेंगे। अमेरिकी महावाणिज्य दूत चेन्नई क्रिस्टोफर होजेस ने कहा कि अमेरिका विश्व स्तर पर अंतरराष्ट्रीय विद्यार्थी का शीर्ष मेजबान बना हुआ है।

### डेनमार्क तोपखाने का स्टॉक यूक्रेन को करेगा हस्तांतरित

कोपेनहेगन : डेनमार्क के प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिकसन ने कहा है कि डेनमार्क देश के पूरे गोला-बारूद भंडार को यूक्रेन को स्थानांतरित कर देगा। फ्रेडरिकसन ने कहा कि यूरोप में अभी भी गोला-बारूद का भंडार है जिसका ब्लॉक इस समय उपयोग नहीं कर रहा है और इसे यूक्रेन को सौंपना चाहिए। फ्रेडरिकसेन ने म्यूनिख सिक्योरिटी के इतर कहा कि यदि आप यूक्रेनियन से पूछें, तो वे हमसे अब गोला-बारूद, अब तोपखाने मांग रहे हैं। डेनिश पक्ष से, हमने अपनी पूरी तोपखाने दान करने का फैसला किया है।

# इजराइल के हमले में गाजा में 18 लोगों की मौत

**रफह (गाजा पट्टी) एजेंसी**

इजराइल ने शनिवार रात को गाजा में हमले किए, जिससे कम से कम 18 लोगों की मौत हो गई। चिकित्सा कर्मियों और चश्मदीदों ने रविवार को यह जानकारी दी। इस बीच, अमेरिका ने कहा है कि संयुक्त राष्ट्र में संघर्ष विराम प्रस्ताव पेश होने पर फिर से वह वीटो शक्ति का इस्तेमाल करेगा। अमेरिका, इजराइल का करीबी सहयोगी है। वह बंधकों को छुड़ाने के लिए इजराइल और हमास के बीच वार्ता का पक्षधर है। रफह में रातभर हुए हवाई हमले में एक महिला और तीन बच्चों सहित छह लोग मारे गए जबकि अन्य हमले में दक्षिणी शहर खान यूनिस में पांच लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा, इजराइली हमले की चपेट में आने से गाजा शहर के एक घर में रहने वाले सात लोगों की जान चली गई। वहीं, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के प्रमुख ने कहा कि दक्षिणी गाजा में सेवा देने वाला मुख्य चिकित्सा केंद्र 'नासिर अस्पताल' पिछले सप्ताह के अंत में इजराइल द्वारा की गई छापेमारी के बाद से संचालित नहीं हो पा रहा है। डब्ल्यूएचओ प्रमुख टेड्रोस अदानोम घेब्रेयेसुस ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि डब्ल्यूएचओ की एक टीम को शुक्रवार या शनिवार को अस्पताल में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि टीम मरीजों की स्थिति और चिकित्सा आवश्यकताओं का आकलन करने के लिए पहुंची थी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में अभी भी लगभग 200 मरीज हैं, जिनमें से 20 को अन्य अस्पतालों में तत्काल रेफर करने की आवश्यकता है।

## गाजा में युद्धविराम के लिए वार्ता में कोई विशेष प्रगति नहीं: कतर

**राफा, एजेंसी।** इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम के लिए मध्यस्थता कर रहे देश कतर ने कहा है कि इस दिशा में फिलहाल कोई खास प्रगति नहीं हो पाई है। कतर का यह बयान ऐसे वक्त आया है जब इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने आरोप लगाया है कि हमास के आतंकवादी अपनी 'बेतुकी मांगों' पर अड़े हुए हैं। कतर के प्रधानमंत्री शेख मोहम्मद बिन अब्दुलरहमान अल थानी ने म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में अपने संबोधन में ''मानवीय पहलू'' से जुड़ी समस्याओं का जिक्र किया। नेतन्याहू पर इस बात का बेहद दबाव है कि वह उन बंधकों को सुरक्षित लाएं जिन्हें हमास ने सात अक्टूबर को हमला करने के दौरान कब्जे में लिया था। नेतन्याहू ने कहा कि उन्होंने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के कहने पर इस सप्ताह की शुरुआत में एक प्रतिनिधिमंडल काहिरा भेजा था लेकिन उन्हें अब दोबारा भेजे जाने का कोई तुक नहीं समझ आ रहा। हमास चाहता है कि गाजा में स्थाई युद्धविराम हो और इजराइल फलस्तीन के उन सभी कैदियों को रिहा करे जो उसकी जेलों में बंद हैं। नेतन्याहू ने मिस्र के साथ लगती गाजा की सीमा पर स्थित शहर राफा में जमीनी हमले रोकने के अंततराष्ट्रीय अनुरोध की भी अनदेखी की है। वह किसी भी सूरत में हमले रोकने के पक्ष में नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हमास पर ''पूर्ण विजय'' के लिए हमले जरूरी हैं। 'एसोसिएटेड प्रेस' के पत्रकारों और अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार शनिवार को मध्य गाजा में हवाई हमलों में बच्चों सहित 40 से अधिक लोग मारे गए और कम से कम 50 लोग घायल हुए हैं। इजराइल की सेना ने कहा कि उसने हमास के खिलाफ हमले किये हैं। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि गाजा में अब तक 28,858 लोग मारे गए हैं।

# पीएमएल-एन व पीपीपी के बीच बातचीत बेनतीजा

## पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के फॉर्मूले पर नहीं बनी सहमति

**इस्लामाबाद, एजेंसी**

पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के लिए सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को लेकर पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के बीच बातचीत बेनतीजा रही। दोनों पक्षों ने हालांकि चर्चा में "महत्वपूर्ण प्रगति" का दावा किया। एक खबर में यह जानकारी दी गई है।

दोनों दलों की संपर्क एवं समन्वय समितियों (सीसीसी) के बीच शनिवार को हुई तीसरी बैठक बेनतीजा रही और दोनों ने सत्ता-बंटवारे के 'फॉर्मूले' को अंतिम रूप देने के लिए सोमवार को एक और बैठक करने का फैसला किया। बैठक के बाद पीएमएल-एन द्वारा जारी एक बयान में कहा गया है कि "मजबूत लोकतांत्रिक सरकार" की आवश्यकता पर बल देते हुए दोनों पक्षों के साथ बातचीत में "महत्वपूर्ण प्रगति" हुई है। एक संयुक्त बयान में कहा गया है, "दोनों पक्षों द्वारा रखे गए प्रस्तावों पर गहन चर्चा की गई, हालांकि पर्याप्त प्रगति हासिल हुई है, लेकिन मौजूदा मामलों को अंतिम रूप देने के लिए और विचार-विमर्श की आवश्यकता है।" नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली पीएमएल-एन ने शहबाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद के लिए नामित किया है। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा समर्थित उम्मीदवारों ने नेशनल असेंबली की 265 में से 93 सीट पर जीत हासिल की।

पीएमएल-एन ने 75 सीट जीतीं जबकि पीपीपी 54 सीट के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) भी 17 सीट के साथ समर्थन देने के लिए तैयार हो गई है। सरकार बनाने के लिए 266 में से 133 सीट की जरूरत है।

## एचआरसीपी ने पाकिस्तान में मतदान के बाद की प्रक्रिया को असंतोषजनक बताया

**लाहौर, एजेंसी।** पाकिस्तान के मानवाधिकार आयोग (एचआरसीपी) ने आठ फरवरी को हुए आम चुनावों, खासकर मतदान के बाद की प्रक्रिया की विश्वसनीयता पर चिंता जताई है। समाचारपत्र 'द न्यूज' ने रविवार को अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। देश के 51 निर्वाचन क्षेत्रों में ऑन-साइट निरीक्षण करने वाले एचआरसीपी के चुनाव निगरानीकर्ताओं की ओर से की गयी टिप्पणियों के अनुसार मतदान के दिन इंटरनेट और मोबाइल सेवाओं के राष्ट्रव्यापी निलंबन के साथ-साथ मतदान की जानकारी में अनियोजित परिवर्तन के कारण मतदाताओं को मतदान केंद्रों का पता लगाने में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। एचआरसीपी ने शनिवार को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा कि इस स्थिति ने विशेष रूप से चलने-फिरने में बाधाओं का सामना करने वाली महिलाओं, विकलांग लोगों, वरिष्ठ नागरिकों और सीमित वित्तीय साधनों वाले मतदाताओं को प्रभावित किया है। विशेष चिंता का विषय चुनाव अधिकारियों द्वारा चुनाव परिणामों की घोषणा में की जा रही लंबी देरी है। मोटे तौर पर कहें तो मतदान प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण रही। मतदान कर्मचारी आम तौर पर अच्छी तरह से तैयार और सुसज्जित थे। लगभग सभी मामलों में, मतदान एजेंटों और उम्मीदवारों को मतदान से पहले खाली मतपेटियां दिखाई गईं। साथ ही पीठासीन अधिकारी को मतदाता को देने से पहले प्रत्येक मतपत्र के पीछे मोहर लगाते और हस्ताक्षर करते देखा गया। मतपेटी हर समय सभी की नजर में थी और मतदाताओं को गुप्त रूप से अपने मतपत्रों पर मुहर लगाने की अनुमति थी। मतदान के बाद की प्रक्रिया हालांकि असंतोषजनक थी। चिंता की बात यह है कि उम्मीदवारों, मतदान एजेंटों और पर्यवेक्षकों को परिणामों के अनंतिम समेकन को देखने की अनुमति से वंचित किए जाने की खबरें भी सामने आईं। एचआरसीपी ने एक संसदीय निकाय की देखरेख में 2024 चुनावों के स्वतंत्र ऑडिट की सिफारिश की है। सुरक्षा और ख़ुफ़िया एजेंसियों को चुनावी प्रक्रिया या उसके परिणामों के प्रबंधन में कोई भूमिका नहीं निभानी चाहिए। संसद को कार्यवाहक सरकारी योजना की उपयोगिता पर भी बहस करनी चाहिए। मतदान के दिन, मतदान रुकने के बाद भी, निर्बाध सेल्युलर और इंटरनेट सेवाएं उपलब्ध होनी चाहिए। ईसीपी को चुनाव अधिनियम 2017 के तहत सभी फॉर्म 45, 46, 48 और 49 को प्रकाशित करना होगा। पीड़ित राजनीतिक दलों या उम्मीदवारों से याचिका प्राप्त होने पर, ईसीपी को करीबी मुकाबलों में मतपत्रों की पुनर्गणना का आदेश देना चाहिए, खासकर ऐसे मामलों में जहां अस्वीकृत मतपत्रों की संख्या जीत के अंतर से अधिक हो।

## 'पीटीआई' ने निर्वाचन आयुक्त, प्रधान न्यायाधीश का इस्तीफा मांगा

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने चुनाव में 'धांधली' के संबंध में एक वरिष्ठ नौकरशाह के आरोपों के बाद पाकिस्तान के मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश के इस्तीफे की मांग की है। रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त लियाकत अली चट्ठा ने शनिवार को आरोप लगाया था कि शहर में जो उम्मीदवार चुनाव हार रहे थे, उन्हें जिताया गया। उन्होंने दावा किया कि रावलपिंडी के 13 उम्मीदवारों को गलत तरीके से विजेता घोषित किया गया। उनकी टिप्पणी ऐसे समय आई है जब 'पीटीआई' ने आठ फरवरी के चुनावों में कथित धांधली के खिलाफ देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू किया है। चट्ठा ने कहा, ''मैं इन सभी गलत काम की जिम्मेदारी ले रहा हूं और आपको बता रहा हूं कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त और प्रधान न्यायाधीश भी इसमें पूरी तरह से शामिल हैं।'' चुनाव परिणामों में हेरफेर के लिए ''जिम्मेदारी स्वीकार करने'' के बाद चट्ठा ने पद से इस्तीफा दे दिया। खान की अगुवाई वाली 'पीटीआई' के एक प्रवक्ता ने मांग की कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा और प्रधान न्यायाधीश काजी फैज इसा रावलपिंडी के आयुक्त चट्ठा के खुलासे के बाद अपने पदों से इस्तीफा दें। प्रवक्ता ने कहा कि चट्ठा ने स्वीकार किया है कि 70,000 से अधिक वोटों से आगे चल रहे निर्दलीय उम्मीदवारों की जीत को फर्जी मोहरें लगाकर हार में बदल दिया गया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि चट्ठा की गवाही 'पीटीआई' के उस रुख का समर्थन करती है कि लोगों ने बड़ी संख्या में 'पीटीआई' समर्थित निर्दलीय उम्मीदवारों को वोट दिया था।

## पुलिस व इमरान खान की पार्टी के समर्थकों के बीच झड़प

**लाहौर/कराची, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी के समर्थकों की चुनाव में कथित धांधली के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के दौरान देशभर के विभिन्न शहरों में पुलिस के साथ झड़प हो गई। 'डॉन' अखबार की खबर में रविवार को बताया गया कि लाहौर में, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थक विरोध दर्ज कराने के लिए शनिवार को लाहौर प्रेस क्लब और पार्टी के जेल रोड कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो क्लिप में पुलिसकर्मी जेल रोड पर 'पीटीआई' के कार्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वाले वकील को घसीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। 'पीटीआई' के एक अन्य उम्मीदवार अली इजाज बुट्टर को भी बुजुर्ग पुरुषों, महिलाओं और एक बच्चे के साथ गिरफ्तार किया गया है। पंजाब प्रांत के कई शहरों में प्रदर्शनकारियों के इकट्ठा होने से पहले ही पुलिस प्रदर्शन स्थल पर पहुंच गई और पार्टी के कई नेताओं, उम्मीदवारों, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार कर लिया। 'डॉन' की खबर में कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक इमरान खान के आह्वान पर एकत्र हुए 'पीटीआई' कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने नारेबाजी की। कराची में, सैकड़ों 'पीटीआई' कार्यकर्ता और समर्थक शहर के सदर इलाके में पाकिस्तान निर्वाचन आयोग के सिंध कार्यालय के बाहर एकत्र हुए। प्रदर्शनकारियों ने कथित धांधली के खिलाफ नारे लगाए और न्यायपालिका एवं सरकारी संस्थानों से हस्तक्षेप करने और परिणामों में "खामियों" को सुधारने की मांग की।

# पूर्व थाई पीएम थाकसिन पेरोल पर रिहा

**बैंकॉक, एजेंसी**



थाईलैंड के दोषी पूर्व प्रधान मंत्री थाकसिन शिनावात्रा को स्व-निर्वासन से देश लौटने के छह महीने बाद रविवार को पेरोल पर रिहा कर दिया गया। शिन्हुआ के पत्रकारों ने बताया कि थाकसिन को ले जाने वाली एक कार रविवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:06 बजे बैंकॉक के एक पुलिस अस्पताल से निकली, जहाँ उन्होंने चिकित्सा उपचार करवाया।

थाई प्रधान मंत्री श्रेथा थाविसिन ने पहले कहा था कि थाकसिन की पेरोल पर रिहाई कानून के अनुरूप थी। देश के न्याय मंत्रालय के अनुसार 74 वर्षीय पूर्व प्रधान मंत्री इस महीने पेरोल के लिए स्वीकृत 930 कैदियों में से एक हैं। वह पेरोल के लिए पात्र है क्योंकि उसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है और वह एक गंभीर बीमारी से पीड़ित है। थाकसिन ने 15 साल से अधिक का अपना निर्वासन समाप्त किया और पिछले साल अगस्त में थाईलैंड लौट आए, लेकिन जल्द ही उन्हें हिरासत में ले लिया गया और कई आरोपों में आठ साल की जेल की सजा सुनाई गयी। उनकी वापसी के तुरंत बाद स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं के कारण उन्हें बैंकॉक जेल से अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था। उल्लेखनीय है कि पिछले सितंबर में थाकसिन के शाही क्षमादान के अनुरोध के बाद थाई राजा महा वजिरालोंगकोर्न ने थाकसिन की आठ साल की जेल की सजा को घटाकर एक साल कर दिया था। थाकसिन ने वर्ष 2001 से 2006 तक दक्षिण पूर्व एशियाई देश के प्रधानमंत्री के रूप में कार्य किया और वर्ष 2008 से विदेश में स्व-निर्वासन में थे।



मेला

फरीदाबाद : 37वें सूरजकुंड अंतरराष्ट्रीय क्राफ्ट मेला में उमड़ी दर्शकों की भीड़। • एजेंसी

## कवायद


सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का है अगला दौर

# सोशल मीडिया के आदी युवाओं को लत से मुक्ति दिलाने के रास्ते की खोज

**बोल्डर (अमेरिका) एजेंसी**

कई लोग सोशल मीडिया की लत की तुलना सिगरेट से करते हैं। वे कहते हैं कि सोशल मीडिया पर कितने लाइक मिले इसे देखने की इच्छा एक नयी तरह की 'धूम्रपान की तलब' है। अन्य का मानना है कि सोशल मीडिया पर बेचैनी नयी प्रौद्योगिकियों के बारे में नैतिक घबराहट का अगला दौर है।

हम अनुसंधानकार्ताओं की जोड़ी हैं जो जिसने जांच की कि सोशल मीडिया युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य को कैसे प्रभावित करता है। 75 प्रतिशत से अधिक किशोर हर घंटे अपने फोन को देखते हैं और उनमें से लगभग आधे कहते हैं कि उन्हें ऐसा लगता है कि वे अपने उपकरणों के आदी हो गए हैं। यहां कुछ बाते हैं जो उन्होंने हमें बताई हैं: ''टिकटॉक ने मुझे परेशान कर रखा है।'' ''मैं 1,000 प्रतिशत कहूंगा कि मुझे इसकी लत है।'' ''मुझे पूरी तरह से अहसास है कि यह मेरे दिमाग पर कब्जा कर रहा है, लेकिन मैं इससे दूर नहीं हो पा रहा। इससे मुझे शर्मिंदगी महसूस होती है।'' हो सकता है कि आपकी अपनी भी ऐसी ही भावनाएं रही हों।




### उत्तर की तलाश

सोशल मीडिया के उपयोग पर 2010 के शुरुआती अनुसंधान शरीर पर प्रभाव, खाने की आदतों में विकार और सामाजिक तुलना कर नकारात्मक प्रभाव दिखाते हैं। इसके विपरीत, अन्य अध्ययन सोशल मीडिया के मानसिक स्वास्थ्य लाभों की ओर इशारा करते हैं, जिसमें सामाजिक बेहतरी, मजबूत दोस्ती और विविध दृष्टिकोणों का सुलभ होना शामिल है। फिर भी अन्य अध्ययन परस्पर विरोधी परिणाम पेश करते हैं। वास्तव में, इस विषय पर अनुसंधान करते समय अनिर्णायक या मिश्रित परिणाम एक आवर्ती परिपाटी प्रतीत होती है।

### चार सप्ताह का हस्तक्षेप

हमारे मौजूदा अध्ययन में विभिन्न प्रकार की सोशल मीडिया आदतों वाले 500 से अधिक कॉलेज छात्रों ने हिस्सा लिया। छात्र ने सोशल मीडिया के साथ अपने वर्तमान संबंधों पर विचार करके शुरुआत की और फिर उन परिवर्तनों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया जो वे करना चाहते हैं। इसमें बिना सोचे-समझे 'स्क्रॉल' करने में कम समय बिताना, किसी ऐप पर प्रोत्साहित नहीं करना या शयनकक्ष में फोन लेकर न सोना शामिल हो सकता है। चार सप्ताह तक, प्रतिभागी अपने लक्ष्यों को हासिल करने की कोशिश में मिली सफलता की जानकारी देते है। वे 'जर्नलिंग' (डायरी लिखने) और मानक मनोवैज्ञानिक सर्वेक्षणों के माध्यम से अपनी भावनाओं और अनुभवों को बताते हैं।

### सकारात्मक बदलाव में लगता है समय

किसी भी व्यवहार परिवर्तन की तरह, स्वस्थ मीडिया के इस्तेमाल की आदतों को अपनाने के लिए समय, समर्पण और आत्म-चिंतन की आवश्यकता होती है। हमारा अनुसंधान कॉलेज के छात्रों पर केंद्रित है। लेकिन हमारा मानना है कि कार्य और विचार पर केंद्रित एक समान चार-सप्ताह की प्रक्रिया सभी उम्र के लोगों के लिए समग्र कल्याण में उपयोगी हो सकती है। सोशल मीडिया पर अपनी निर्भरता कम करने के लिए आप अभी कुछ व्यावहारिक कदम उठा सकते हैं।



जैसलमेर : पोखरन क्षेत्र में वायु शक्ति-2024 अभ्यास के दौरान करतब दिखाता वायुसेना का सी-17 ग्लोबल मास्टर विमान।

## सुविधा

# ब्रिटेन ने यूक्रेनियाई नागरिकों की वीजा मियाद बढ़ाई

**लंदन एजेंसी**

ब्रिटेन की सरकार ने रविवार को रूस-यूक्रेन संघर्ष के मद्देनजर देश में शरण लेने आए यूक्रेनियाई नागरिकों के लिए शुरू वीजा योजना की मियाद बढ़ा दी है। इसके साथ ही युद्धग्रस्त देश से आए यूक्रेनियाई नागरिक समान शर्तों पर ही मौजूदा मियाद खत्म होने के बाद भी 18 महीने तक देश में रह सकेंगे।

ब्रिटेन के गृह मंत्रालय ने कहा कि यूक्रेन वीजा योजनाओं में से एक के तहत ब्रिटेन में रहने वाले सभी लोग 2025 की शुरुआत से अतिरिक्त 18 महीनों के लिए यहां रहने के लिए आवेदन कर सकेंगे और अपने पूरे प्रवास के दौरान शिक्षा, रोजगार, अन्य लाभ, स्वास्थ्य देखभाल प्राप्त करने अधिकार प्राप्त कर सकेंगे। इसका अभिप्राय है कि यूक्रेन के लिए शुरू वीजा योजनाओं में से एक के तहत देश में आए यूक्रेनियाई नागरिक अब सितंबर 2026 तक ब्रिटेन में रह सकते हैं। ब्रिटेन में कानूनी आव्रजन और सीमा मामलों की मंत्री टॉम पर्सग्लोव ने कहा, ''इस क्रूर युद्ध की शुरुआत से अबतक के लगभग दो साल के कालखंड में 2,00,000 से अधिक यूक्रेनियाई और उनके परिवार के सदस्य ब्रिटेन आए हैं।

## भूराजनीतिक टकराव

# अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति क्षेत्रीय शांति के लिए खतरा

**सोल, एजेंसी**

अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति "भूराजनीतिक टकराव" को जन्म दे रही है और इससे क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए खतरा उत्पन्न हो रहा है। द. कोरिया की न्यूज एजेंसी कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) द्वारा रविवार को प्रकाशित एक लेख में ये बातें कही गयी हैं। द. कोरिया के विदेश मंत्रालय के अमेरिकी अध्ययन संस्थान के एक शोधकर्ता री जी वोन के लेख में कहा गया है कि रणनीति के शुरू के दो साल बाद वर्तमान स्थिति यह है कि अमेरिकी बिडेन प्रशासन द्वारा बनाये गये "स्वतंत्र, खुले, समृद्ध एवं स्थिर (भारत-प्रशांत ) क्षेत्र के निर्माण में बेरुखी को दिखाई दे रही है। लेख में कहा गया है कि अमेरिका की भारत-प्रशांत रणनीति ने क्षेत्र में "स्वतंत्रता" के बजाय टकराव को जन्म दे दिया है।

### हाउती ने डेनमार्क की जहाज को लक्षित कर तीन मिसाइलें दागीं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** यमन में अंसार अल्लाह आंदोलन (हाउती) द्वारा नियंत्रित क्षेत्रों से चार एंटी-शिप मिसाइलें दागी गईं। इनमें करीब तीन के जरिए लाल सागर में डेनमार्क की व्यापारी जहाज एमटी पोलक्स को निशाना बनाया। यह जानकारी अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने रविवार को दी। सेंटकॉम ने बताया कि यमन के ईरानी समर्थित हाउती-नियंत्रित क्षेत्रों से लाल सागर में चार जहाज-रोधी बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गयीं। एमटी पोलक्स या क्षेत्र में अन्य किसी जहाज के क्षतिग्रस्त होने या किसी घायल होने की सूचना नहीं है। वहीं, अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को यमनी जल क्षेत्र में एक जहाज-रोधी क्रूज मिसाइल और एक मोबाइल मानव रहित सतह जहाज (यूएसवी) के खिलाफ हमले किए।

## एयर शो

# आईएएफ की सारंग टीम सिंगापुर में दिखाएगी करतब

**सिंगापुर एजेंसी**

भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग एरोबेटिक टीम अगले सप्ताह यहां आयोजित होने वाले सिंगापुर एयरशो-2024 में अपने शानदार 'एयरोबेटिक्स' (हवाई जहाज की कलाबाजी) का प्रदर्शन करने के लिए पूरी तरह तैयार है। एयरशो के आयोजक एक्सपीरिया ने रविवार को यह जानकारी दी। आयोजकों के मुताबिक चांगी प्रदर्शनी केंद्र में 20-25 फरवरी तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय एयरशो में 50 से अधिक देशों और क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियां भाग लेंगी। इस विशाल एयरशो में भारतीय वायुसेना (आईएएफ) की सारंग हेलीकॉप्टर प्रदर्शनी टीम के 71 कर्मियों की एक टीम पांच उन्नत हल्के हेलीकॉप्टर (एएलएच) 'ध्रुव' के साथ भाग लेगी। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड द्वारा डिजाइन और परिकल्पित 'ध्रुव' हेलीकॉप्टर सभी प्रकार के मौसम में काम करने के अलावा कई तरह के मिशन में कार्य करने में सक्षम है।

## संबंध

# जयशंकर व चीन के विदेश मंत्री ने जर्मनी में मुलाकात की

**बीजिंग/म्यूनिख, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने जर्मनी में म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन से इतर मुलाकात की। म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन के वीडियो फुटेज में जयशंकर और वांग को इस कार्यक्रम से इतर एक संक्षिप्त बातचीत करते हुए देखा जा सकता है। इस सम्मेलन में अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और दुनिया भर के अन्य शीर्ष राजनयिक शामिल हुए हैं। भारत और चीन की तरफ से हालांकि दोनों विदेश मंत्रियों के बीच हुई चर्चा के बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। छह महीने से अधिक समय में दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी। दोनों की पिछली मुलाकात जुलाई में जकार्ता में आयोजित आसियान की बैठक के दौरान हुई थी।

### जयशंकर ने अल-मलिकी के साथ चर्चा की

**म्यूनिख।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने रविवार को अपने फलस्तीनी समकक्ष रियाद अल-मलिकी से मुलाकात कर युद्धग्रस्त गाजा की मौजूदा स्थिति पर चर्चा की। जयशंकर म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में भाग लेने के लिए जर्मनी में हैं। बैठक की एक तस्वीर साझा करते हुए मंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, "फलस्तीनी विदेश मंत्री रियाद अल-मलिकी से मिलकर अच्छा लगा।